जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, गुरुवार 24 अगस्त, 2023


# ऐतिहासिक

## चंद्रयान को चाँद पर मिला घर
## आपको सेजस्थान में मिले घर



KEDIA
## सेजस्थान
KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

| लॉन्चिंग प्राइस | लैंण्डिंग प्राइस |
|---|---|
| ₹3000/- Sq Ft | ₹4500/- Sq Ft |

**N P O NEW PRODUCT OFFER**

31 अगस्त, 2023 को बंद हो रहा हैं।

KEDIA®

1800 120 2323

info@kedia.com www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in | RERA No. RAJ/P/2023/2387

WALKTHROUGH QR CODE | DOWNLOAD BROCHURE | LOCATION QR CODE | ROUTE MAP | SITE TOUR 360 DEGREE

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

**चतुराई दरबारियों के लिए गुण है, साधुओं के लिए दोष। –शेख सादी**

# राज्य के कुछ विश्वविद्यालयो में अन्य प्रदेश का कुलपति स्वीकार नहीं

राजस्थान प्रदेश के सरकारी विश्वविद्यालयों में प्रांतवाद लम्बे समय से फलता-फूलता रहा है। इसके साथ बहुधा जाति वाद भी पनपता रहा है मेवाड़ क्षेत्र इस संकीर्णता से सर्वाधिक ग्रसित है। विद्या मंदिरों में शिक्षा व अनुसन्धान के अतिरिक्त और सब कुछ होता है। अभी कुछ दिनों पूर्व सुखाड़िया विश्वविद्यालय के एक पूर्व कुलपति प्रोफ. अमेरिका सिंह का विस्तृत विवरण अखबार में छपा, जिन्हें कुलपति के पद से हटा दिया था। ऐसा वाकया प्रदेश में कोई पहली बार नहीं हुआ, अपितु विश्व विद्यालय की स्थापना से ही किसी की बुरी नजर से कतिपय कुलपतिओं के साथ ऐसा हुआ है।

पहली बार मेरी नज़र में एक उत्तम विद्वान् डॉ. जी.एस. महाजनी कुलपति नियुक्त किये गए। जिनके कार्यकाल में एक अधिष्टाता और एक अनुसन्धान निदेशक में ऐसे मतभेद उपजे कि उच्च पदों पर विराजमान अधिकांश अधिकारी भी दो दलों में साफ़ तौर पर बटे नज़र आये और उस झगड़े में निष्पक्ष रहते हुए भी कुलपति कभी एक और कभी दूसरे पक्ष की तरफ प्रतीत नज़र आये। कहते हैं कुलपति महाजनी सदैव ऑफिस आने जाने के लिए अपनी निजी कार का ही उपयोग करते थे, कभी सरकारी गाड़ी उपयोग में नहीं लेते, वेतन भी वे एक रूपया प्रति माह लेते थे ऐसा सुना जाता था। संभवतः वे कार्यकाल समाप्ति से कुछ पहले ही पद छोड़ अपने गृह प्रदेश महाराष्ट्र चले गए थे। मैं उस काल में जोबनेर स्थित महाविद्यालय में डेरी विभाग में विभागाध्यक्ष था। मुझे कभी-कभी ऐकडेमिक कार्य हेतु उदयपुर आना पड़ता था। अपनी प्रत्येक विजिट में मैं कुलपति से उनके ऑफिस में मिलने जरूर जाता। मेरी स्लिप मिलते ही वे मुझे अंदर बुला लेते। मेरे दरवाजे से अंदर होते ही वे अपनी कुर्सी से उठ खड़े होते और मुझे बैठने की कहकर फिर कुर्सी पर बैठते। उनके समक्ष मैं बहुत जूनियर था... पद, अनुभव और सभी भांति शिष्टाचार में भी।

मुश्किल से एक-दो मिनट से अधिक मेरे पास बात करने को कोई विषय नहीं होता यही कहता कि किसी कार्यवश आया था समय निकाल कर आपके दर्शनों और आशीर्वाद के लिए आया हूँ। वे पूछते- 'क्या मुझसे कोई काम है?' मैं कह देता, 'नहीं सर, कोई काम नहीं।' वापिस चलने के समय मैं हाथ जोड़ कर खड़ा होता तो वे भी अपनी कुर्सी से उठ खड़े होते। मैंने ऐसी शालीनता व विनम्रता अन्य किसी कुलपति में नहीं देखी। उनके जैसा व्यक्तित्व आज तो दुर्लभ है। एक बार आसलपुर जोनबेर रेलवे स्टेशन पर वे ट्रैन से उतरकर एक प्राइवेट फज़ल बस में बैठ कॉलेज पहुंच गए, जहाँ कृषि मेला का आयोजन था। वहां पहुँच कर वे डीन से ऐसे मिले जैसे कुछ अन्यथा हुआ ही नहीं। वास्तव में उनके आगमन की पुष्टि समय से अधिकारिओं ने जोबनेर नहीं भेजी अन्यथा कॉलेज की कार उन्हें लेने स्टेशन पहुँच जाती। उनके कार्य काल में कुछ टीचर्स ने विश्वविद्यालय में व्याप्त तथाकथित नियम विरुद्ध कारगुजारिओं पर एक पीली बुलेटिन प्रकाशित की थी, जिससे वे काफी आहत हुए थे और व्यथित भी, क्योंकि वे किसी आरोप में संलग्न तो थे नही परन्तु उनकी प्रबंधकीय क्षमता पर कुठाराघात अवश्य हो गया। इस प्रकरण को इसलिए लिखा ताकि पाठकगण समझ सकें कि राजस्थान की उच्च शिक्षण संस्थाओं में केसा वातावरण निर्मित होता है।

डॉ. महाजनी के उपरांत डॉ. पृथ्वी सिंह लाम्बा कुलपति नियुक्त हुए। उन्हें हर कर्मचारी की अच्छी पहचान रहती, भले ही वे उससे कभी न मिले हों। कौन ड्यूटी के प्रति समर्पित है कौन नहीं? निकृष्ट और कामचोर उनसे सदैव बच कर रहते। मैंने देखा था उनकी गाड़ी जैसे ही स्टाफ कॉलोनी स्थित गेस्ट हाउस जोबनेर में घुसती, कुछ लोग घर में घुस जाते और कुछ छुट्टी की एप्लीकेशन देकर जयपुर चले जाते। प्रशासन की दृष्टि से डॉ. लम्बा विश्वविद्यालय के लिए सभी दृष्टि से सर्वश्रेष्ठ थे। उन्हें भी सरकार ने समय से पहले हटा दिया था लेकिन सरकार से वे दबे नहीं, सचिवालय में ही सरकार से उन्होंने बाकी बची अवधि का पूरा वेतन, भत्ते आदि सब ले लिए तब उन्होंने त्यागपत्र दे दिया। डॉ. लम्बा के जाने के बाद सरकार ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश की अगुवाई में एस.डी. सिंह जांच कमीशन गठित किया, जिसने अपनी बृहत जांच रिपोर्ट तीन भागों में छाप कर सरकार को सौंपी। लोगों के साथ किये गए अनेक पक्षपात के प्रकरण इस रिपोर्ट में निर्णय सहित समाहित हैं। लाखों रुपये इस कमीशन पर खर्च किये गये।

इसके बाद डॉ. राजनाथ सिंह कुलपति नियुक्त हुए। उन्हें भी शांति से काम नहीं करने दिया गया और एक छात्र नेता की कविताओं की पुस्तक को विमोचन करने के कारण बात का बतंगड़ बना उन्हें हटने को मजबूर कर दिया। उनके विरुद्ध भी सरकार को सुप्रीम कोर्ट में हारने की स्तिथि होने से एक प्रशासनिक अधिकारी श्री कुरूप को जांच करने और फिर बाद में उनसे सुलह करने के लिए सरकार ने लगा दिया। जांच के दौरान श्री कुरूप को डॉ. सिंह के विरुद्ध कोई भी आरोप अथवा न्याय विपरीत कुछ भी नहीं मिला बल्कि उनके शालीन सद-व्यवहार से श्री कुरूप बहुत प्रभावित हुए और उन्हें त्यागपत्र के लिए राजी कर लिया। सरकार ने उन्हें भी शेष अवधि का वेतन भत्ते देकर समय से पूर्व विदा कर दिया।

**यूनिवर्सिटी में यूनिवर्सल अथवा विश्व स्तर का कुछ भी नहीं, फिर क्यों नहीं इनको राजकीय महाविद्यालय घोषित किया जाय ? ऐसा होने पर जातिगत पक्षपात भी होते रहेंगे तो भी कुछ फर्क नहीं पड़ेगा। यदि विवेक और कौशल विकास पर फोकस हायर सेकेंडरी स्तर रहे तो आगे उच्च शिक्षा में पैदा कुंठा से कुछ राहत संभव है।**

उपरोक्त जांच के बाद डॉ. के.एन. नाग कुलपति बने, जिनके विरुद्ध भी लोगों ने मोर्चा खोल दिया, लेकिन डॉ. नाग की सरकार में अच्छी पकड़ के कारण कोई उनका कुछ कर न सका। इसी बीच सरकार ने बीकानेर में प्रथम कृषि विश्ववद्यालय स्थापित कर दिया और डॉ. नाग को वहां कुलपति बनाकर बीकानेर शिफ्ट कर दिया। परन्तु वे वहां भी जांच से नहीं बच पाए उनकी जांच श्री मंगल बिहारी आयोग ने की। बाद में नियुक्त कुलपति डॉ. हरज्ञान सिंह को भी सरकार ने निलंबित कर दिया। फलस्वरूप वे मसले को सुप्रीम कोर्ट ले गए, सरकार ने उनकी जांच भी मंगल बिहारी आयोग को सौंप दी। जांच अधिकारी को डॉ. नाग के विरुद्ध तो कुछ प्रकरण सही मिले जिसकी रिपोर्ट सरकार को प्रेषित हुयी लेकिन डॉ सिंह के विरुद्ध एक भी प्रकरण सही नहीं पाया गया। जिसकी रिपोर्ट अंग्रेजी अखबार इंडियन एक्सप्रेस में फ़्रंट पेज पर छपी। सुप्रीम कोर्ट जाते समय डॉ. सिंह को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया, इसलिए वे अपने ऊपर लगे कल्पित आरोपों पर निर्णय नहीं देख सके। और इस प्रकार राजस्थान ने एक महत्वपूर्ण सश्य वैज्ञानिक खो दिया, जिसे काफी खोजबीन कर सर्च समिति की अनुसंशा पर नियुक्त किया था।

तत्पश्चात डॉ. पटेल बीकानेर में कुलपति नियुक्त हुए वे किसी प्रकार सरकार में अपने सम्बन्धो के कारण सफल रहे। बाद में एक-दो प्रसाशनिक अधिकारी कुलपति बने। फिर उनके बाद डॉ. खगेश्वर प्रधान जो उस समय हिसार में कार्यरत थे कुलपति बनाया गया। भुवनेश्वर ओडिसा के डॉ. प्रधान पशुपालन में जाने-माने पोषण विज्ञ थे। एक साल के उपरान्त उनके विरुद्ध भी कतिपय वैज्ञानिकों ने वित्तीय घोटालों की मनगढंत रिपोर्ट जांच एजेंसी को कर दी। उन्हें जब पता चला तो वे सीधे राजभवन जाकर कुलाधिपति से विस्तृत चर्चा कर अपना त्यागपत्र दे आये। लेकिन तब तक सरकारी जांच एजेंसी में उनके विरुद्ध मामला दर्ज हो चुका था।

सुखाड़िया यूनिवर्सिटी के प्रोफ. अमेरिका सिंह पूर्व कुलपति का दृष्टांत बहुत मनोरंजक और ताजा है। प्रोफ. अमेरिका सिंह के तीन-चार डेवलपमेंट प्लान बड़े उच्च कोटि के थे जिन्हे वे आरम्भ करना चाहते थे उनमे एक उच्च विशेषता का अभियांत्रिकी महाविद्यालय स्थापित करने का भी था। मुझे नहीं पता किस कारण उन्हें कार्य नहीं करने दिया गया। परन्तु पार्शव में उनका राजस्थानी नहीं होना ही प्रमुख कारण बताया गया जो सही प्रतीत होता है।

काफी कुछ बातें उन्होंने अखवार में छपी रिपोर्ट में बता दी फिर भी अंतरंग कारण उनसे कोई पूंछे तो शायद सही कारणों का पता चल जाय। फिर भी मेरा आंकलन और सोच जो मैनें इस लेख के शीर्षक में दर्शाया है वही सत्य निकलेगा। लगभग इसी अवधि में उदयपुर की ही बी, एन प्राइवेट यूनिवर्सिटी में नियुक्त डॉ. एन.बी. सिंह को भी कार्य में बाधा डाल कर पद छोड़ने को मजबूर कर दिया। ऐसी संकुचित सोच की बस्ती जहाँ विद्या का अध्ययन होता हो छात्र को क्या हासिल होता होगा? कृषि में उच्च शिक्षा का प्रदेश में सर्वागीण पतन के बारे में मैं अपने कई लेखों में लिख चुका हूँ। जब शिक्षण चौपट हो चुकी हो तब फिर अनुसन्धान की क्या विसात वह अछूता रह जाय।

ध्यान देने की बात है कि कुलपति का चयन सरकार द्वारा गठित एक सर्च समिति द्वारा सुझाये तीन नामी व्यक्तिओं के पैनल में से किया जाता है। इस सर्च समिति में एक सदस्य सरकार का, दूसरा विश्वविद्यालय के प्रबंध मंडल द्वारा नामित और तीसरा यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन अथवा भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् से होता है। उक्त प्रकार से बने पैनल को कुलधिपति राज्य सरकार (चीफ मिनिस्टर) को उनकी अनुशंसा के लिए भेजते है। पैनल में कोई भी नाम सरकार के अनुकूल नहीं होने पर पेनल कुलाधिपति को नए नामों के लिए वापिस भेज दिया जाता है। सरकार पैनल में से एक नाम अनुमोदन कर कुलाधिपति को वांछित कुलपति के लिए आदेश जारी करने की नोटिंग के साथ वापिस भेज देती है।

इसलिए यह कहना भ्रान्ति है कि कुलपति नियुक्ति का निर्णय केवल कुलाधिपति का होता है। मुख्यमंत्री की अनुशंसा के बिना कुलाधिपति नियुक्ति नहीं करते। फिर भी किसी तुक्ष बात पर सरकार कुलपति से कुपित हो जाय तो सरकार उसे वांछित अवधि पूर्व हटाने पर तुल जाती है, और कुलपति को कई प्रकार की जांच और कोर्ट केस आदि में उलझना पड़ता है। ऐसे मामलों में दोषी अभी तक तो सरकार ही रही है और राज कोष से बिना वजह लाखों रूपए (जनता के टेक्स का) खर्च कर दिए गए फिर भी अभी तक किसी ने इस बाबत कभी कोई सवाल नहीं उठाया और न जबाव देहि फिक्स की मांग की गई। इसे डेमोक्रेसी की बहुत बड़ी कमजोरी कहें अथवा सरकारी स्तर पर धांधलेबाजी और नियमों का उलंघन और राज कोष का दुरूपयोग ?

संक्षेप में सत्तारूड पार्टी का मानसिक दिवालियापन और विपक्षी सदस्यों की विरोध नहीं जताने एवं स्वार्थ सिद्धि के लिए चुप रहने की प्रवर्ति सरकारी दोष में प्रमुख पक्ष हैं।

इस लेख के आखिर में मैं अपनी सोच फिर दोहरा रहा हूँ कि यूनिवर्सिटी में यूनिवर्सल अथवा विश्व स्तर का कुछ भी नहीं, फिर क्यों नहीं इनको राजकीय महाविद्यालय घोषित किया जाय ? ऐसा होने पर जातिगत पक्षपात भी होते रहेंगे तो भी कुछ फर्क नहीं पड़ेगा। यदि विवेक और कौशल विकास पर फोकस हायर सेकेंडरी स्तर रहे तो आगे उच्च शिक्षा में पैदा कुंठा से कुछ राहत संभव है।

लिखने को तो बहुत कुछ अभी बाकी है परन्तु पाठक उक्त विवरण से कैसा भ्रूण उच्च शिक्षा में पनप रहा है, सुगमता से विद्वान लोग आंक सकते हैं। प्रदेश का दुर्भाग्य कि उच्च शिक्षण संस्थान मल्टीप्ल रोगों से ग्रषित हैं जिसकी भरपाई उच्च शिक्षा को चुंगल चिड़िया के पंजों से मुक्त होने पर ही पैदा किये जख्म कुछ भर सकें और टेक्स देने वालों को न्याय मिल सके।

**–अतिथि सम्पादक,**
**प्रो.डॉ. वीर बहादुर सिंह,**
**( पूर्व कुलपति एवं डेयरीविज्ञ महाराणा प्रताप कृषि एवं खाद्य प्रौद्योगिकी वि.वि., उदयपुर-राज. )**

# सांभर में जमीन आवंटित होने के बाद भी मिनी स्टेडियम नहीं बन पा रहा है

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर नगरपालिका के खाते में मिनी स्टेडियम के नाम से दर्ज आराजी खसरा नम्बर 58 रकबा 18 बीघा 18 बिस्वा भूमि पर वर्ष 2017 में सेंट्रल पार्क बनाए जाने के लिए विधायक के नाम का लगाया गया शिलान्यास पट्ट पांच साल से धूल फांक रहा है। इस विशाल भूभाग पर न तो मिनी स्टेडियम के सपने साकार हो सके और न ही सेंट्रल पार्क धरातल पर नजर आ रहा है। यह भूमि आज तक वीरान पड़ी है। राज्य सरकार की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न खेलों में रूचि रखने वाले खिलाड़ियों के लिए मिनी स्टेडियम बनाए जाने के लिए भूमि आरक्षित तो कर दी लेकिन प्रदेश सरकार का खेल मंत्रालय अपनी ही इस योजना को साकार करने में कामयाब नहीं हो सका। गौरव पथ पर नवीन अदालत भवनों से पहले मुख्य मार्ग व देवयानी तीर्थ स्थल जाने वाले उप मार्ग पर स्थित इस भूमि की सुरक्षा व संरक्षा प्रदान करने के लिए इसका स्वामित्व नगरपालिका को इसलिए सौंप दिया गया था कि यहां पर अलग से खेल मंत्रालय से जुड़ा कोई विभाग नहीं है।



मिनी स्टेडियम की भूमि पर पृथ्वीराज चौहान सेंट्रल पार्क के नाम का शिलान्यास पट्ट धूल फांक रहा है

- **इस विशाल भूभाग पर न तो मिनी स्टेडियम के सपने साकार हो सके और न ही सेंट्रल पार्क धरातल पर नजर आ रहा है**
- **शिलान्यास के बाद से इस भूमि की किसी ने सुध नहीं ली, वर्तमान में भूमि पर जंगली घास-फूंस व पेड़ पौधे उगे हुये हैं**

तत्कालीन एसडीएम अशोक शर्मा (वर्तमान में एडीएम जयपुर) की मौजूदगी में नगरपालिका प्रशासन की शिकायत पर उक्त भूमि से कुछ कथित खातेदारों के कब्जे हटाकर इसे पूरी तरह से अतिक्रमण से मुक्त करवाया गया था और अल्प समय में ही मिनी स्टेडियम के लिए आरक्षित भूमि पर जयपुर की तर्ज पर सैण्ट्रल पार्क व स्टेडियम निर्माण किए जाने के लिए एक शानदार प्रोग्राम का आयोजन कर विधायक निर्मल कुमावत के द्वारा इस भूमि पर सम्राट पृथ्वीराज चौहान सैण्ट्रल पार्क स्टेडियम का निर्माण करवाए जाने हेतु 17 अक्टूबर 2017 को इसका शिलान्यास भी किया गया था। उस वक्त समारोह में मौजूद लोगों को सुनहरे सपने दिखा दिए गए। कुछ भाजपा नेताओं ने अपनी इस उपलब्धि को लेकर वाहीवाही भी लूटी। लेकिन आज तक यह यह समझ से परे है कि जब प्रदेश सरकार ने इस सम्पूर्ण भूमि को मिनी स्टेडियम के लिए रिजर्व कर रखा है तो फिर इस भूमि पर सम्राट पृथ्वीराज चौहान सैण्ट्रल पार्क स्टेडियम के दोहरे नाम का शिलान्यास पट्ट क्यों लगाया गया।

शिलान्यास के बाद से इस भूमि की किसी ने सुध नहीं ली। वर्तमान में इस लम्बी चौड़ी भूमि पर जंगली घास फूंस व पेड़ पौधों ने साम्राज्य स्थापित कर लिया है। अतिक्रमण से मुक्त करवाने के बावजूद इस भूमि की सुरक्षा के लिए अभी तक सरकारी स्तर पर कोई तारबंदी तक नहीं करवाई गई है। अभी तक इस बारे में कोई स्पष्ट जवाब देने को तैयार नहीं है कि इस भूमि पर स्टेडियम कब निर्माण शुरू होगा, इसके निर्माण के लिए खेल मंत्रालय की ओर से कब तक फण्ड उपलब्ध करवाया जाएगा। नगरपालिका की खुद की माली हालत ऐसी है कि यह काम उनके स्तर से संभव नहीं है, जब फण्ड ही नहीं है तो फिर इसका शिलान्यास किस आधार पर और जल्दबाजी में क्यों किया गया यह भी शोचनीय प्रश्न है।

# भैरुलाल बैरवा ने 10 वर्ष तक श्रमदान कर मोक्षधाम की तस्वीर बदली


**बोराज, (निसं)।** उगरियावास निवासी 87 वर्षीय भैरुराम ने अपनी पत्नी की याद में वीरान पड़ी शमशान भूमी को स्वर्ग बनाने की ठानी और ढाई सौ से ज्यादा छायादार पेड़ों का अंबार खड़ा कर दिया।

बोराज पटवारी सहायक घासीलाल कुमावत ने बताया कि भेरुलाल बैरवा ने पिछले 10 वर्षों से नियमित श्रमदान कर मोक्षधाम परिसर की तस्वीर ही बदल दी। बंजर भूमि को अपने सीमित कोष से भूमि को लेवल करवाना, पेड़ पौधे लगाना व पेड़ों को पानी पिलाना साथ ही परिसर में साफ सफाई रखना यह सब भैरू बाबा की दिनचर्या में शामिल हो गए और वीरान पड़ी शमशान भूमि को गुलजार कर दिया।

समय-समय पर उगरियावास ग्राम पंचायत प्रसाशन की ओर से विकास कार्यों के दौरान मोक्ष धाम परिसर की बाउंड्री वाल बनवाना, पक्का चबूतरा, टीनशेड वह मोक्षस्थल का पक्का निर्माण करवा कर वीरान शमशान को संवारने में सहयोग किया है। बुजुर्ग भेरु बाबा बताते हैं 10 वर्ष पूर्व पत्नी के अंतिम समय पर मोक्षधाम में एक बड़ व पीपल का पेड़ लगाने का वादा किया था तभी से ऐसी लगन लगी कि वीरान पड़ी शमशान भूमि को स्वर्ग बनाने की ठानी वह पेड़ लगाना व उनकी संभाल करना, यही जिंदगी का लक्ष्य मानकर मैं यहां सेवा में जुटा रहता हूं।

- **बंजर भूमि को अपने सीमित कोष से भूमि को लेवल करवाना, पौधे लगाना व पानी पिलाना आदि कार्य किये**


भैरू बाबा का कहना है परिसर में पानी का कनेक्शन है लेकिन पानी नहीं आता सो पेड़ों को पानी पिलाने के लिए यहां बने होद में निजी टैंकर से पानी डलवाना पड़ता है।



बोराज के मोक्षधाम परिसर उगरियावास मेंभैरू बाबा पेड़ों की सार संभाल करते है।

# श्रीमहावीर जी में 94 एमएम बारिश हुई, पांचना बांध के दो गेट खोलकर पानी निकाला

**करौली, (निसं)।** करौली जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मानसून एक बार फिर से मेहरबान हो गया है और झमाझम बारिश के चलते नदी, नालों में पानी की आवक बढ़ गई है। बीते कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस के कारण लोगों का हाल बेहाल हो रहा था। मंगलवार रात्रि को अचानक मौसम ने पलटा खाया और झमाझम बारिश का दौर शुरू हुआ बीते 24 घंटे में करौली जिले में 62 एमएम बारिश दर्ज की गई है सर्वाधिक 94 एमएम बारिश श्रीमहावीर जी और सबसे कम कालीसिल बांध पर 18 एमएम बारिश दर्ज की गई।



करौली के पांचना बांध से दो गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है।

- **झमाझम बारिश के चलते नदी, नालों में पानी की आवक बढ़ गई है**

मंगलवार रात्रि से शुरू हुआ बरसात का दौर बुधवार को प्रातः तक जारी रहा। रातभर चले बारिश के दौर के चलते जिले के सभी नदी, नाले बांध और तालाबों में पानी की आवक तेज हो गई है। जिला मुख्यालय पर मंगलवार को दिनभर बादल छाए रहे और मौसम सुहावना बना रहा। जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता सुशील कुमार ने बताया कि बीते 24 घंटे में जिले में कुल 62 एमएम बारिश दर्ज की गई है करौली में 86 एमएम, हिण्डौन में 75, सपोटरा में 22,टोडाभीम में 66, नादौती में 30,मंडरायल में 79 एवं श्रीमहावीर जी में 94 एमएम, पॉचना बाध पर 70 एमएम, कालीसिल बांध पर 18 तथा जगर बांध पर 80 एमएम बारिश दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि सपोटरा के कालीसिल बांध पर 8 इंच की चादर चल रही है जबकि मामचारी बांध पर 4 इंच की चादर चल रही है। करौली जिले के सबसे बड़े पंचना बांध में लगातार हो रही पानी की आवक के चलते दो गेट खोलकर गंभीर नदी में 2400 क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है। पांचना बांध का अधिकतम जलस्तर 258.62 मीटर के मुकाबले 258.35 मी पहुंच गया जिसके चलते बांध के गेट नंबर 2 और 4 को खोलकर 2400 क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है।

## राशिफल गुरूवार 24 अगस्त, 2023



पंडित अनिल शर्मा

द्वि. सावन मास (शुद्ध), शुक्ल पक्ष, अष्टमी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2080, विशाखा नक्षत्र प्रातः 9:04 तक, ऐन्द्रयन योग रात्रि 8:36 तक, विष्टि करण दिन 3:22 तक, चन्द्रमा आज वृश्चिक राशि में संचार करेगा।


आज सर्वार्थ सिद्धि योग दिन 9:24 से आरम्भ होगा। आज भद्रा दिन 3:22 तक है। आज दुर्गाष्टमी, दूर्वाष्टमी व्रत है। आज मेला नयना देवी और चिन्तन पूर्णा है।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-कन्या, बुध-सिंह, गुरू-मेष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:42 तक, चर 10:53 से 12:29 तक, लाभ-अमृत 12:29 से 3:41 तक, शुभ 5:17 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:06, सूर्यास्त 6:52

### मेष




अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं। आज नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

### वृष




परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक संपर्कों का विस्तार हो सकता है।

### मिथुन





विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कर्क




व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### सिंह




घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### कन्या




परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। व्यावसायिक यात्रा संभव है।

### तुला




आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

### वृश्चिक




मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### धनु




घर-परिवार के लिए अनावश्यक धन खर्च होगा। धन हानि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### मकर




आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

### कुंभ



व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन



नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBIT



**A Soldier Named Wojtek** — The bear was named Wojtek and became more than a mascot, and became just another person of the unit.

**How Pluto turned into a dwarf planet?** — On 24 August 2006, Pluto's status was downgraded from a full sized planet to a dwarf planet

# 'चंदा मामा दूर के...जल्द होंगे अब "टूर" के'

## इसरो की महान उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बधाई दी

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 अगस्त। अब जबकि भारत चांद पर पहुंच चुका है तो उससे उड़ने वाली धूल चांद की सतह से धरती तक पहुंचेगी।

रोवर को चांद पर उतारने और वैज्ञानिक परीक्षण करने से भारत को तुरंत अंतरिक्ष महाशक्ति का दर्जा मिल गया। बड़े पैमाने पर अन्तर्राष्ट्रीय मीडिया भारत का उल्लेख इसी तरह कर रहा है। यह एक बड़ी पहचान है। इस उपलब्धि के व्यापक परिणाम हैं।

- प्र.मंत्री मोदी ने दक्षिण अफ्रीका से ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए चन्द्रयान -3 की लैंडिंग को देखा और कहा, "आज सफलता की अमृत वर्षा हुई है, देश ने धरती पर सपना देखा, चांद पर साकार किया।"


विक्रम लैंडर के धरातल पर उतरने से चांद की काफी मिट्टी उड़ेगी जिसे अपने विशिष्ट गुणों के कारण "रेगोलिथ" कहा जाता है, बहुत बारीक और चिपकने वाली होती है। वह कुछ समय के लिए पूरे लैंडर को ढक देगी जिससे कुछ समय के लिए संवाद बंद हो जाएगा। धूल हटने के बाद ही लैंडर से मून रोवर बाहर निकलेगा और कुछ समय बाद सतह पर चलने लगेगा।

- अब तक विश्व के चार ही देश हैं, जो चांद पर पहुंच सके हैं, जिनमें से एक भारत है। इस महान सफलता ने भारत को विश्व में अंतरिक्ष महाशक्ति के रूप में स्थापित कर दिया है।
- भारत की यह सफलता इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे चंद दिन पहले रूस का चंद्रमा पर उतरने का प्रयास असफल हो गया था।

कुछ ही दिन पूर्व रूस के चांद पर उतरने के असफल प्रयास के बाद भारत का सफलतापूर्वक चांद पर पहुंचना भारत को एक ऐसे भौगोलिक राजनैतिक धरातल पर पहुंचा देगा जिसमें व्यापक परिवर्तन होगा।

भारत चांद पर अपना लैंडर पहुंचाने वाला विश्व में केवल चौथा देश है और वह भी अत्यंत महत्वपूर्ण वैज्ञानिक क्षेत्र में। विक्रम लैंडर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरा है, जहां ज्यादातर सूर्य की रोशनी नहीं पहुंचती। इसलिए यह माना जाता है कि अगर चांद

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



*भारत के चंद्रयान-3 ने बुधवार को चांद के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में सफल लैंडिंग कर इतिहास रच दिया है। इसी के साथ भारत चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला दुनिया का चौथा देश और चांद के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला पहला देश बन गया है। भारत की इस ऐतिहासिक सफलता की विश्व भर में सराहना हो रही है और विदेशी अंतरिक्ष एजेन्सियों सहित अनेक देशों की ओर से भारत और इसरो के लिए बधाईयों का तांता लगा हुआ है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेन्सी नासा के प्रमुख बिल नेल्सन ने भारत को बधाई दी। ब्रिटेन की स्पेस एजेन्सी ने इसरो को बधाई देते हुए कहा, इतिहास रचने के लिए इसरो को बधाई। पाकिस्तान के पूर्व सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने चंद्रयान-3 की चांद पर सफलतापूर्वक लैंडिंग को इसरो के लिये एक "खूबसूरत लम्हा" बताते हुए भारत को बधाई दी है।* ***(तस्वीर का चित्रण राष्ट्रदूत द्वारा)***

क्या आपको कम सुनाई देता है।?
ऑटोमेटिक कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
कॉकलियर इम्पलांट, ऑटिज्म
डिले स्पीच, हकलाना, तुतलाना
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
सम्पर्क- 94602 07080

## बदमाशों ने पुलिस टीम के कॉन्स्टेबल को गोली मारी

### सिर में गोली लगने से कॉन्स्टेबल की हालत गंभीर है

दौसा/जयपुर, 23 अगस्त (निसं)। बदमाशों का पीछा कर रही डिस्ट्रिक्ट स्पेशल टीम (डी.एस.टी.) के एक कांस्टेबल को बदमाशों ने गोली मार दी। गोली कांस्टेबल के सिर में लगी, जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। बुधवार को सिकंदरा थाना क्षेत्र के कालाखोह व रेटा गांव के पास डी.एस.टी. प्राप्त सूचना के आधार पर कुछ बदमाशों को पकड़ने के लिए उनका लगातार पीछा कर रही थी। बदमाश अलग-अलग वाहनों में सवार थे। दबाव बढ़ा तो वे अपने अपने वाहनों से अलग-अलग दिशा में भाग गए।

फिर पीछा कर रही पुलिस टीम भी दो भागों में बंट गई। एक बदमाश ने खुद को पुलिस से घिरा देखकर एक कांस्टेबल प्रहलाद सिंह पर फायर कर दिया। गोली कांस्टेबल के सिर में जाकर लगी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल कांस्टेबल को पुलिस की टीम ने लहू लुहान अवस्था में जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया। जहां गंभीर हालत होने के चलते घायल पुलिस कांस्टेबल को जयपुर के लिए रेफर कर दिया गया। हवाई फायरिंग कर बदमाश भी फरार होने में कामयाब रहे।

- घटना सिकंदरा थाना क्षेत्र के कालाखोह व रेंटा गांव के पास की है। पुलिस बदमाशों का पीछा कर रही थी। पुलिस के बढ़ते दबाव के कारण एक बदमाश ने कॉन्स्टेबल प्रहलाद सिंह पर गोली चला दी।
- घायल कॉन्स्टेबल को जयपुर में एस.एम.एस. के बांगड़ अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सर्जरी कर गोली तो निकाल दी गई है पर कॉन्स्टेबल की हालत अभी गंभीर है।
- पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा व उपमहानिरीक्षक दिनेश एम.एन. ने अस्पताल जाकर घायल कॉन्स्टेबल के हालचाल पूछे तथा उपचार की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कॉन्स्टेबल के परिजनों को भी धीरज बंधाया।

घटना की जानकारी मिलते ही जयपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक उमेश मिश्रा एवं जिला पुलिस अधीक्षक वन्दिता राणा सहित आला पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया। फायरिंग करने वाले बदमाश की सीसीटीवी फुटेज लेकर जिला पुलिस ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'चंद्रयान पर जो यात्री गए उन्हें सलाम'

जयपुर, 23 अगस्त (कासं)। चंद्रयान-3 की बुधवार शाम चांद पर लैंडिंग हो गई है। इसको लेकर राजस्थान समेत देशभर में पूजा-अर्चना और दुआओं का दौर रहा। हालांकि जब जयपुर में चंद्रयान-3 की लैंडिंग को लेकर खेल मंत्री अशोक चांदना से पत्रकारों द्वारा पूछा गया तो उन्होंने अजीबो-गरीब बयान दिया। चांदना ने कहा, "हम कामयाब हुए और सेफ लैंडिंग हुई, जो यात्री गए हैं हमारे, उनको सलाम करता हूं।" इस बयान के बाद से सोशल मीडिया पर लोग राजस्थान के खेलमंत्री अशोक चांदना का जमकर मजाक उडा रहे है। क्योंकि चंद्रयान-3 पर कोई भी एस्ट्रोनॉट (यात्री) नहीं है।

- खेल मंत्री अशोक चांदना ने पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की। इसके बाद दिन भर सोशल मीडिया पर चांदना का जमकर मजाक उड़ाया गया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## ई.डी. प्रमुख मिश्रा के लिए नया पद सृजित कर रही है केन्द्र सरकार

### ई.डी. प्रमुख के रूप में संजय मिश्रा का कार्यकाल 15 सितम्बर को समाप्त हो रहा है, सरकार उन्हें "चीफ इन्वैस्टिगेशन ऑफिसर" बनाने की कोशिश में है

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 अगस्त। केन्द्र सरकार द्वारा ई.डी. के प्रमुख संजय मिश्रा की सेवाएं बढ़ाने के लिए, भारत का प्रथम मुख्य अन्वेषण अधिकारी (चीफ इन्वैस्टिगेशन ऑफिसर) नियुक्त करने का प्रयास बहुत बड़े राजनैतिक विवाद को जन्म दे रहा है।

एक प्रकाशित समाचार के अनुसार केन्द्र सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार एवं रक्षा सेनाओं के प्रमुख की तर्ज पर मुख्य अन्वेषण अधिकारी का पद गठित करना चाहती है। इस पद पर संजय मिश्रा को नियुक्त किया जाएगा, जिनका ई.डी. के निदेशक के रूप में कार्यकाल 15 सितम्बर को समाप्त हो रहा है। यदि यह प्रस्ताव स्वीकृत हो गया तो सी.बी.आई. और ई.डी. दोनों के निदेशक मुख्य अन्वेषण अधिकारी को रिपोर्ट करेंगे।

- चीफ इन्वैस्टिगेशन ऑफिसर (सी.आई.ओ.) पद के सृजन के प्रस्ताव पर अमल हो गया तो सी.बी.आई. और ई.डी. चीफ उन्हें ही रिपोर्ट करेंगे।
- केन्द्र सरकार ई.डी. चीफ के रूप में संजय मिश्रा का कार्यकाल तीन बार बढ़ा चुकी है, अभी वे तीसरे सेवा विस्तार पर हैं, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने न केवल 15 सितम्बर तक सीमित कर दिया, बल्कि, आगे सेवा विस्तार पर भी रोक लगा दी।

संजय मिश्रा को ई.डी. प्रमुख के रूप में तीसरी बार सेवा विस्तार दिया गया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने घटा दिया। मिश्रा के सेवा विस्तार के विरूद्ध दायर कई याचिकाओं की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इस विस्तार को "अवैधानिक" बताया और सरकार को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## खड़गे ने चन्द्रयान-3 की सफलता पर बधाई दी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 अगस्त। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को चन्द्रयान-3 की सफलता का स्वागत करते हुये, इसे सभी भारतीयों की सामूहिक सफलता एवं 6 दशक से चल रहे भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की एक और उपलब्धि बताया है।

- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, यह हरेक भारतवासी की सफलता है और भारत के 60 दशक लम्बे स्पेस कार्यक्रम की महान उपलब्धि।

उन्होंने कहा, "हम अपने वैज्ञानिकों, अंतरिक्ष इंजीनियरों, शोधकर्ताओं तथा इस

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'नॉर्थ ईस्ट के विशेष प्रावधान को टच नहीं करेंगे'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 अगस्त। अनुच्छेद 370 से संबंधित दलीलों की सुनवाई के दौरान, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बुधवार को संविधान पीठ के समक्ष कहा कि केन्द्र सरकार पूर्वोत्तर राज्यों या देश के किसी भी अन्य हिस्से में लागू होने वाले संविधान के विशेष प्रावधानों के मामले में हस्तक्षेप करने का कोई इरादा नहीं है।

- केन्द्र सरकार ने धारा 370 से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट को आश्वासन दिया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राजस्थान हाई कोर्ट ने मेयर मुनेश गुर्जर के निलम्बन पर रोक लगाई

### हैरिटेज नगर निगम की मेयर मुनेश गुर्जर को 5 अगस्त को राज्य सरकार ने मेयर और पार्षद पद से निलम्बित कर दिया था

जयपुर, 23 अगस्त (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने मुनेश गुर्जर को हैरिटेज निगम मेयर और पार्षद पद से निलंबित करने के गत पांच अगस्त के आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले की सुनवाई 18 सितंबर को तय की है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह की एकलपीठ ने यह आदेश मुनेश गुर्जर की याचिका में दायर स्टे प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए दिए। अदालत ने माना कि राजस्थान नगर पालिका अधिनियम की धारा 39 के प्रावधान के तहत बिना प्रारंभिक जांच किए याचिकाकर्ता को पद से हटाना गलत है।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने अदालत को कहा कि अदालत भले की निलंबन आदेश पर रोक लगा रही है, लेकिन उन्हें यह छूट दी जाए कि यदि अन्य मामले में याचिकाकर्ता का पुनः निलंबन किया जाता है तो उसे अदालत की अवमानना नहीं माना जाए। जैसा कि विदित है कि हैरिटेज निगम में अतिरिक्त आयुक्त राजेन्द्र वर्मा के साथ अभद्रता और उन्हें महापौर कार्यालय में बंधक बनाकर जबरन टेंडर पत्रावलियों पर हस्ताक्षर कराने का दवाब बनाने के मामले में न्यायिक जांच फिलहाल लंबित है। राजेन्द्र वर्मा ने महापौर मुनेश गुर्जर, उपमहापौर असलम फारूखी समेत एक दर्जन पार्षदों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई थी। साथ ही स्वायत्त शासन निदेश हृदयेश शर्मा को भी शिकायती पत्र भेजा था।

- हाई कोर्ट ने कहा कि, राजस्थान नगर पालिका एक्ट की धारा 39 के तहत याचिकाकर्ता को प्रारंभिक जांच के बिना पद से हटाना गलत है।
- याचिकाकर्ता मुनेश गुर्जर के वकील ने कहा कि, उनकी मुवक्किल को सरकार ने ए.सी.बी. की प्रैस विज्ञप्ति के आधार पर ही रातोंरात निलम्बित कर दिया, प्रारंभिक जांच तक नहीं की।
- याचिका कर्ता के वकील ने यह भी कहा कि, ए.सी.बी. ने प्रैस विज्ञप्ति में मुनेश गुर्जर के पति को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार करने की बात कही थी, जबकि अगले दिन इस बारे में दर्ज एफ.आई.आर. में इसका जिक्र तक नहीं था।
- मुनेश गुर्जर पर आरोप लगाया गया है कि, उनके पति ने उनकी मौजूदगी में पट्टा जारी करने के लिए दो लाख रू. लिए थे तथा उनके घर से 40 लाख रू. बरामद होना बताया गया था।

महाधिवक्ता के इस बयान पर कि किसी अन्य मामले में तत्कालीन महापौर को निलंबित किया जा सकता है, पर याचिकाकर्ता ने कहा कि बिना तय प्रक्रिया अपनाए निलंबन नहीं किया जा सकता। इस दौरान अदालत ने राज्य सरकार को छूट दी की वह चाहे तो राज्य सरकार से परामर्श कर निलंबन आदेश को वापस ले सकती है। इस पर महाधिवक्ता ने कहा कि यह पहले से ही तय हो चुका है कि निलंबन आदेश वापस नहीं लिया जाएगा। इस पर अदालत ने निलंबन आदेश पर रोक लगा दी।

याचिका में अधिवक्ता विज्ञान शाह ने बताया कि गत पांच अगस्त को राज्य सरकार ने आनन फानन में आदेश जारी कर मुनेश गुर्जर को पार्षद और मेयर पद से निलंबित कर दिया। उन पर आरोप है कि उनके पति ने पट्टे जारी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

अब, आ गया है
नया
कायम चूर्ण
एडवांस
गुलाबपत्ती, एरंडतेल के गुणो के साथ




दानेदार स्वरुप में अधिक दमदार, अधिक असरदार
कब्ज़, एसिडिटी, गैस में संपूर्ण राहत

# जयपुर की 8 सीटों पर 146 नेताओं ने दावेदारी जताई

## अब जिला कांग्रेस कमेटी में पेश किये जा सकेंगे बायोडाटा, उसके बाद पीईसी मेंबर तय करेंगे पैनल

**जयपुर**, (का.प्र.)। विधानसभा चुनाव की तैयारी के चलते प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर जयपुर शहर की आठ विधानसभा क्षेत्रो के ब्लॉक अध्यक्षों द्वारा बुधवार को अंतिम दिन टिकट चाहने वाले दावेदारों के कुल 146 आवेदन शहर जिला कांग्रेस कमेटी में जमा कराए गए।

जयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष आर आर तिवाडी ने बताया कि शहर की 8 विधानसभा क्षेत्र में सांगानेर से 25, सिविल लाइन से 4, किशनपोल से 12, हवामहल से 18, मालवीय नगर से 25, आदर्श नगर से 6, विद्याधर नगर से 17, बगरू से 43 कांग्रेस टिकट चाहने वालों के आवेदन प्राप्त हुए। जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी में प्राप्त आवेदनों की जांच कर आगामी 3 दिनों में प्रदेश कांग्रेस की ओर से नियुक्त चुनाव प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह व मंत्री साले मोहम्मद से चर्चा कर उम्मीदवारों के संभावित पैनल तैयार करेंगे, इसके पश्चात प्रदेश कांग्रेस को सोपे जाएंगे।

जिन दावेदारों ने किसी कारणवश ब्लॉकों की बैठक में आवेदन जमा नहीं कराये, वे 25 व 26 अगस्त के बीच में जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी में बायोडाटा जमा कर सकते हैं।

बुधवार को सांगानेर से पुष्पेंद्र भारद्वाज, सीताराम शर्मा नेहरू, विष्णु लाटा, रामेश्वर नेताजी विभूतिभूषण, पप्पू लाल प्रजापति, धर्म सिंह सिंघानिया, रामू शर्मा ने दावेदारी जताई।

हवामहल से महेश जोशी, ब्रजकिशोर शर्मा, ज्योति खंडेलवाल, सुनील शर्मा, रोहित जोशी, रूबी खान, कविता मिश्रा, अनवर अहमद, पौरुष भारद्वाज ने दावेदारी जताई। सिविल लाइन से प्रताप सिंह खाचरियावास, राजकुमार शर्मा, राजेश कर्नल, ओम राजोरिया ने दावेदारी जताई।

किशनपोल से अमीनुद्दीन कागजी, आयशा सिद्दीकी, ज्योति खंडेलवाल, इकबाल खान, युसूफ अली टाक, राजू खान ने दावेदारी जताई। इसी तरह से मालवीय नगर से अर्चना शर्मा, राजीव अरोड़ा, महेश शर्मा, पवन गोयल, संजय बापना, कमल शर्मा, सुशील शर्मा, विमल यादव, रोमा जैन, महावीर सोगानी, गिरीश पारीक ने आवेदन किया।

## भाजपा के विशेष अभियान में बनाए सैंकडो सदस्य : अरूण सिंह

**जयपुर**। भाजपा के विशेष सदस्यता अभियान के तहत प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह ने बुधवार को जयपुर के राय जी की हवेली गंगापोल जयपुर में करीब दर्जन भर से ज्यादा घरों में सदस्यता अभियान के तहत भाजपा के नए सदस्य बनाए और लोगों से संवाद किया। इस दौरान स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह ने कहा कि भाजपा के सदस्यता अभियान "मेरा परिवार भाजपा परिवार" के तहत पूरे प्रदेशभर में अभियान चलाया जा रहा है। सारे प्रदेश से जो सूचनाएं आ रही है, उनको देखकर लगता है कि लोगों में भाजपा के प्रति गजब का उत्साह है। प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह ने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस राज से आहत है। मौजूदा समय में प्रदेश की जनता जंगलराज से परेशान है। आए दिन हत्या, डकैती और अपहरण की घटनाएं घट रही हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री जो कि गृहमंत्री भी हैं वे प्रदेश में हो रहे अपराधों को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। अभी तक मुख्यमंत्री ने विधानसभा में प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर एक बार भी नहीं बोला। आम जनता अपराध और कुराज से परेशान है, लेकिन मुख्यमंत्री अपनी झूंठी घोषणाओं के प्रचार में व्यस्त हैं।

# राजस्थान की जनता गृहलूट सरकार से मुक्ति चाहती है : अनुराग ठाकुर



केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल मामलात मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय पर प्रेसवार्ता को संबोधित किया।

**जयपुर**। प्रदेश में दुष्कर्म और महिला उत्पीडन सहित दलित अत्याचार की घटनाओं में बेतहाशा बढोतरी को लेकर केंद्रीय सूचना प्रसारण एंव खेल मामलात मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रदेश कार्यालय पर प्रेसवार्ता को संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि एक दिन में 17 दुष्कर्म की घटनाएं और वह भी राजस्थान जैसे शांतिपूर्ण प्रदेश में। बहन बेटियों के खिलाफ इस तरह के अपराध बताते हैं कि प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। दस लाख अपराध के मामले, जिसमें से दो लाख महिला उत्पीडन के और तीस हजार मामले दुष्कर्म के दर्ज होना वाकई बेहद डरावना आंकडा है। केंद्र की मोदी सरकार ने हमेशा राजस्थान की जनता का ख्याल रखा है इसको समझने के लिए आप देखिए जहां पूर्व की यूपीए सरकार ने दस साल में राजस्थान को महज एक लाख करोड दिये। वहीं मोदी सरकार ने नौ साल में चार लाख करोड

> ■ 'पर्यटन के लिए जाना जाने वाला राजस्थान आज दुष्कर्म और अपराध के नाम से जाना जाता है'

रूपए राजस्थान को दिये हैं।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि एक्सप्रेस-वे की बात करें तो दिल्ली-मुंबई और अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस वे अपने आप में इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट का अनोखा उदाहरण है। वंदे भारत ट्रेन, 23 नये मेडिकल कॉलेज, उज्जवला योजना, पीएम आवास योजना, वन रैंक वन पेंशन जैसी योजनाओं से हिमाचल, राजस्थान, उत्तराखंड और हरियाणा के सैनिकों को लाभ मिला है। भारत आज इंग्लैंड को पीछे छोड़कर विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। वहीं प्रतिदिन देश में 38 से 40 किलोमीटर सड़क प्रतिदिन बन रही हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि राजस्थान में दलित परिवारों के खिलाफ अत्याचार बढ रहे हैं। इसी सप्ताह अलवर के शाहजहांपुर में एक आठ वर्षीय दलित बच्चे की हत्या कर दी गई। अभी तक पुलिस उसके हत्यारों को पकड नहीं पाई। प्रदेश में बीते पौने पांच सालों में 7500 निर्दोष नागरिकों की हत्या और भीलवाडा जैसी दुष्कर्म की जघन्य घटनाएं होने के बावजूद राहुल गांधी बांसवाडा में सभा करके लौट जाते हैं। यदि राहुल गांधी को दलित आदिवासियों की इतनी चिंता है तो वे पीडित परिवारों से मिलने क्यों नहीं जाते। प्रियंका गांधी कहती हैं कि लड़की हूं लड़ सकती हूं लेकिन राजस्थान में दुष्कर्म के खिलाफ लड़ने वे क्यों नहीं आती।

## स्काउट-गाइड के एकता शिविर का आयोजन

**जयपुर**, (का.सं.)। उत्तर पश्चिम रेलवे भारत स्काउट एवं गाइड के द्वितीय एकता शिविर का आयोजन 22 से 25 अगस्त तक जगतपुरा स्थित रेलवे सामुदायिक भवन में किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे भारत स्काउट एवं गाइड के राज्य आयुक्त/स्काउट एवं मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशिकिरण ने बताया कि बिगत एकता शिविर 2021 में आयोजित किया गया था, इसके बाद 22 से 25 अगस्त तक द्वितीय एकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में उत्तर पश्चिम रेलवे के चारों मंडलों एवं मुख्यालय से लगभग 300 स्काउट एवं गाइड भाग ले रहे हैं। शिविर में प्रतिभागी कैंप क्राफ्ट, पायनियरिंग, फर्स्ट एड मार्च पास्ट, वैश्विक ग्रामीण विकास की अवधारणा, लोक नृत्य, ड्राइंग एंड पेटिंग, यूथ गॉट टैलेंट, क्विज आदि कौशल विकास की प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेंगे एवं अपना हुनर दिखाएंगे। शुभारम्भ समारोह में अध्यक्ष उत्तर पश्चिम रेलवे भारत स्काउट एवं गाइड पुनीत चावला ने अपने संबोधन में कहा कि स्काउटिंग एक ंदोलन है जिसमें बच्चों से बड़ों तक में उच्च कोटि की नैकिता व योग्यता का विकास होता है। स्काउटिंग का उद्देश्य शारीरिक सामाजिक तथा आध्यात्मिक विकास के साथ जिम्मेदार नागरिक का निर्माण करना है।

# हाईवे पर आवारा पशु रोकने के लिए क्या कार्रवाई की?

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक को शपथ पत्र पेश कर बताने को कहा है कि हाईवे पर आवारा पशुओं की रोकथाम के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं। वहीं की गई कार्रवाई से आवारा पशुओं के आवागमन पर क्या प्रभाव पडा है। सीजे एजी मसीह और जस्टिस समीर जैन की खंडपीठ ने यह आदेश ताराचंद शर्मा की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि वे हाईवे पर पशुओं के आवागमन को लेकर एनएचएआई की जिम्मेदारी तय करने के संबंध में अन्य तथ्य पेश करना चाहते हैं। ऐसे में मामले की सुनवाई टाली जाए। इस पर अदालत ने मामले की सुनवाई 4 अक्टूबर को तय करते हुए एनएचएआई के परियोजना निदेशक से इस संबंध में शपथ पत्र पेश करने को कहा है।

जनहित याचिका में कहा गया कि जयपुर से कोटा जाने वाले राजमार्ग पर आवारा पशुओं को जमावडा रहता है। जिसके चलते यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। हाईवे पर पशुओं को बचाने के चक्कर में कई बार हुई दुर्घटनाओं में लोगों की मौत भी हुई है। हाईवे दोनों तरफ से खुला होने के चलते यहां कई आवारा पशु आसानी से आ जाते हैं। एनएचएआई की जिम्मेदारी है कि वह हाईवे पर यात्रियों की सुरक्षित और सुचारू यात्रा सुनिश्चित करे। इसके बावजूद भी एनएचएआई अपनी जिम्मेदारी पूरी करने में सफल नहीं हुआ है। हाईवे पर वाहन चलाने के लिए टोल वसूला जाता है, लेकिन सडक़ों के हालात खराब है। इसलिए प्राधिकरण को निर्देश दिए जाए की वह राजमार्गों पर आवारा पशुओं की आवाजाही को रोके। जिससे यात्री सुरक्षित तरीके से अपनी यात्रा पूरी कर सके।

## चन्द्रयान-तीन की सफल लैंडिंग पर बधाई दी

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश कार्यालय पर चंद्रयान-3 की लैंडिंग को लेकर कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। राजस्थान के प्रभारी अरुण सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हमेशा सकारात्मक के साथ आगे बढाने के लिए तहे दिल से बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं दीं।


**आम सूचना** दि. 22.08.2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य वैध रामचरण शर्मा पुत्र स्व. शम्भूदयाल शर्मा निवासी सिकराय हाल निवासी 24 लवकुश नगर प्रथम जयपुर (राजस्थान) का पुश्तैनी पुख्ता मकान वार्ड नम्बर 15 विजय नर्सिंग होम के पास पुलिस थाने के पीछे, प्रकाश बोहरा बिजली वाला के सामने बांदीकुई (दौसा) में स्थित है। तथा उक्त मकान में उनका व उनके भाईयों का संयुक्त मालिकाना हक है तथा जिसे मेरे अभिभाष्य का भाई गिरधर शर्मा निवासी सिकराय तहसील सिकराय जिला दौसा (राजस्थान) स्वंय की सम्पत्ति बताकर उसे बिना अन्य सहस्वामीयों की सहमति के रहन, बय कब्ला विगलन अथवा करार करना चाहता है। इसलिये जो भी संस्था, व्यक्ति अथवा निकाय उक्त वर्णित सम्पत्ति का क्रय करेगा, रहन रखेगा, कब्जा प्राप्त करेगा या करार करेगा। उन्हें उक्त वर्णित सम्पत्ति में कोई हक व अधिकार प्राप्त नहीं होगे तथा ऐसा अन्तरण, व्ययन, करार व कब्जा विगलन विधितः प्रारम्भतः प्रभाव शून्य होगा तथा इसके हर्जे खर्चे का स्वंय अन्तरिती, व्ययनग्रहिता, करारग्रहिता, कब्जा प्राप्तकर्ता ही जिम्मेदार होगा तथा उसके विरुद्ध मेरा अभिभाष्य व अन्य सहस्वामीयों द्वारा विधिक कार्यवाहीयाँ भी सक्षम न्यायालय में संस्थित की जावेगी। अतः सूचित रहें। भवदीय

विनोद शर्मा (एडवोकेट), मो. 9166943815


## दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। भट्टाबस्ती थाना पुलिस ने युवती से दुष्कर्म कर फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया गिरफ्तार आरोपित रफीक लुहार (27) लुहारों का टीला, राजीव नगर कच्ची बस्ती, भट्टाबस्ती का रहने वाला है। आरोपित युवती से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहा था, जिसे गिरफ्तार कर जेल भिजवाया गया है।

# भाजपा अनुसूचित जाति का प्रतिनिधि सम्मेलन आज

**जयपुर**। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के तत्वाधान में गुरुवार को जयपुर मानसरोवर के दीप स्मृति ऑडिटोरियम में, प्रदेश स्तरीय अनुसूचित जाति प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित होगा। मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मेघवाल ने बताया कि अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रतिनिधि सम्मेलन में पूरे प्रदेश से हजारों कार्यकर्ता सम्मेलन का हिस्सा बनेंगे तथा मोदी सरकार की अनेकों लाभकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए राजस्थान में कांग्रेस सरकार की नाकामियों को जानते हुए एक सैनिक की तरह तैयार होकर चुनावी हुंकार भरेंगे।

प्रतिनिधि सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री व विधानसभा चुनाव प्रभारी प्रह्लाद जोशी, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ अरुण सिंह, सहप्रभारी विजया रहाटकर, मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य, राष्ट्रीय महामंत्री डॉ भोलासिंह, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्रसिंह राठौड, प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर का मुख्य रूप से उद्बोधन होगा। सम्मेलन में, राजस्थान के अनुसूचित जाति भाजपा सांसद-पूर्व सांसद, विधायक-पूर्व विधायक, जिला प्रमुख- पूर्व जिला प्रमुख, प्रधान-उपप्रधान, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच और मोर्चा के राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारी एवं जिलाध्यक्ष, छात्र नेता के साथ-साथ प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से 20-20 सक्रिय कार्यकर्ता भाग ले रहे है।


**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्लाट नम्बर 112 में निर्मित फ्लेट नम्बर 203 फर्स्ट फ्लोर स्कीम नम्बर 11, परमहंस कॉलोनी, महापुरा कुकरखेडा मुरलीपुरा, जयपुर, राज. में स्थित हैं। जिसका बिल्टअप एरिया 940 वर्गफीट हैं। जिसको मेरे पिताजी स्व. श्री प्रदीप कुमार गोयल ने जरिये विक्रय पत्र क्रय किया था। मेरे पिताजी का स्वर्गवास दिनांक 18.02.2022 हो चुका हैं तथा मेरी माताजी का स्वर्गवास दिनांक 17.03.2015 को व मेरी दादी का स्वर्गवास दिनांक 21.07.2017 को हो गया हैं अब उक्त फ्लेट का मैं श्री कृष्ण कुमार गोयल पुत्र स्व. श्री प्रदीप कुमार गोयल एक मात्र मालिक व स्वामी हूं तथा मेरे अलावा मेरे पिताजी के अन्य कोई वारिस या उत्तराधिकारी नही हैं। यदि इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है तो मय दस्तावेज प्रकाशन तिथी से सात दिवस तक की अवधि में मेरे कार्यालय में सम्पर्क करे। उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी व शून्य समझी जावेगी। सूचित रहे। मो- 9829063273

B. C. Shankla Advocate, Rajasthan High Court, B-21, Chitrakoot Stadium, Vaishali Nagar, Jaipur, Mob. 9829063273



**सार्वजनिक सूचना** मेरे अभिभाष्य नवनाथ आटपाडकर निवासी म.नं.1740 जाट के कुए का रास्ता, चांदपोल बाजार, जयपुर की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सम्बन्धित पक्षकार श्री रामनारायण उर्फ राम नारायण छीपा पुत्र श्री तुलसीराम छीपा ने अपने हक, स्वामित्व व अधिकार का एक भवन मकान नं.3196, भगत निवास, जाट के कुए का रास्ता, चांदपोल बाजार, जयपुर का दिनांक 26.07.2023 को विक्रय अनुबन्ध निष्पादित किया है।

अतः उपरोक्त वर्णित भवन के स्वत्वाधिकार के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से सात दिवस के भीतर स्वत्व अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

(अमित शर्मा) एडवोकेट, मो.-7297816964



**शोक सन्देश**



हमारी पूज्यनीय बहन **श्रीमती बिदाम देवी** (धर्मपत्नी स्व.श्री चिरंजीलालजी मेठी) निवासी गोवर्धनपुरा (टहला, तहसील-राजगढ़) अलवर का देवलोकगमन 18/08/2023 को हो गया। शोकसभा निवास स्थान- गोवर्धनपुरा अलवर पर होगी।

**शोकाकुल-** राधेश्याम, रामजीलाल (भ्राता), गीता देवी (भाभी), देशबन्धु, विश्वबन्धु, रविन्द्र, सुधीन्द्र, तिलकराज, आत्मबंधु, धर्मेन्द्र, लोकेश, प्रशान्त, विकेश एवं समस्त तमोलिया परिवार (बसवा वाले) बिमला- ओमप्रकाशजी शाहरा (बहन- बहनोई), सुनिता- मनोहरलालजी, भारती- महेशजी, पूजा- लोकेशजी (भतीजी-जवाँई)

**तीये की बैठक**



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीय माताजी **श्रीमती रामप्यारी देवी** (पत्नी स्व.श्री शंकरलाल मीणा) का स्वर्गवास मंगलवार, 22.08.2023 को हो गया है। तीये की बैठक 24.8.2023 को दोपहर 2:00 से 4:00 बजे निवास स्थान- 12 बीघा की ढाणी, डी. एच. हॉस्पिटल के सामने, लूनियावास, गोनेर रोड, जयपुर पर होगी।

**शोकाकुल-** प्रभात, जगदीश (भ्राता), मंगलराम, गंगाराम, श्रवण, बद्री, प्रहलाद, अर्जुन, मुरारी, फैली, हरीश, सत्यनारायण (पुत्र), राहुल, चन्द्रप्रकाश, ललित, गिर्राज, आशीष, रंगलाल, प्रीतम, अनिल, अजय, आयुष, चीकू (पौत्र) एवं समस्त बडगोती परिवार।

मो.- 9352801276, 9314775221


# प्रदेश में गहराए बिजली संकट के खिलाफ भाजपा करेगी प्रदर्शन : राजेन्द्र राठौड़

**जयपुर**। प्रदेश में गहराते बिजली संकट को लेकर नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड ने आज प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में जारी बिजली संकट को लेकर कल से भाजपा शहरी क्षेत्र में एईएन कार्यालय और ग्रामीण क्षेत्र में जहां भी जीएसएस होंगे वहां काली पट्टी बांधकर धरना प्रदर्शन करेगी। जिन जगहों पर बिजली गुल होगी, वहां युवा मोर्चा लालटेन और कैंडिल मार्च करेगा। भाजपा आंदोलन करके सरकार को मजबूर करेंगी सरकार को उसका वादा याद दिलाएगी कि सरकार ने आम उपभोक्ता को सस्ती बिजली देने की घोषणा की थी।

राठौड़ ने कहा कि प्रदेश की गहलोत सरकार ने विधानसभा में दंभ भरते हुए कहा था कि 23 हजार 309 मेगावाट बिजली के साथ राजस्थान बिजली में सरप्लस राज्य बन गया है। सरकार ने जनता को 100 यूनिट मुफ्त बिजली और फ्यूल सरचार्ज से मुक्त करने का वादा भी किया था।

> ■ 'बिजली गुल होने पर भाजयुमो उस क्षेत्र में निकालेगा लालटेन मार्च और कैंडल मार्च'

जबकि प्रदेश में आज हालात यह है कि शहरी क्षेत्र में 5 से 6 घंटे की बिजली कटौती और ग्रामीण क्षेत्रों में सात से नौ घंटे तक बिजली कटौती जारी है। एक तरफ सारा बिजली तंत्र ठप्प हो गया, बिजली विभाग की सबसे मजबूत कडी कनिष्ठ अभियंता हडताल पर हैं। नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि बिजली संकट गहराने के बाद कल सरकार ने कहा कि हम महंगी बिजली खरीदेंगे। पूर्व में भी सरकार ने खुदके थर्मल पावर प्लांट बंद करके महंगी बिजली खरीदी थी। जबकि राजस्थान में सरकार ने खुदके "सात" थर्मल पावर प्लांट हैं जिनकी क्षमता 2740 मेगावाट बिजली उत्पादन की है। इन सभी थर्मल पावर प्लांटों को कोयले की गुणवत्ता और रखरखाव के नाम पर बंद कर रखा है। गहलोत सरकार बिजली की कमी बताकर कोयले की कमी बताकर महंगी बिजली खरीदकर संस्थागत भ्रष्टाचार को अंजाम दे रही है। गहलोत सरकार ने दावा किया था कि आम उपभोक्ता को सौ यूनिट मुफ्त बिजली दी जाएगी। लेकिन जनता के हाथ में बढे हुए बिल थमा दिये जाते हैं। प्रदेश में अंधेर नगरी चौपट राजा वाली कहावत चरितार्थ हुई। साफ दिख रहा है कि सरकार की कथनी और करनी में मोटा फर्क है।


**खोया पाया**

मेरे प्लाट नंबर बी-59 गंगासागर, वैशाली नगर, जयपुर के मूल समस्त दस्तावेज कहीं गुम हो गए है मिलने पर सूचित करें- अनिल ओझा 9414781978

मेरा राजस्थान फार्मेसी काउन्सिल/ट्रिब्यूनल द्वारा जारी फार्मासिस्ट पंजीयन प्रमाण पत्र संख्या 54441 जारी दिनांक 13.03.2020 कहीं खो गया है, जो इस समय मैसर्स राज मेडिकल्स ड्रग लाइसेंस संख्या 2020-21/52593 पर अंकित था। मिलने पर उक्त पते पर पहुंचाने का श्रम करें। नाम एवं पता- राजेन्द्र चौधरी जालसू कला, डेगाना-341514, नागौर (राज.)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मकान संख्या 162/160 प्रताप नगर सेक्टर-16, जोन 162 सांगानेर जयपुर पर केवलराम जाटव पुत्र हरमिन्दर जाटव के द्वारा एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड से ऋण (ऋण खाता संख्या 633671238) प्राप्त किया गया था। एवं उनके द्वारा अपनी मिल्कियत उक्त मकान संख्या 162/160 प्रताप नगर सेक्टर-16 जोन 162 सांगानेर जयपुर के असल दस्तावेजात एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड में रखे हुए है। केवलराम जाटव की दिनांक 13.05.2022 को मृत्यु हो चुकी है तथा उक्त सम्पत्ति के पेटे लिए हुए ऋण की पूर्ण अदायगी एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड को की जा चुकी है। श्रीमती राजकुमारी पत्नी केवलराम उक्त सम्पत्ति के असल दस्तावेजात को प्राप्त करना चाहती है। यदि इस संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज सूचना प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस की अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता या एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड शाखा विज्ञान नगर कोटा के समक्ष लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद सूचना कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

संदीप जैन एडवोकेट
583-ए तलवण्डी, कोटा
मो. 9829180432



**नाम परिवर्तन**

मैं No. JC-388182X सूबेदार मूल सिंह निवासी 15, मां.इन्द्र विहार-ए, कालवाड रोड, गोकुलपुरा, झोटवाडा, जयपुर (राज.) मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम जानवी राठौड गलत दर्ज है सही नाम जान्हवी राठौड है। शपथ पत्र सं.552, दिनांक 18.8.2023

मेरे पुत्र का विद्यालय रिकॉर्ड में नाम अभिषेक जाजुंदा पुत्र मोहरु चौधरी जन्म दिनांक 06/05/2012 दर्ज है जो गलत है। भविष्य में मेरे पुत्र को अभिषेक चौधरी पुत्र मोहरु राम चौधरी जन्म दिनांक 08/08/2012 जानी मानी जाए। पता- ग्राम किशनपुरा तहसील मोजमाबाद

मेरी पुत्री का विद्यालय रिकॉर्ड में नाम प्रिया चौधरी पुत्री मोहरु चौधरी दर्ज हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मेरी पुत्री को प्रिया चौधरी पुत्री मोहरु राम चौधरी के नाम से जाना माना जाए। पता- ग्राम किशनपुरा तहसील मोजमाबाद

I have changed my name Ruksana Parveen W/o Sirajudoun to Rukhsana Parveen W/o Sirajuddin. In future I will be called & known with new name H.No.4487, Takiya Malano Shah, Ghora Nikas Road, Ramganj Bazar, Jaipur-302003


# सतीश पूनिया ने आमेर में खेलो इंडिया का केन्द्र खोलने की मांग की

**जयपुर**। राजधानी जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेलो इंडिया कार्यक्रम में केन्द्रीय खेल एवं युवा मामलात मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया शामिल हुये, जिसमें उन्होंने राजस्थान में खेलों और खिलाड़ियों के हित में नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की घोषणा करने का आग्रह किया, जिसको स्वीकार कर अनुराग ठाकुर ने राजस्थान के लिये नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की घोषणा कर दी है।

अनुराग ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि सतीश पूनिया ने फोन पर और यहां कार्यक्रम में भी मुझसे आग्रह किया कि नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस राजस्थान के लिये चाहिये, तो हम नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की राजस्थान के लिये घोषणा करते हैं, जो यहां बनकर तैयार होगा, जिससे खिलाड़ियों की सुविधाओं में और तेजी से विस्तार होगा।

खेलो इंडिया कार्यक्रम में राज्य के खेल मंत्री अशोक चांदना, राज्य क्रीडा परिषद की अध्यक्ष कृष्णा पूनिया इत्यादि उपस्थित रहे। खेलो इंडिया कार्यक्रम में अनुराग ठाकुर द्वारा राजस्थान के लिये 51 खेलो इंडिया केन्द्रों की घोषणा की गई, जिसको लेकर सतीश पूनियां ने मौके पर ही उनसे खेलो इंडिया का एक केन्द्र आमेर विधानसभा क्षेत्र में खोलने का आग्रह किया, जिसको लेकर उन्होंने सकारात्मक कदम उठाने को कहा है। नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की घोषणा करने पर मोदी सरकार और अनुराग ठाकुर का सतीश पूनियां ने पत्र लिखकर भी धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## तुलसी जयंती मनाई

**जयपुर**, (का.सं.)। उत्तर भारत की प्रमुख श्री वैष्णव पीठ उत्तर तोदादि श्री गलता जी में पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य के पावन सान्निध्य में भगवान का फूल बंगला महोत्सव एवं विख्यात संत कवि गोस्वामी तुलसीदास जी का जयंती महोत्सव मनाया गया। श्री गलता पीठ के युवराच स्वामी राघवेन्द्र ने बताया कि श्री गलता पीठ में गलतापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य जी महाराज के पावन सान्निध्य में भगवान का फूल बंगला व तुलसी जयन्ती महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः भगवान का पूजन व वैदिक मंत्रों से अर्चन किया गया।


**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।






चंद्रयान-3 की सफल और सकुशल लैंडिंग के लिए बुधवार को झालाना आरटीओ में यज्ञ किया गया।





जयपुर में चंद्रयान-3 की सफलता के लिए नहर के गणेशजी मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई।


SBI भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, तृतीय तल, मैट्रिक्स मॉल, सेक्टर-4, जवाहर नगर, जयपुर (राज.)- 302004 | ई-मेल:- sbi.18184@sbi.co.in फोन:- 0141-2657811, 2657921, 2657926, 2657989

**परिशिष्ट IV-A {नियम 8 (6) का परंतुक देखें}**

**अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना**

प्रतिभूतहित (प्रर्वतन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता **ऋणी/जमानतदार श्री प्यारे लाल सैनी पुत्र श्री कैलाश चन्द सैनी एवम श्रीमती अनीता सैनी पत्नी श्री प्यारे लाल सैनी** को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जोप्रतिभूत लेनदार के पास बंधकशुदा है, का वास्तविक कब्जा प्रतिभूत लेनदार भारतीय स्टेट बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को "जहां है", "जैसी है", और "जो कुछ भी है" और " दायित्वरहित" के आधार पर दिनांक 13.09.2023 को विक्रय किया जाएगा। प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि **रु. 39,12,966.58 अक्षरे उनचालीस लाख बारह हज़ार नौ सौ छियासठ रुपए पैसे अठठावन मात्र) दिनांक 29.09.2022** तक ब्याज शामिल करते हुए तथा इसके आगे का ब्याज व अन्य खर्चे अतिरिक्त जो कि ऋणी / जमानतदार **श्री प्यारे लाल सैनी पुत्र श्री कैलाश चन्द सैनी एवम श्रीमती अनीता सैनी पत्नी श्री प्यारे लाल सैनी** से संबंधित है। आरक्षित मूल्य और अग्रिम राशि निम्न तालिका अनुसार होगी। धरोहर राशि बैंक / एमएसटीसी की वैब साइट पर दी गई प्रक्रिया ई-नीलामी बंद होने से पूर्व जमा कराई जा सकती है।

| अचल सम्पत्ति का ब्यौरा | आरक्षित मूल्य व धरोहर राशि | समय |
|---|---|---|
| **साम्यिक बंधक संपति जो कि श्रीमती अनीता देवी पत्नी श्री प्यारे लाल सैनी के** नाम व्यावसायिक दुकान, खसरा न. 1276 ग्राम बुचाहेरा तहसील कोटपुतली जिला जयपुर में स्थित भूमि एवम भवन है जिसका क्षेत्रफल बैंक रिकार्ड के अनुसार 19.14 वर्गगज है व जिसकी सीमाये निम्न प्रकार है: **पूर्व में:-** अन्य दुकान, **पश्चिम में:-** श्रीमती रेखा देवी की दुकान, **उत्तर में:-** रोड 60 फीट, **दक्षिण में:-** श्रीमती रेखा देवी की दुकान, **CERSAI ID:- 200026291080** | 1. रुपये 21,20,000/- <br> 2. रुपये 2,12,000/- | प्रातः 11.00 से दोपहर 03.00 बजे तक |

इच्छुक बोलीदाता एमएसटीसी के पास प्री-बिड ईएमडी की राशि ई-नीलामी बंद होने से पूर्व जमा कर सकते हैं। एमएसटीसी के बैंक खाते में भुगतान की प्राप्ति और ई-नीलामी वेबसाइट में ऐसी जानकारी को अपडेट करने के बाद ही बोलीदाता को प्री-बिड ईएमडी का क्रेडिट दिया जाएगा। इन कार्यवाहियो को अद्यतन / अपडेट होने में बैंकिंग प्रक्रिया के अनुसार कुछ समय लग सकता है और इसलिए बोलीदाताओं को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि अंतिम समय की किसी भी समस्या से बचने के लिए बोली पूर्व ईएमडी राशि पर्याप्त समय रहते जमा करें।

**अन्य ऋण भार: ज्ञात नहीं**

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए **भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति वसूली (एसएआरबी), जयपुर (राज.) प्रतिभूतलेनदार https://sbi.co.in/web/sbi-in-the-news/auction-notices/sarfaesi-and-others तथा https://ibapi.in/Sale_Info_Home.aspx पर देखें।**

दिनांक : 23.08.2023 | स्थान : जयपुर (राज.) प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

# ज्वैलरी शोरूम पर डकैती डालने से पहले पांच बदमाश गिरफ्तार

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजधानी में ज्वैलरी शोरुम पर डकैती डालने की योजना बना रहे गिरोह के पांच बदमाशों को विद्याधर नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरोह से राहगीरों ने लूटे गए दो दर्जन मोबाइल और चोरी के छह दुपहिया वाहन समेत डकैती में काम आने वाले औजार सहित मिर्ची पाउडर के पैकेट बरामद किए है। पुलिस इनसे पूछताछ कर पूरे साजिश का पर्दाफाश करने में जुटी है।



विद्याधर नगर पुलिस ने लूट की योजना बनाते हुए पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया।

■ आरोपियों से लूटे हुए दो दर्जन फोन और छह बाइक भी बरामद हुई

डीसीपी उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि पूरी कार्रवाई को विद्याधर नगर पुलिस ने डीएसटी नॉर्थ के साथ मिलकर अंजाम दिया।

पुलिस को सूचना मिली थी कि राधा गोविंद मंदिर सैक्टर-चार के पीछे सुन्दर नगर नाले के पास सुनसान जगह कंटीली झाड़ियों में कई बदमाश बैठे है और उनके पास हथियार हो सकते है। पुलिस ने गिरोह को घेरा तो बदमाश भागने लगे मगर पुलिस ने दबोच लिया। पूछताछ में बदमाशों ने कबूल किया है कि सीकर रोड स्थित एक बड़े ज्वैलर के यहां डकैती डालने की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार आरोपी तौफिक उर्फ मामा (26) निवासी बिहारियों का टीला भट्टाबस्ती, अब्दुल वाहिद कुरैशी(23) निवासी जेपी कॉलोनी अमानीशी दरगाह भट्टाबस्ती, शाहिद उर्फ गावडा (20) निवासी जेपी कॉलोनी इस्जामी चौक भट्टाबस्ती, नूर मौहम्मद उर्फ नूरा (26) निवासी बिहारियों का टीला भट्टाबस्ती और जकीर कुरैशी (31) निवासी गणपति नगर मुहाना है। सभी गिरफ्तार आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के है और उनके खिलाफ पहले भी प्रकरण दर्ज हैं। गिरोह के सछसय नकबजनी, चोरी व हथियार तस्करी में ताहिर है। बदमाशें के पास से चोरी के छह दुपहिया वाहन और लूटे गए दो दर्जन मोबाइल, एक पेचकस, एक धारदार छुर्रा, एक नकब, दो प्लास्टिक की रस्सी और 3 मिर्ची पाउडर के पैकेट बरामद किए है।

## बहु ने की सास से मारपीट, मुकदमा दर्ज

**जयपुर**। करणी विहार इलाके में बहु ने सास के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे डाली। पुलिस ने अब प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पीड़िता शकुंतला अग्रवाल (60) पत्नी राधेश्याम अग्रवाल निवासी जनक विहार सिरसी रोड पांच्यावाला ने अपनी पुत्रवधु सुमन अग्रवाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। रिपोर्ट के अनुसार बड़े बेटे विष्णु की पत्नी ने 21 अगस्त को उसके साथ मारपीट की। इसी बीच पहुंचे छोटे बेटे मुकेश ने उसे बचाया तो पुत्रवधु ने उसके सिढ़ियों से धक्का देकर गिरा दिया। आरोप है कि उसने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस पड़ताल के अनुसार पीड़िता शकुंतला अग्रवाल के 3 बेटे हैं और एक ही मकान में रहते हैं। तीनों भाई प्रेम से रहते हैं मगर एक-दूसरे की पत्नियां छोटी-छोटी बातों को झगड़ा करती हैं।

# डिग्गी-कल्याणजी पदयात्रा में जेबतराशी की वारदातें करने आई गैंग का खुलासा

## दो महिलाओं समेत 5 गिरफ्तार, नकदी-पर्स व धारदार ब्लैड बरामद

**जयपुर** (कासं)। माणकचौक थाना पुलिस ने पदयात्रा, झांकी जुलुस व भीड़भाड़ वाली जगहों पर जेबतराशी करने वाली गैंग का पर्दाफाश किया है। कल्याण धणी लक्खी पदयात्रा में पुलिस ने जेबतराशी करते चौड़ा रास्ता में ताडकेश्वरजी मंदिर के सामने रंगे हाथ दो महिलाओं समेत पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े जाने पर गिरोह की महिलाएं घर पर दूध पीता बच्चा होने की कहकर पुलिस पर छोड़ने का दबाव बनाती है।

■ जयपुर में वारदातों को अंजाम देने भरतपुर से आई है 25 लोगों की गैंग

डीसीपी उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अजय पुत्र रणजीम बावरिया (22), राधेश्याम पुत्र गोपाल बावरिया (19) निवासी रणजीत नगर कच्ची बस्ती कोतवाली भरतपुर, अमित पुत्र लाखन सिंह बावरिया (20), नैना पुत्र सेवा पत्नी हरिकिशन (23) और लीला देवी पत्नी रामपतन बावरिया (20) निवासी गोकुल नगर कोतवाली भरतपुर है। पुलिस ने इनसे 7800 रुपए नकद, पर्स व एक धारदार ब्लैड बरामद की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि पदयात्रा में जेबतराशी करने वाली गैंग आई हुई है। जिस पर पुलिस ने सादा वस्त्रों में भी जाब्ता तैनात किया था। कल्याण धणी लक्खी पदयात्रा में चौड़ा रास्ता में ताडकेश्वर जी मंदिर के पास प्रसाद व खाने की स्टॉल लगी हुई है। पदयात्रा में यात्रियों की भीड़ देखकर गैंग ने एक महिला व पुरुष के बैग में चीरा लगा दिया। इसी दौरान पुलिस ने गैंग को रंगे हाथ दबोच लिया।

पुलिस ने बताया कि गैंग में गिरफ्तार हुए सदस्य रणजीत नगर भरतपुर के रहने वाले है। पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि वह पदयात्रा, झांकी जुलुस व भीड़भाड़ वाली जगहों पर गिरोह बनाकर जेबतराशी करते है। सदस्य पांच पांच लोगों की गैंग बनाकर वारदात करते है। वहीं गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि भरतपुर से आई 25 लोगों की गैंग यहां वारदात करने आई थी। लेकिन अन्य सदस्य फरार हो गए। पुलिस अब फरार हुए बदमाशों को तलाशने में जुटी है।

## सीताराम अग्रवाल और सुनील परिहार पुनः स्वतंत्र निदेशक बने

**जयपुर** (कासं)। राज्य सरकार ने कांग्रेस नेता सीताराम अग्रवाल और सुनील परिहार को राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड में 20 जुलाई 2023 से आगामी 2 वर्ष के लिए स्वतंत्र निदेशक के दूसरे कार्यकाल के लिए पुनर्नियुक्त किया है। यह आदेश उद्योग व वाणिज्य विभाग की संयुक्त शासन सचिव पूनम प्रसाद सागर ने जारी किए है।

## मनचलों को अब नहीं मिलेगी सरकारी नौकरी

**जयपुर** (कासं)। पुलिस ने अब सत्यापन प्रक्रिया के नियमों में बदलाव शुरू कर दिया है। यह बदलाव सरकार के आदेशों के बाद उनपर पर लागू होगा जिनके खिलाफ छेड़छाड़ के मामले दर्ज हो या फिर न्यायालय उन्हें सजा सुना चुका है। थाने में मौजूद रिकॉर्ड के आधार पर इनके चरित्र सर्टिफिकेट पर स्पष्ट नोट डाला जाएगा जिससे वे सरकारी नौकरी नहीं लग सकेंगे। गृह विभाग के प्रमुख सचिव आनंद कुमार की ओर से जारी हुए आदेशों के बाद पुलिस ने भी पालना शुरू कर दी है। आदेश के मुताबिक राज्य में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति से पहले पुलिस सत्यापन कराना होता है। अब ऐसे लोगों को सरकारी नौकरी के लिए अपात्र माना जाएगा जिनके खिलाफ महिला हिंसा, हत्या, धोखाधड़ी, रेप और महिला लज्जा भंग करने के आरोपी है और

■ पुलिस सत्यापन के नियमों में बदलाव हुआ

प्रकरण कोर्ट में विचाराधीन हो या फिर दोष सिद्ध हो चुका है। आदेश में पुलिस अधिकारियों से कहा गया है कि नाबालिग और महिलाओं से छेड़छाड़, रेप के प्रयास, रेप के आरोपियों और मनचलों के खिलाफ शिकायत मिलने पर हर सूरत में एफआईआर दर्ज कर पूरा रिकॉर्ड थाने में रखा जाए। ऐसे लोगों के पुलिस वैरिफकेशन सर्टिफिकेट पर चरित्र को अंकित किया जाए। हालांकि पुलिस के विशेष अभियान में पिछले 10 दिन में राजस्थान पुलिस करीब 30 से ज्यादा मनचलों को गिरफ्तार कर उनका नाम सरकारी रिकॉर्ड में लिख चुकी हैं।

## 'लालच-अज्ञानता के कारण होती है साइबर ठगी'

**जयपुर**। डीजीपी साइबर सुरक्षा डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने कहा कि साइबर ठगी होने का मुख्य कारण लालच और अज्ञानता है। साइबर युग में साइबर ठगी से बचने के लिए साइबर संबंधी जागरूकता आवश्यक है। इसके लिए आमजन को सतर्क और सावधान होना ही होगा।

डॉ. मेहरड़ा ने बताया कि अधिकतर वारदातें लुभावने ऑफर देकर, फर्जी ईमेल, लिंक, मैसेज या फोन कॉल के जरिए होती है। बैंक अथॉरिटी, पुलिस विभाग और संबंधित विभागों द्वारा साइबर जागरूकता की दृष्टि से एडवाइजरी भी जारी की जाती है। एडवाइजरी में लुभाने लिंक पर क्लिक ना करने, अपनी निजी जानकारी किसी अनजान को साझा नहीं करने आदि से संबंधित जानकारी दी जाती है।

# दहेज के लिए बहु को 2 मंजिला मकान की छत से नीचे गिराकर मारने का आरोप

## मृतका के भाई ने यह आरोप लगाते हुए रामगंज थाने में पति और ससुराल पक्ष के खिलाफ शिकायत दी

**जयपुर** (कासं)। रामगंज इलाके में दहेज के लिए विवाहिता को 2 मंजिला मकान से नीचे गिराकर जान से मारने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रामगंज थाने में सूरजपोल मीठी कोठी निवासी मृतका के भाई इमरान ने रिपोर्ट दी है कि उसकी बहन अमरीन का विवाह करीब 12 वर्ष पूर्व इमरान उर्फ सरताज निवासी हीरा स्कूल के पास, पहाड़गंज जयपुर के साथ हुआ था। शादी में अमरीन के परिवारजनों ने जेवरात व दहेज का अन्य सामान अपनी हैसियत से बढ़कर दिया, लेकिन शादी के पश्चात पति इमरान, ससुर मो. जाहिद, सास अन्जुम, देवर जुबैर नन्द शाहीन व नाजमीन ने अमरीन के पूरे गहने व जेवरात और दहेज का सामान अपने कब्जे में ले लिया, जोकि अभी भी उन्ही के कब्जे में है। विवाह के कुछ दिन बाद से ही पति व उसके परिवारजनों ने कम दहेज लाने का ताना देकर अमरीन से अभद्रता और मारपीट करनी शुरू कर दी।

मृतका के भाई का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग अमरीन से नौकरानी की तरह घर का सारा काम करवाते और बात-बात पर गालियां निकालकर उसके साथ मारपीट करते और पीहर से दहेज लाने का दबाव बनाते। यहां तक कि कई बार उसे खाना-खर्चा भी नहीं देते। ससुराल पक्ष ने अमरीन के जेवर व दहेज का सामान तक बेच दिया। बार-बार रकम मांगने पर पीहर पक्ष ने काफी रुपये भी दिए, लेकिन इसके बावजूद उनकी मांगें थमने के बजाय बढ़ने लगी। बुधवार सुबह इमरान, मो. जाहिद, अन्जुम, जुबैर, शाहीन व नाजमीन ने दहेज व रूपयों के लालच में अमरीन को घर की छत से दो मंजिल ऊपर से जान से मारने की नियत से धक्का मारकर नीचे गिरा दिया, जिससे गम्भीर चोटें लगने के कारण उसकी मृत्यु हो गई है।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 13 हजार से ज्यादा स्कूली बच्चे शामिल हुए

**जयपुर,** (का.सं)। भारतीय रिजर्व बैंक वित्तीय साक्षरता पर स्कूली विद्यार्थीयों के लिए आयोजित प्रश्नोत्तरी-पहला जोनल राउंड भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय साक्षरता पर अखिल भारतीय क्विज का पहला जोनल राउंड 21 अगस्त को हयात रीजेंसी, चंडीगढ़ में आयोजित किया, जिसमें स्टेट लेवल क्विज पंजाब, राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश एवं चंडीगढ़ के विजेताओं ने भाग लिया। इन राज्यों से इस क्विज में कुल मिलाकर ब्लॉक स्तर पर लगभग 6500 से अधिक सरकारी स्कूलों ने भाग लिया, जिनमें लगभग 13000 स्कूली छात्र शामिल हुए। इस क्विज के जोनल राउंड में पांच टीमें आमने-सामने थीं, सरकारी सीनियर सेकेंडेरी स्कूल, तपा (पंजाब), राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शहबाजपुर




पदैयावास (हरियाणा), राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोहल, कुल्लू (हिमाचल प्रदेश), महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, भीनमाल, जालोर (राजस्थान) तथा राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैक्टर-32, चंडीगढ़ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शहबाजपुर पदैयावास (हरियाणा) के कुमार अमित और कुमार भारत, जोनल राउंड के विजेता बने, जो आने वाले दिनों में आरबीआई द्वारा आयोजित किए जाने वाले इस क्विज के नेशनल राउंड में भाग लेंगे। इस क्विज के विजेताओं और प्रतिभागियों को आरबीआई के कार्यपालक निदेशक ईडी नीरज निगम और अन्य व्यक्तियों द्वारा सम्मानित किया गया।

## महिला का पर्स छीनकर भागे बदमाश पकड़े

**जयपुर** (कासं)। चित्रकूट थाना पुलिस ने एक महिला से पर्स छीन कर भागे दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। थानाप्रभारी बलवीर सिंह कस्बा ने बताया गिरफ्तार आरोपित प्रहलाद वर्मा (24) और सुमित मांझी (18) संजय नगर, डीसीएम, अजमेर रोड के रहने वाले हैं। आरोपित 22 अगस्त की देर शाम अपने काम से निवृत होकर घर लौट रही मीना देवी का पर्स छीन कर फरार हो गए थे। पर्स में 10 हजार रूपए, आधार कार्ड सहित कपड़े रखे हुए थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पर्स, आधार कार्ड और कपड़ा बरामद किया है। वहीं, 10 हजार रूपए आरोपियों ने शौक मौज में खर्च कर दिए। आरोपित अव्वल दर्जे के स्मैकची है, जोकि नशापूर्ति के लिए इस तरह की वारदातें करते हैं।



**मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान की ओर राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंध संस्थान ऑडिटोरियम में वरिष्ठ नागरिकों के लिए सद्भावना-सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जलदाय मंत्री डॉ. महेश जोशी, समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्षा अर्चना शर्मा और राजस्थान समग्र सेवा संघ के अध्यक्ष सवाई सिंह ने वरिष्ठ नागरिकों को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। ट्रस्ट के सदस्य व मीडिया प्रभारी प्रो.डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम में 500 वरिष्ठ नागरिकों, 42 संस्थाओं एवं 40 सामाजिक कार्यकर्ताओं को सद्भावना सम्मान से अलंकृत किया गया।**

# नर्सेज का धरना 37वें दिन भी जारी

## जयपुर में मांगों के समर्थन में 25 अगस्त को होगी महारैली



**सवाई मानसिंह अस्पताल में बुधवार को नर्सेज ने अपनी मांगों को लेकर 37वें दिन धरना जारी रखा। साथ ही सुबह 8 से 10 बजे तक गेट मीटिंग कर विरोध प्रदर्शन भी किया।**

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के प्रांतीय आव्हान पर संपूर्ण राजस्थान में 25 अगस्त को जयपुर में होने वाली नर्सेज महारैली में संपूर्ण राजस्थान के सभी नर्सेज शामिल होंगे। वहीं बुधवार को भी 37 वें दिन अपनी मांगों के समर्थन में नर्सेज का धरना जारी रहा। इस दौरान सुबह 8 से 10 बजे तक गेट मीटिंग कर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदेश प्रवक्ता अनेश सैनी ने बताया की एसएमएस मेडिकल कॉलेज से संलग्न चिकित्सालय में एक दिन में 90 प्रतिशत नर्सेज ने सामूहिक अवकाश पर हस्ताक्षर कर संबंधित हॉस्पिटलों के चिकित्सा अधीक्षकों को सूचना दी। प्रदेश संयोजक प्यारेलाल चौधरी, राजेंद्र सिंह राणा, नरेंद्र सिंह शेखावत व पवन मीणा ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि बचे हुए नर्सेज इवनिंग, नाइट ड्यूटी एवं लंबी छुट्टी पर होने के कारण गुरूवार तक शत प्रतिशत सामुहिक अवकाश की सूचना अधीक्षकों को दे देंगे। उन्होंने बताया कि 25 अगस्त को संपूर्ण राजस्थान से हजारों नर्सेज जयपुर में कूच करेंगे और सरकार से 11 सूत्री मांगों के समर्थन में प्रदर्शन करेंगे। उधर एसएमएस अस्पताल परिसर में बुधवार को 37 वें दिन धरने पर रेखा इंदौरिया, सुशीला कुमारी, समोल कुमारी, मोनिका पूनिया, अनिता मीना, बबीता, मंजू, मिनी, सरोज यादव मौजूद थे।

## आवासन सचिव ने कोचिंग हब का निर्माण देखा

**जयपुर** (कासं)। आवासन आयुक्त एवं सचिव अल्पा चौधरी ने बुधवार को कोचिंग हब, एआईएस रेजिडेंसी और क्लब-21 का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। चौधरी ने सुबह प्रताप नगर में स्थित कोचिंग हब का निरीक्षण किया। उन्होंने कैंपस में बने टावर 1 और 2, कैफेटेरिया, ऑडिटोरियम, लाइब्रेरी, पार्किंग सहित ग्रीनरी को देखा। उन्होंने बताया कि कैंपस में सिविल कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है तथा सौंदर्यीकरण पर अंतिम दौर में कार्य चल रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने एआईएस रेजिडेंसी और बहुप्रतीक्षित एनआरआई क्लब-21 में चल रहे कार्यों का भी जायजा लिया। आयुक्त एवं सचिव ने कहा कि निरीक्षण की गई तीनों परियोजनाओं में युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है। जल्द ही इन योजनाओं का लोकार्पण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोचिंग हब में कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है जबकि एआईएस रेसीडेंसी का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। क्लब-21 का भी कार्य पूर्ण होने के लिए संवेदक को 18 महीना का समय दिया गया था, जबकि यह कार्य समय से पूर्व होने की संभावना है।

# ऑनलाइन सट्टा चला रहे 9 सटोरिए गिरफ्तार

## रिसानी गांव में फार्म हाऊस पर पुलिस ने छापेमारी कर दबोचा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। दौलतपुरा पुलिस ने एक फार्म हाउस पर दबिश मारकर ऑन लाइन सट्टा चला रहे नौ बुकी को गिरफ्तार किया है। इनके पास से भारी मात्रा में सट्टा उपकरण और मोबाइल सहित करोड़ों रुपए का हिसाब-किताब बरामद हुआ है। पुलिस इनसे पूछताछ कर पूरे नेटवर्क का पता लगा रही है।

■ आरोपियों के कब्जे से करोड़ों रुपये का हिसाब-किताब बरामद किया

डीसीपी (वेस्ट) संजीव नैन के अनुसार रिसानी गांव स्थित संजय मीना के फार्म हाउस में बड़े स्तर पर सट्टा कारोबार चलने की जानकारी मिली थी। एसीपी कैलाश जिंदल और एसएचओ दलबीर सिंह ने जाब्ते के साथ दबिश दी तो वह नौ जने सट्टे के खाईबाली करते हुए मिले। जानकारी के अनुसार सटोरिए लोटस एक्सचेंज साइट पर लोगों को ऑन लाइन सट्टा खिला रहे थे।

पुलिस ने ओमप्रकाश (24) निवासी जाटों का मोहल्ला नौरंगपुरा फुलेरा, दिलखुश मीणा (24) निवासी गांव कावड चौथ का बरवाड़ा जिला सवाईमाधोपुर, सोनू भंडारी (20) निवासी गांव अछाम थाना मंगलसेन जिला सुदूर पश्चिम नेपाल, राकेश (23) निवासी गांव रेटी तहसील मौजमाबाद फागी, मुकेश चौधरी (30) निवासी गांव मातेडा नरैना जयपुर, प्रेम सिंह (22) निवासी गांव कावड जौला चौथ का बरवाडा सवाईमाधोपुर, कीर्ति कुमार (28) निवासी काकरियां की ढाणी नरैना जयपुर ग्रामीण, अमर जाट (25) निवासी गांव नारदपुरा नरैना जिला जयपुर ग्रामीण और राजू चौधरी (27) निवासी गांव चैनपुरा थाना नरैना जिला जयपुर ग्रामीण को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों का नेटवर्क खंगालने में जुटी है।

## सार-समाचार

### 3 पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज

**जयपुर** (कासं)। जयसिंहपुरा खोर थाने में तीन पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। पुलिसकर्मियों पर एक बुजुर्ग को गैरकानूनी तरीके से गिरफ्तार करने का आरोप है। न्यायालय इस्तगासे से मिली रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पीड़ित सालिगराम (60) के मकान का निर्माण का कार्य चल रहा था। मकान पर लगा कोर्ट स्टे समाप्त हो गया था मगर इसी बीच कॉलोनी के लोगों ने अवैध निर्माण की सूचना पुलिस को दे दी। आरोप है कि जयसिंहपुरा खोर पुलिस मौके पर पहुंची और बुजुर्ग को थाने लाकर शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। जिस भूखण्ड पर पीड़ित निर्माण कार्य कर रहा था उस पर पहले कोर्ट स्टे था। कोर्ट स्टे टूटने पर गत वर्ष सितंबर माह में वह निर्माण कार्य करवा रहा था। पडोसी ने इसकी शिकायत की तो पुलिस ने बिना जांच पड़ताल किए उसके गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया तो थाने के एएसआई मोहन सिंह और सिपाही अमित व मनोज सहित एक अन्य व्यक्ति सीताराम के खिलाफ मामला दर्ज करने के आदेश न्यायालय ने दिए।

### साम्प्रदायिक घटनाओं पर रोष जताया

**जयपुर** (कासं)। मिली कौंसिल राजस्थान ने अलवर में मुस्लिम मेव लकड़हारे की हत्या तथा गौरक्षकों द्वारा दो मुस्लिम मेव लोगों को कार में डालकर जलाने वालों की गिरफ्तारी नहीं होने पर रोष जताया है। संस्था के अब्दुल क़य्यूम अख्तर, शब्बीर खान व शौकत कुरैशी ने कहा कि जयपुर-मुंबई रेल में शास्त्री नगर जयपुर के मोहम्मद असग़र की हत्या हुई थी, लेकिन उसे भी आज तक उचित मुआवज़ा नहीं दिया गया। ये सब घटनाएं में सरकार का रवैया मुसलमानो कों भावनाओ से खिलवाड़ है। इन्हीं साम्प्रदायिक घटनाओं से प्रभावित लोगों से मिलने के लिए 26 अगस्त को किसान भाईचारा महापंचायत बडौदा मेव (अलवर) में भाग लेने के लिए राजस्थान मिली कौंसिल का दल जाएगा। आल इंडिया मिल्ली कौंसिल राजस्थान, सियासी बेदारी राजनैतिक चेतना मुहिम के तहत आने वाले चुनाव में मुस्लिम समाज में जागरूकता लाने के लिए आव्हान करेगी। ताकि अधिक से अधिक मुस्लिम अपने वोट का उपयोग करें। उन्होंने बताया कि मिल्ली कौंसिल की शिक्षा मुहिम के चलते आज स्कूल और मदरसों में बच्चों की संख्या बढ़ी है।

### आर.यू. में पूर्व छात्र संघ चौपाल

**जयपुर** (कासं)। छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर राजस्थान विश्वविद्यालय में छात्र विभिन्न तरीके से अपना विरोध जता रहे है। विश्वविद्यालय के विवेकानंद पार्क में बुधवार को छात्रसंघ चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल में छात्रसंघ राजनीति से निकले विधायकों, मंत्रियों, पूर्व मंत्रियों और छात्रसंघ अध्यक्षों को आमंत्रित किया गया था। छात्रसंघ चौपाल से भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने दूरी बनाए रखी। इस चौपाल में सांसद हनुमान बेनीवाल सहित कई पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पहुंचे। छात्रसंघ चौपाल को संबोधित करते हुए हनुमान बेनीवाल ने 'छात्रसंघ बहाल करो, अशोक गहलोत रजाई से बाहर आओ' का नारा दिया। इस दौरान बेनीवाल ने सरकार के तुगलक फरमान का विरोध करने पर राजस्थान यूनिवर्सिटी के छात्रों को बधाई दी। इस दौरान उन्होंने कहा अखबार में आप रोज देख रहे हो, आपका साथ कौन-कौन दे रहा है। छात्रसंघ चुनाव करवाने को लेकर तादाद बढ़ेगी, घटेगी नही। इस दौरान रणवीर गुढ़ा ने कहा मुख्यमंत्री से जल्द मुलाकात करनी होगी और आर-पार की लड़ाई लड़नी होगी। इस चौपाल में नरेश मीणा, अरविन्द जाजड़ा, पवन यादव, आदित्य प्रताप जाजड़, मोहन यादव भी शामिल हुए।

### जगन्नाथ शर्मा अध्यक्ष बने



**जयपुर**। सारस्वत ब्राह्मण समाज, जिला जयपुर के चुनाव निर्विरोध घोषित किये गए है। सारस्वत ब्राह्मण समाज, जयपुर जिला के जगन्नाथ शर्मा अध्यक्ष, सुरेश सारस्वत महामंत्री, संतोष शर्मा कोषाध्यक्ष, सुनील सारस्वत संयुक्त मंत्री, कमल शर्मा संगठन मंत्री और प्रशांत गोस्वामी प्रचार मंत्री के पद पर निर्विरोध चुने गए। चुनाव अधिकारी गुरुराज सारस्वत एडवोकेट और गणेश सारस्वत एडवोकेट ने बताया सभी छह पदों के लिए एक-एक नाम प्रस्तुत होने से सभी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है।

### पारीक कॉलेज में लहरिया उत्सव



**जयपुर,** (का.सं.)। पारीक महिला परिषद द्वारा आयोजित लहरिया उत्सव में समाज की सभी महिलायें पूर्ण श्रृंगारित हो लहरिया की साड़ी में इस आयोजन का हिस्सा बनी। पारीक कॉलेज जयपुर में 22 अगस्त को पारीक महिला परिषद जयपुर की और से लहरिया उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित महिलों ने सावन के गीत गाये, पारम्परिक नृत्य किये और सावन पर कविता पाठ किया। इस अवसर पर परिषद की और से कुछ गैम्स भी खिलवाये गये और विजेता महिलों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में संस्था की संस्थापिका कृष्मा पारीक अध्यक्षा शशि पुरोहित, महासचिव रश्मि पारीक, कोषाध्यक्ष निशा पुरोहित, सह सचिव नीरा पाण्डे, गीता पारीक, पुनीता पाण्डे, कनक पारीक, राज पुरोहित, रेनू पारीक गौरी पारीक, सीमा पारीक, निधि पारीक, कल्पना पारीक, आशा पारीक, प्रीति पारीक एवं ज्योति पुरोहित, पुष्पा पारीक, चन्द्रकान्ता पारीक, आशा पारीक व सविता पारीक मौजूद थे।




## Internaut Day

The internet is the newest great frontier, a place where every new innovation creates a new virtual world deep within the web. While space will always be the final frontier, the internet will always be a growing and expanding frontier. Internaut Day celebrates those men and women (and those without a binary identifier) who have helped to build the great frontier that is the Internet.Be an "internaut" and learn more about how best to navigate and make use of the remarkable tool most of us have at are fingertips all the time: the internet.



#SCIENCE

# How Pluto turned into a dwarf planet?

On 24 August 2006, Pluto's status was downgraded from a full sized planet to a dwarf planet




Pluto was found on 18 February 1930 by astronomer Clyde Tombaugh while observing the assistant working at the Lowell Observatory in the United States.

Today happens to be 'Pluto Demoted' Day. The day marks Pluto being excluded from the elite list of planets, reducing their total number to eight. On 24 August 2006, Pluto's status was downgraded from a full sized planet, which it had donned for more than 70 years, to a dwarf planet by the worldwide society of professional astronomers – International Astronomical Union (IAU).



### How was Pluto discovered?

On 18 February 1930, astronomer Clyde Tombaugh the observing assistant working at the Lowell Observatory in the United States, saw this hidden planet. Renowned astronomer Percival Lowell believed that this planet, then called Planet X, perturbed the orbits of Uranus and Neptune. However, this hypothesis of Lowell was later proved incorrect.

Talking about the discovery, the IAU website reads, "As he (Tombaugh) flicked from one plate to the other, trying to see if something moved slightly between the two (the tell-tale sign of the planet he was hunting), he spotted something. In one part of the frame, a small object flitted a few millimetres as he switched between the two plates. Tombaugh had found his new planet! "

The American Astronomical Society, the Royal Astronomical Society in the UK and the IAU acknowledged the Tombaugh discovery and officially included the object in the list of planets, adopting the name Pluto.

### How did the scenario change?

But after subsequent discoveries and advancement in technology, astronomers found over 1,000 objects orbiting beyond Neptune. The zone is now called the trans-Neptunian region, and these bodies are labelled as Trans-Neptunian Objects.

These discoveries perplexed astronomers to give a second thought to Pluto being a planet, as it might simply be the first of a population of small, icy bodies beyond the orbit of Neptune.

"With so many Trans-Neptunian Objects being found, it seemed inevitable that one or more might be found to rival Pluto in size," IAU mentions.

The definition of the planet needed serious reconsideration.

### How to define a planet?

In the 2006 IAU General Assembly in Prague, the astronomers set three conditions for celestial objects to be a planet in the Solar System.

A celestial body that

(a) to orbit around the Sun

(b) has sufficient mass for its self-gravity to overcome rigid body forces so that it assumes a hydrostatic equilibrium (nearly round) shape


(c) has cleared the neighbourhood around its orbit

### Is the debate settled?


But the debate is far from settled. Experts have argued that Earth, Jupiter and other planets also cannot meet the IAU's 2006 definition. They argued that the zone clearing clause also affects Earth, Mars, Jupiter, and Neptune, none of which have a clear orbital zone.

In a report, Prof Owen Gingerich of Harvard, who chaired the planet definition committee, said that only 10% of the 2,700 scientists who had attended the 10-day meeting were present at the Pluto vote.

Prof Alan Stern, chief scientist for the New Horizons mission, also rejected the resolution by calling the outcome "an awful decision" and described the new definition as "internally inconsistent", the report added.



War history is full of stories of animals who have served heroically alongside their human companions. There are many tales of dogs, horses and even cats who have displayed great courage and grit, and who have shown tremendous loyalty to their human friends in times of war. However, sometimes animals which are not known for their domestic traits get involved in wars too. One such animal was Wojtek, the Syrian brown bear who accompanied a Polish artillery supply unit into battle in WWII, and who eventually earned himself an honorary rank in the unit and became an internationally-known celebrity for his war service.



# A Soldier Named Wojtek

#WAR-CHRONICLE



Shruti Kothari

In the opening phases of the Second World War, Poland found itself invaded from two sides by both Nazi Germany and Soviet Russia. British pressure on the Soviets would lead to the freeing of many of these POWs, who would form the Polish Free Army.

Although serving on many difficult and notable fronts throughout the war, it was perhaps for a different reason that the Polish armed forces were so well remembered: it was the only army to have a bear registered as an enlisted combatant and soldier.

Wojtek, the Syrian brown bear, would accompany the Polish forces throughout the entirety of their manoeuvres during the war. Not simply a mascot, Wojtek the bear was enlisted and even saw active service in Italy, earning himself a promotion in the process.

By the end of this war, this bear would be perhaps the most known emblem of the Polish forces, more-so than any man.

### Anders' Army & Wojtek the Bear

On the 1st of September 1939, Nazi Germany launched its invasion of Poland, starting World War II. Despite Poland being an Allied nation to both Britain and France, the Soviet Union would nonetheless invade two weeks later on the 17th of September.

Without even declaring war, the Soviet Union effectively allied with the Nazi regime and partitioned Poland between the two powers, much to the disgust of their allies in Britain and France.

In the wake of this invasion, tens of thousands of Polish officers, soldiers, and political prisoners were killed in the Katyn massacre, while hundreds of thousands more, along with civilians, were deported to gulags and prison camps across the Soviet Union.

This quickly proved to be a great point of diplomatic tension. The Polish government in exile had relocated to the United Kingdom and held the Soviets rightfully responsible for their part in the invasion and occupation of Polish territory.

While initially unwilling to cooperate, the German invasion in the summer of 1941 changed the dynamics of power greatly between the Allies.

> The bear was named Wojtek and became more than a mascot, just another person of the unit, he was smoking cigarettes which he later ate up, drinking beer and play wrestling with the men. He was treated like another soldier in the army and adored by everyone. Wojtek's upbringing continued to reflect the lifestyle of a soldier.

With the Soviets rapidly losing ground and desperate for British assistance in the form of Lend-Lease aid, Stalin's regime quickly




caved to diplomatic pressure. It invalidated its previous annexation of Polish land, which would release the vast majority of Polish citizens. Furthermore, it was agreed that the now freed soldiers would be formed into military units, supplied by either the United Kingdom or the Soviet Union, and would serve on any Allied front where needed but would nominally be under the control of the government-in-exile even while operating within existing Allied command structures.

This army was formed under the recently-released Wladyslaw Anders and would be commonly known as "Anders' Army."

It quickly became clear that the Soviets, losing on all fronts, would be unable to provide enough supplies to equip or even feed the newly freed Poles, who numbered somewhere around 100,000.

As such, with the joint Anglo-Soviet invasion of Iran, a route became available for the Polish. It was agreed that they would be transferred out of the Soviet Union, through the Middle East, and into British command.





During the journey, they would lose countless soldiers and civilians to hunger and exhaustion, but at the same time, they would gain a member who would soon become their famous figurehead.

### An Orphaned Bear Cub

Wojtek was found in April 1942 as a cub in the Zagros mountains of Persia (now Iran) by Polish P.O.W.s who were being transported from a Siberian gulag through the Middle East to Alexandria in Egypt. At the time he was being looked after by an Iranian boy who had found the cub after his mother had been killed by hunters.

Lieutenant Anatol Tarnowiecki kept decided to keep and raise the bear, after he saw what a calming influence the bear had over his men. They fed him condensed milk from a bottle and used cloth as a teat. The bear was named Wojtek and became more



than a mascot, just another person of the unit, he was smoking cigarettes which he later ate up, drinking beer and play wrestling with the men.

He was treated like another soldier in the army and adored by everyone. Wojtek's upbringing continued to reflect the lifestyle of a soldier. He grew very fast and was soon large enough to wrestle with the soldiers for fun. A dedicated caretaker was assigned to his well-being. However, his smoking habits continued as he emulated the soldiers around him and even went so far as to march on his hind legs alongside the other soldiers in formation. Wojtek proved popular with both civilians and soldiers, quickly becoming an icon for the 22nd Artillery Supply Company, which would later be assigned to the Polish II Corps under British command.

### An Army's Honourary Soldier

Allied leaders made a pact with Stalin that Polish prisoners would be released to help Allied troops in Italy. From Egypt, the men were shipped to Europe, along with the bear, where they assisted Allied troops during the Battle of Monte Cassino which was a significant battle during the Italian Campaign of the war.

Wojtek was officially enlisted as an honourary soldier and was given the rank of Private, a serial number and even a pay book as animals weren't allowed on campaign.

The 22nd Company was one of the artillery units tasked with delivering ammunition to the front line. Wojtek was part of these efforts, carrying empty ammunition boxes from the lorry so they could be refilled and supposedly even helping to load guns!

By the end of the war, he had been promoted to the status of Corporal and was a familiar sight on the battle ground.

> The 22nd Company was one of the artillery units tasked with delivering ammunition to the front line. Wojtek was part of these efforts, carrying empty ammunition boxes from the lorry so they could be refilled and supposedly even helping to load guns! By the end of the war, he had been promoted to the status of Corporal.

### Wojtek's Retirement

After the end of the war, Polish troops were scattered across the globe. Wojtek's caretakers did not want him to return to Soviet occupied Poland and become a symbol of Communism.

This did not happen and the bear instead went to Winfield Airfield in Hutton in Berwickshire, Scotland on the 26th October 1946 where 22nd Company was billeted.

Wojtek was one of three thousand men on the camp and left him mark on the lives of the camps' inhabitants and the residents of the village. The local children would take it in turns sitting on his back and the bear even attended local dances with the soldiers. Although nothing of the camp remains today, on a particular tree you can still see scratch marks where Wojtek climbed his favourite tree.

When the soldiers began to leave the camp, a decision had to be made about what to do with the bear. This marked the end of his "human" life as Wojtek was taken in by Edinburgh Zoo where he lived out his retirement until his death in 1963 at the age of 21.

Soldiers visited him while at the zoo and he was said to perk up at the sound of familiar Polish voices.

### Wojtek's Memory

The bear became a significant source of entertainment and morale for Polish troops during the war. To this day, Wojtek remains an important symbol of Polish comradeship and the 22nd Artillery Supply Company changed its insignia to represent this.

The insignia now depicts an outline of a bear carrying an ammunition box as a reminder of Wojtek's service during the war.

A memorial of the bear was also unveiled in Edinburgh's Princess Street Gardens in November 2015 to commemorate the extraordinary life of the brown bear.

rajeshsharma1049@gmail.com



#POLO

# PASSION FOR POLO

JRPC's Monsoon Polo Season, from August 21st to September 3rd, 2023, not only promises thrilling matches but also carries the mission of nurturing young polo talent and preserving the sport's rich heritage. Beyond the tournaments, JRPC's commitment to sustainability and gender equality reflects its broader vision for a vibrant and inclusive future in the world of polo.

Tusharika Singh

In the world of polo, few names resonate with as much reverence and prestige as Col. Kuldeep Singh Garcha. With a distinguished career spanning over 45 countries, Col. Garcha is a true luminary in the sport. He has not only represented India for more than two decades but also coached the Indian Polo Team to the finals in 1995 and again in 2001. Among his many accolades, the Arjuna Award in 1987 stands as a testament to his outstanding contributions to sports and games in India.

### The Birth of JRPC

But Col. Garcha's passion for polo extends far beyond personal achievements. His fervour for the game and his unwavering commitment to preserving India's heritage sport gave birth to the Jaipur Riding & Polo Club (JRPC). Inaugurated on October 2, 2000, by the Late Rajmata Gayatri Devi of Jaipur, JRPC stands as a living tribute to the golden era of equestrian glory in Jaipur.

### A Polo Oasis

Situated in Bindayaka locality of Jaipur, JRPC is more than just a club; it is a symbol of the rich equestrian heritage that defines the region. With a sprawling 33-acre landscape, JRPC boasts 81 stables housing 80 Polo Ponies, including 50 thoroughbreds imported from Argentina and England. The Clubhouse itself is a marvel, built in the true Californian style and furnished with world-class amenities.







### The Monsoon Polo Season

This year, JRPC is all set to make waves once again with the JRPC Monsoon Polo Season at Bindaiyka. From August 21st to September 3rd, 2023, the club will come alive with the thundering hooves and the clashing mallets of polo enthusiasts. The season is not just about thrilling matches; it embodies a vision to revive Jaipur's golden era of equestrian glory and encourages young polo talent for a global platform.

### Nurturing Young Talent

Two prestigious tournaments will grace this season: the Thunderbolt Cup from August 21st to August 27th, 2023, and the Maharaj Jagat Singh Memorial Cup from August 28th to September 3rd, 2023. What sets this season apart is the focus on nurturing young talent. Low Goal Tournaments will provide a fertile ground for budding players, ensuring that the sport continues to thrive in the state of Rajasthan.

Col. Garcha succinctly sums up the club's aspiration, stating, "Our Motto is to encourage young polo talent for a global platform. Polo is about passion; the trophies will roll in. Essence is to create everlasting memories of the sport."

### Promoting women in polo

Beyond the tournaments, JRPC has a rich history of hosting polo events since its inception in 2000. It has consistently brought together top-level teams from India and across the world, setting the stage for riveting matches.


Additionally, JRPC has been at the forefront of promoting women in polo since 2002. The club hosted the first-ever International Ladies Polo Tournament in India and continues to train and empower young women to compete at the international level.

### Passion for Sustainability

Sustainability is at the core of JRPC's values. The club not only cherishes the heritage of polo but also contributes to a sustainable business environment. Aligning with UN Sustainable Development Goals, JRPC aims to impact sustainable environment, gender equality, global partnership, and inclusive opportunities through the sport. It stands as a beacon, encouraging individuals across the globe to unite for a sustainable future.



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# गुर्जर समाज के युवाओं ने आंदोलन का किया आगाज

## एमबीसी वर्ग के साथ सरकार द्वारा किए गए समझौते की पालना नहीं होने पर रोष



करौली के पीजी कॉलेज के पीछे पानी की टंकी पर चढ़कर गुर्जर समाज के युवाओं ने रोष जताया।

■ गुर्जर समाज के युवाओं ने पानी की टंकी पर चढ़कर फिर एक बार आंदोलन की हुंकार भरी

**करौली, (निसं)।** एमबीसी वर्ग के साथ सरकार द्वारा किए गए समझौते की पालना नहीं होने पर गुर्जर समाज के युवाओं ने राजकीय पीजी महाविद्यालय के पीछे पानी की टंकी पर चढ़ कर फिर एक बार आंदोलन की हुंकार भरी पानी की टंकी पर चढ़ ने की सूचना पर मौके पर पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में कोतवाली थाना पुलिस,सदर थाना पुलिस सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह से सकारात्मक वार्ता होने पर टंकी पर से नीचे उतरे।

एमबीसी वर्ग से सरकार द्वारा वर्ष 2019-20 और 2022 में तीन-तीन बार समझौते करने के बाद भी एमबीसी वर्ग की प्रमुख मांगों को आज तक सरकार पूर्ण नहीं कर पाई है।जिसको लेकर बुधवार को गुर्जर समाज के युवाओ ने बड़ी संख्या में राजकीय पीजी महाविद्यालय के पीछे स्थित पानी की टंकी पर चढ़ कर आंदोलन की एक बार फिर हुंकार भरी है। गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के प्रवक्ता हाकिम सिंह गुर्जर ने बताया कि पूर्व में हुए आंदोलन के दौरान सरकार ने गुर्जर समाज की मांगों पर समझौता किया जिस समझौते में प्रमुख रूप से रीट 2018 की शेष 372 पदों पर नियुक्ति देना, रीट 2021 की 233 पदों की कोर्ट में प्रभावी पैरवी कर नियुक्ति देने और 1252 अभ्यर्थियों का नियमितीकरण करना एवं एससी-एसटी की तर्ज पर 40 प्रतिशत न्यूनतम मार्क वाली भर्तियों में न्यूनतम मार्क 35 प्रतिशत कर फस्ट ग्रेड, सेकंड ग्रेड पीटीआई एवं कंप्यूटर अनुदेशक भर्ती में जो खाली पद सामान्य वर्ग से भरे हैं उन सभी पदों पर रिवाइज कर एमबीसी वर्ग से भरा जाए एवं एमबीसी वर्ग का जाति प्रमाण पत्र अलग से बनाया जाए जिससे विभिन्न भारतीयों में अन्य वर्ग के अभ्यर्थी एमबीसी वर्ग से नौकरी व अन्य लाभ प्राप्त न कर सके सहित मांगों का समझौता हुआ था जिसको सरकार ने आज तक पूरा नहीं किया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि या तो सरकार 7 दिन में समझौता की मांगों को पूरा करें अन्यथा फिर एक बार आंदोलन की राह पकड़नी पड़ेगी

सरकार द्वारा पूर्व में किए गए समझौते की पालना नहीं होने पर गुर्जर समाज के युवा पानी की टंकी पर चढ़ गये जहां भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और उन्होंने काफी समझाया मगर युवा संतुष्ट नहीं हुए। शाम के समय पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम, कोतवाली प्रभारी हेमेंद्र के साथ गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के प्रवक्ता हाकिम सिंह सहित गुर्जर समाज के 8-10 युवाओं का प्रतिनिधी मंडल जिला कलेक्टर के आवास पर अपनी मांगों का ज्ञापन देने पहुंचे। जहा जिला कलेक्टर से प्रतिनिधी मंडल कि सकारात्मक वार्ता हुई। प्रवक्ता हाकीम सिह ने बताया कि या तो 7 दिन मे हमारी मांगें पूरी हो जाये अन्यथा गुडला पर चक्का जाम का आन्दोलन करने कि चेतावनी दी है। उन्होंने बताया कि वैसे तो जिला कलेक्टर ने आश्वासन दिया है कि आप कि मांगो को सरकार तक पहुंचायेंगे।

# चुनाव आवेदन देने के दौरान कांग्रेसियों में लात-घूंसे चले



अजमेर में कांग्रेसियों के बीच विवाद हो गया।

■ कांग्रेस नेता शिव बंसल व नौरत गुर्जर गुट के समर्थक आपस में कहासुनी को लेकर भिड़ गए

**अजमेर, (कासं)।** विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी चयन के लिए ब्लॉक स्तर पर मांगे गए आवेदनों को लेकर बुधवार को अजमेर ब्लॉक उत्तर (ब) की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें विधानसभा प्रभारी मुकुल गोयल मौजूद रहे।

धर्मेन्द्र राठौड़ के समर्थक नौरत गुर्जर, सर्वेश पारीक आदि ने धर्मेन्द्र राठौड़ का आवेदन प्रभारी व ब्लॉक अध्यक्ष को सौंपा। उसके पश्चात राठौड़ के पूर्व समर्थक रहे शिव बंसल गुट के बीच आपसी कहासुनी को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद मारपीट में तब्दील हो गया। बंसल के समर्थकों ने मनोनीत पार्षद सर्वेश पारीक सहित उनके साथियों पर लात घूसे बरसा दिए। कांग्रेस नेताओं ने दोनों गुटों के बीच मामले को शांत कराने के प्रयास किए, लेकिन आवेश के चलते दोनों ही गुट आपस में उलझते रहे।

देर रात तक कांग्रेस घटना को लेकर आपसी विवाद बताते रहे। वहीं शिव बंसल सहित अन्य कांग्रेसी गंज थाने पर पहुंच गए। कांग्रेस की ओर से अजमेर के जनकपुरी गंज में बैठक कर अजमेर उत्तर के दावेदारों से आवेदन लिए जा रहे थे। इसी दौरान शाम करीब चार बजे कांग्रेस नेता शिव बंसल व नौरत गुर्जर गुट के समर्थक आपस में कहासुनी को लेकर भिड़ गए। इस दौरान दोनों के समर्थकों के बीच जमकर लात घूंसे चले। वहां मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। इस सम्बन्ध में बात करने पर कांग्रेस नेता नौरत गुर्जर ने कहा कि हम लोग पीछे बैठे थे और धर्मेन्द्र राठौड़ की ओर से आवेदन देने आए थे, इसी दौरान शिव बंसल अपनी दावेदारी जताने के लिए समर्थकों के साथ आए और ये लोग निर्मल पारीक से लडने लग गए। बीच बचाव किया तो हंगामा कर मारपीट पर उतारू हो गए।

वहीं दूसरी ओर शिव कुमार बंसल का कहना रहा कि नौरत गुर्जर ने नमस्ते किया और नमस्ते का जवाब दे दिया, लेकिन उसके साथ आए निर्मल पारीक ने मुंह दबा दिया और इसके बाद अन्य लोग सर्वेश पारीक, नौरत गुर्जर व तीस चालीस जने आ गए और मारपीट कर दी। इससे कुछ लोगों के अंदरूनी चौटें आई है। ये लोग कांग्रेस के लिए कलंक है और निजी स्वार्थों के लिए राजनीति कर रहे है, कांग्रेस के लिये नही। शिव कुमार बसंल ने गंज पुलिस थाने में एक शिकायत देकर आरोप लगाया कि राजनीतिक द्वैशतावश नोरत गुर्जर, सर्वेश पारीक, निर्मल पारीक एवं उनके समर्थको ने कांग्रेस के महासचिव शिवकुमार बंसल एवं उनके समर्थको से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी और मारपीट के दौरान उनके पुत्र की सोने की चैन तोड़ी एवं चोटें आई है।

# अश्लील वीडियो बना पांच लाख की मांग, आरोपी गिरफ्तार



पुलिस टीम ने कार्यवाही कर तीन युवकों को गिरफ्तार किया।

**टोंक, (निसं)।** पुरानी टोंक थाना क्षेत्र में एक युवक व युवती को धमकाकर सुनसान इलाके में ले जाया गया, जहां उनको निर्वस्त्र कर अश्लील वीडियो बनाया गया तथा युवक के परिवार को जान से मारने की धमकी देकर पांच लाख रूपये लिये जाने का मामला थाने में दर्ज कराया गया। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने कार्यवाही कर युवक व महिला को सकुशल दस्तयाब कर तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

थाना पुलिस के अनुसार सुरेन्द्र उर्फ सुनिल महावर निवासी महावर नगर छावनी जो अपनी बाइक ठीक कराने बस स्टैण्ड आया था, उसी दौरान एक अन्य महिला बैंक से अपना काम कर मोबाइल की दुकान पर गई और वहों आरोपियों ने महिला से बात कर उसकी सहायता करने की बात कहते हुए उसे बस स्टैण्ड छोड़ देने की बात कहकर अपने साथ बाइक पर बिढा लिया और आरोपियों ने सुनिल की मोटरसाईकिल को रोक और मारपीठ कर दोनों को अपने साथ लेकर फाइरिंग रेन्ज की तरफ ले गये। जहां सुनिल के साथ मारपीठ कर नग्न अवस्था सुनिल और महिला को अश्लील अवस्था में दर्शाते हुए वीडियो बनाया तथा सुनिल के भाई को फोन पर धमकी देजे हुए पांच लाख फरोती की मांग की।

गत 22 अगस्त को दर्ज हुए इस प्रकरण में पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों को हिरासत में ले लिया। आरोपियों में नईम पुत्र मोहम्मद मियां निवासी देशवाली मोहल्ला पुरानी टोंक जिसके विरूध पहले से ही 20 मामले दर्ज है। इसी प्रकार फरजान खान उर्फ रानू पुत्र मोहम्मद उमर उर्फ लाडला उम्र 22 साल निवासी खिडी दरवाजा पुरानी टोंक एवं विनोद पुत्र कजोडमल गुर्जर उम्र 32 साल निवासी बम्बोर गेट पुरानी टोक इसके विरूद्ध भी पूर्व में 3 प्रकरण दर्ज है।

# महिला और उसके पति को सरकारी नौकरी का झांसा दिया

**जोधपुर, (कासं)।** जिला पश्चिम में एक महिला और उसके पति को सरकारी नौकरी का झांसा देकर उसके ही जिले के रहने वाले एक शख्स ने साढ़े छह लाख की ठगी कर ली। महिला को रेलवे अस्पताल में ज्वाइन का फर्जी सर्टिफिकेट थमा दिया। महिला ज्वाइन करने पहुंची तो धोखाधड़ी का लगा पता। महिला का यह भी आरोप है कि परिचित ने उसका यौनाचार भी किया। घटना में शास्त्रीनगर थाने में मामला दर्ज हुआ है। जिसकी जांच की जा रही है।

निरीक्षक प्रदीप डांगा ने बताया कि एक महिला की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। अदालत से भेजे इस्तगासे पर प्रकरण दर्ज किया गया है। इसमें बताया कि वह मूल रूप से जालोर की रहने वाली है। उसके ही जिले का रहने वाला बालकाराम परिचित है। जिसने कुछ समय पहले महिला और उसके पति को सरकारी नौकरी पर लगाने की बात की। इसके लिए पहले उससे डेढ़ लाख रूपए ले लिए। बाद में पांच लाख और लिए थे। महिला को रेलवे अस्पताल में ज्वाइन का एक पत्र दे दिया।

महिला का कहना है कि वह नौकरी लगने के लिए रेलवे अस्पताल गई तो पता लगा कि वहां से ऐसा कोई सर्टिफिकेट जारी नहीं किया गया है। यह तो फर्जी है। महिला का आरोप है कि बालकाराम ने ना सिर्फ नौकरी के नाम पर ठगी की बल्कि उसके साथ में दुष्कर्म भी किया। थानाधिकारी डांगा ने बताया कि मामले में तफ्तीश आरंभ की गई है। पीड़िता का मेडिकल करवाने के साथ बयान लिए जाने है।

# फर्जी दस्तावेजों से जमीन हड़पने का आरोप

**सुजानगढ़, (निसं)।** स्थानीय पुलिस थाने में पवन कुमार धानुका पुत्र स्व. रामगोपाल अग्रवाल, निवासी कोलकाता ने मुकदमा दर्ज करवाकर पुलिस को बताया है कि मेरी मौसी ने मुझे एक मकानात सहित भूखंड वसीयत किया था जो कि यह भूखंड नया बाजार में केसरिया कंवरजी के मंदिर के पास स्थित है। पवन कुमार ने बताया है कि उक्त भूमि के सम्बंध में नारायण खाखोलिया व अन्य लोगों द्वारा विवाद पैदा करने पर कोर्ट द्वारा मेरे पक्ष में स्थगन आदेश भी जारी किया था। जिसकी अपील में भी स्थगन आदेश को यथावत् रखे जाने के आदेश दिये गये हैं, जो वर्तमान समय तक कायम है। प्रार्थी का कहना है कि जब मैं और मेरा पुत्र शशि धानुका अभी सुजानगढ़ में इस भूखंड को संभालने के लिए आए, तो पता चला कि महेंद्र नाई, मांगीलाल नाई, अश्विनी नाई, हरीओम पुत्र महेंद्र, महेंद्र की पत्नी आदि ने जमीन के कूटरचित दस्तावेजों मुलजिम निर्मल भरतिया से मिलकर उक्त जमीन को हड़प कर लिया। प्रार्थी का आरोप है कि आरोपियों ने मुझे धमकी दी कि अगर जमीन वापस लेने की कोशिश की तो तुम्हें झूठे मुकदमों में फंसा देंगे।

# पिस्टल दिखाकर कार, मोबाइल और नगदी लूटी

## फालना से कार किराये पर लेकर सवार हुए बदमाश, जोधपुर में पिस्टल दिखाकर लूटा

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के निकट नांदड़ाकलां गांव में पाली जिले के एक व्यक्ति और उसके साले के पुत्र को पिस्टल दिखाकर दो युवक कार, मोबाइल और नगदी लूटकर ले गए। बदमाशों ने फालना में कार को किराये पर ली और यहां पिस्टल दिखाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने लुटेरों की तलाश में लगी है। आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों की पहचान के साथ तलाश की जा रही है। पीड़ित ने इस बारे में बनाड़ थाने में मामला दर्ज कराया है।

बनाड़ पुलिस ने बताया कि पाली जिले के फालना स्थित खुडाला का रहने वाला रमेश सरगरा पुत्र फूलाराम अपने साले के पुत्र के साथ कार टैक्सी चलाता है। मंगलवार की अलसुबह यह लोग फालना से अपनी स्वीफ्ट कार लेकर निकले थे। तब फालना में ही दो लोगों ने उनसे कार को किराया किया और जोधपुर लेकर चलने को कहा। इस पर उन्हें कार में बिठा लिया गया। रमेश सरगरा और उसका साले का पुत्र यहां मंडोर जाने वाले रास्ते पर निकले, मगर उससे पहले नांदड़ाकलां गांव की सरहद में पहुंचने पर दोनों बदमाशों ने पिस्टल निकाल ली और उन्हें डरा-धमकाकर कार से नीचे उतार दिया। खुद कार को लेकर फरार हो गए। कार के साथ दो मोबाइल और नगदी ले गए। पुलिस को जब तक सूचना मिलती लुटेरे भाग चुके थे। पुलिस ने पीड़ित के बताए हुलिया के आधार पर तलाश आरंभ करने के साथ ही सीसीटीवी फुटेजों को खंगालना शुरू किया है।

# ट्रेलर ने बालक को कुचला

## बालक की मौत, माता- पिता घायल



मृतक बालक।

**शाहपुरा, (निसं)।** शाहपुरा के गणेशम सिनेमा के सामने बुधवार को एक अज्ञात ट्रेलर ने बाइक के टक्कर मार कर बाइक पर सवार 5 वर्षीय बालक को कुचल दिया। जिससे बालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और उसके माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गये।

जानकारी के अनुसार बाइक सवार खेजरोली निवासी जितेंद्र कुमावत व माया कुमावत और 5 वर्षीय बालक आयुष कुमावत के साथ अपने गांव खेजरोली से बालक के मामा के घर भाभरू गांव जा रहे थे। इस दौरान शाहपुरा पहुंचने पर गणेशम सिनेमा के सामने तेज रफ्तार से पीछे से आ रहे एक अज्ञात ट्रेलर ने बाइक के टक्कर मार दी। ट्रेलर के कुचलने से बालक आयुष कुमावत की मौके पर ही मौत हो गई और उसके माता-पिता जितेन्द्र कुमावत व माया देवी कुमावत गंभीर घायल हो गये।

सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को राजकीय चिकित्सालय शाहपुरा में भर्ती करवाया। वहीं बालक के क्षत-विक्षित शव को उठाकर राजकीय चिकित्सालय में पहुँचाया जहाँ पर डाक्टरों ने शव का पोस्टमार्टम करके शव परिजनों को सौंप दिया। इस दर्दनाक भीषण हादसे से परिजनों का रो-रो कर हाल-बेहाल है।

# तकनीकी कर्मचारी हड़ताल पर

**बीदासर, (निसं)।** राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन के प्रदेश स्तरीय आव्हान पर बिजली कार्मिकों की 13 सूत्री मांगों को लेकर बुधवार को तीसरे दिन कनिष्ठ अभियंता विद्युत तकनीकी कर्मचारी हड़ताल पर रहे। हड़ताल के चलते विद्युत निगम का कार्य प्रभावित हो रहा है।

निगम के कर्मचारी पुरानी पेंशन स्कीम की विसंगति दुर करवाने, इंटर डिस्कॉम ट्रांसफर नीति बनवाने, आरजीएचएस को राज्य कर्मचारियों समान लागू करवाने, 2018 में बने नये तकनीकी टेंडर की वेतन विसंगति दूर करवाने, अनुकम्पा पर नियुक्त 12वीं पास तकनीकी कर्मचारियों को कनिष्ठ सहायक बनाने की मांग को लेकर हड़ताल पर चल रहे है। बुधवार को जोधपुर डिस्कॉम के बीदासर कार्यालय में तीन में से दो कनिष्ठ अभियंता तथा 50 तकनीकी कर्मचारियों में से 32 कर्मचारी हड़ताल पर रहे। जिससें विद्युत व्यवस्था पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं।

# माण्डलगढ़ में विरोध के चलते कांग्रेस पार्टी के टिकट दावेदारों का पैनल नहीं बन सका

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने प्रस्ताव बनाकर जिला व पीसीसी को भेजा

■ माण्डलगढ़ की 16 ग्राम पंचायतों को शाहपुरा जिले में शामिल करने का विधानसभा प्रभारी के समक्ष जताया विरोध

■ माण्डलगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस संगठन पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक

**माण्डलगढ़, (निसं)।** माण्डलगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर माण्डलगढ़ डाक बंगला में बुधवार को कांग्रेस संगठन पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में माण्डलगढ़ की 16 ग्राम पंचायतों को नव सृजित शाहपुरा जिले में शामिल किए जाने के विरोध का मुद्दा छाया रहा। सरपंच संघ और कार्यकर्ताओं के निर्णय के मुताबिक विधानसभा प्रभारी की मौजूदगी में आगामी चुनाव के सम्भावित दावेदारों का पैनल तैयार नहीं हो सका। वहीं एक नेता ने उक्त निर्णय से अपने आपको अलग रखकर दावेदारी करने की पैरवी कर डाली। इस दौरान बैठक में हंगामा छा गया।

माण्डलगढ़ विधानसभा प्रभारी डॉ. ललित बोरीवाल बुधवार को कांग्रेस पार्टी के दावेदारों की रायशुमारी के लिए माण्डलगढ़ पहुँचे। हालांकि बैठक में चुनाव में दावेदार नेताओं की लंबी कतार लगी। लेकिन इस बीच माण्डलगढ़ विधानसभा क्षेत्र की 16 ग्राम पंचायतों को नवसृजित शाहपुरा जिले में शामिल किए जाने के बाद पुन: उक्त पंचायतों को भीलवाड़ा जिले में ही रखने की मांग को लेकर विगत दो सप्ताह से सरपँच संघ और ग्रामीणों द्वारा धरना प्रदर्शन किया जा रहा हैं।

सरपंच संघ अध्यक्ष फौरी देवी भेरूलाल गुर्जर के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी व माण्डलगढ़ विधानसभा प्रभारी डॉ. ललित बोरीवाल को ज्ञापन देकर टिकट दावेदारों का पैनल तैयार नहीं किए जाने का ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया कि जब तक हमारी मांग पूर्ण करने का आश्वासन मुख्यमंत्री से नहीं मिलता हैं जब तक कांग्रेस पार्टी का कोई भी नेता अपने टिकट की दावेदारी नहीं करेगा। उक्त निर्णय पर पूर्व जिला प्रमुख इंजीनियर कन्हैया लाल धाकड़ ने अपनी नाराजगी जताते हुए अपने आपको अलग कर लिया। धाकड़ ने दावेदारी प्रस्तुत करने की पैरवी की। धाकड़ की उक्त आपत्ति पर बैठक में हंगामा खड़ा हो गया।

विधानसभा प्रभारी बोरीवाल ने कहा कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उक्त प्रस्ताव और ग्राम पंचायतों के मामले को लेकर जल्द ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओर मुख्यमंत्री को अवगत करा कर समाधान के प्रयास किए जाएंगे। शीघ्र की पैनल तैयार करने की आगामी तिथि तय करने के लिए पीसीसी को अवगत कराया जाएगा और आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सीट माण्डलगढ़ भारी मतों से जीती जाएगी और राजस्थान में दोबारा कांग्रेस की सरकार बनेगी। बैठक में टिकट की दावेदारी जताने पूर्व विधायक विवेक धाकड़, प्रदीप कुमार सिंह, वंदना माथुर, राहुल माथुर, भेरू लाल गुर्जर, प्रधान जितेंद्र मूंदड़ा, गोपाल मालवीय व सत्यनारायण जोशी समेत कई नेता पहुंचे थे। लेकिन सरपँच संघ और कार्यकर्ताओं के विरोध के चलते अपनी दावेदारी पेश नहीं कर सके। वहीं माण्डलगढ़ में विरोध प्रदर्शन और हंगामे की स्थित को भांपते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी और पर्यवेक्षक बैठक में नहीं पहुंचे।

# देहात कांग्रेस के संभावित उम्मीदवारों की सूची में उदयपुर ग्रामीण सीट से दो नाम सामने आए

■ पूर्व विधायकों में डॉ. दयाराम परमार, रघुवीर मीणा, बसंतीदेवी मीणा, मांगीलाल गरासिया ने भी आवेदन किया

**उदयपुर, (कासं)।** आगामी विधानसभा चुनावों के लिए देहात कांग्रेस द्वारा बुधवार को संभावित अवधि समाप्त होने पर संभावित उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी गई है। सूची अन्तर्गत मावली विधानसभा क्षेत्र से 15, झाड़ोल से 14, उदयपुर ग्रामीण से दो, वल्लभनगर से तीन, गोगुन्दा से दो, सलूम्बर से 6 तथा खेरवाड़ा से तीन उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी पेश की है। हालांकि उम्मीदवार कौन बनेगा इस पर अंतिम मुहर आलाकमान ही लगाएगी।

देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष कचरूलाल चौधरी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार संभावित उम्मीदवारों जिन्होंने अपनी दावेदारी जताई है इनमें उदयपुर देहात विधानसभा क्षेत्र से विवेक कटारा व शारदा रोत, खेरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान विधायक डॉ. दयाराम परमार, बंशीलाल मीणा तथा कालूराम मीणा, मावली विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक रहे पुष्कर डांगी, सुरेश सुथार, राजेन्द्र गोखरू, जगदीशराज श्रीमाली, जितेन्द्र सिंह चुंडावत, नरेन्द्र चंडालिया, भंवरलाल गुर्जर, कामिनी गुर्जर, निरंजन चौधरी, गोवर्धन सिंह चौहान, गोपाल सिंह चौहान, मोहन जाट, लवकुमार पुरोहित, कमल डांगी तथा डॉ. महेश त्रिपाटी से उम्मीदवारी के लिए आवेदन किया है।

इसी प्रकार सलूम्बर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद रघुवीर सिंह मीणा, बसंती देवी मीणा, रेशमा मीणा, कन्हैयालाल मीणा, गौतम लाल मीणा, नगराज मीणा, वल्लभनगर विधानसभा क्षेत्र से प्रीति शक्तावत, कुंदन सिंह कच्छेर, कुबेर सिंह चावड़ा, गोगुन्दा से पूर्व मंत्री डॉ. मांगीलाल गरासिया, सवाराम गमेती तथा शारदा रोत, जबकि झाड़ोल विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक हीरालाल दरांगी, शंभुलाल कसुता, विजयप्रकाश वडेरा, सदनकुमारी दरांगी, सुनील कुमार भजात, राधादेवी परमार, प्रकाशचन्द्र डूंगरी, हेमंत कुमार गरासिया, पुष्करलाल डामोर, नानालाल गरासिया, रूपलाल वहिया, शांतिलाल खोखरिया, प्रकाशचन्द्र वडेरा तथा रामसिंह गरासिया ने अपनी उम्मीदवारी प्रस्तुत की है।

# दुकान मालिक के बेटे व नौकर को बंधक बनाकर एक करोड़ के जेवर व नकदी लूटी

## हिडन कैमरे में कैद हुई लूट की पूरी वारदात, आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने की 12 टीमें गठित

**राजसमंद, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर कांकरोली थाना क्षेत्र में तीन बदमाश मोटरसाईकिल पर सवार होकर आए और हथियार दिखाकर जेवर की दुकान से करीब एक करोड़ रूपये के जेवरात लूट कर ले गये। बदमाशों ने दुकान मालिक के बेटे व वहां पर काम करने वाले रिश्तेदार को बंधकर बनाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने दूकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की मशीन व दोनों के माबाईल भी लेकर फरार हो गए। लूट की वारदात के बाद शहर में सनसनी फैल गई। सूचना पर कांकरोली पुलिस से जाब्ता पहुंचा साथ ही एसपी सुधीर जोशी भी वारदात स्थल पर पहुंचे जहां उन्होंने दुकान मालिक और आस-पास के दुकानदारों से बातचीत की।


लूट की वारदात के बाद घटना स्थल पर एसपी सुधीर जोशी ने मौका मुआयना किया।

शहर के रूपम ज्वेलर्स की दुकान में लूट की वारदात के बाद तीनों नकाबपोश मौके से फरार हो गए। वारदात के दौरान दुकान में मौजूद रहे मालिक के बेटे ने बताया कि बदमाश बिहारी भाषा में बात कर रहे थे। पुलिस ने आवश्यक साक्ष्य जुटाकर अलग-अलग टीमों का गठन करते हुए जिलेभर सहित आसपास के जिलों में कई जगहों पर नाकाबंदी करवा दी। कांकरोली थाना क्षेत्र के राजनगर-कांकरोली मुख्य सडक पर स्थित रूपम ज्वेलर्स की दूकान में बुधवार सुबह 10:30 बजे ग्राहक बनकर दूकान में घुसे बदमाशों ने दूकान मालिक के बेटे व दूकान पर ही काम करने वाले रिश्तेदार से पिस्टल की नोक पर डराया-धमकाने के बाद बदमाश तिजोरी और दुकान में रखी करीब एक करोड रुपए कीमत की ज्वेलरी ले गए। जानकारी के अनुसार जलचक्की रोड पर संजय सोनी की रूपम गोल्ड नाम से ज्वेलरी की दुकान है। सुबह करीब 10 बजे संजय के बेटे आर्यन सोनी ने दुकान खोली थी।

कुछ देर बाद ही एक युवक आया और ज्वेलरी दिखाने को कहा। सारी ज्वेलरी तिजोरी में रखी थी। दुकानदार ने कुछ देर रुकने को कहा। आर्यन जैसे ही तिजोरी खोल कर ज्वेलरी दिखाने लगाए उस युवक ने बाहर खडे अपने दो साथियों को इशारा कर अंदर बुला लिया। दुकानदार कुछ समझ पाता इससे पहले ही दो बदमाशों ने आर्यन व कर्मचारी मदन पर पिस्तौल तान दी और एक कोने में बैठा दिया। इसके बाद दुकान में रखी करीब 15 लाख रूपये की नकदी व सारी ज्वेलरी समेत सोने-चांदी के सामान बैग में भरकर बाइक से फरार हो गए। व्यापारी चिल्लाते हुए बाहर आया तो आस-पास के लोगों को इसकी जानकारी मिली। इसके बाद आर्यन रोने लगा और पूरी घटना बताई।

- **ज्वेलर्स की दुकान में लूट की वारदात के बाद तीनों नकाबपोश बदमाश मौके से फरार हो गए**

तीनों बदमाश ज्वेलरी की दुकान में लूट की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें लूट की वारदात से लेकर फरार होने की घटना रिकॉर्ड हो गई है।

एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेकर शहर सहित आसपास के पुलिस थाना क्षेत्रों में नाकाबंदी करने के साथ ही सीसीटीवी फुटेज खंगालेने शुरू कर दिया। सूचना मिलने के बाद कांकरोली सीआई दुर्गा प्रसाद दाधीच मय जाब्ता तत्काल मौके पर पहुंचे और वारदात की जानकारी ली। उसके बाद एसपी सुधीर जोशी, एएसपी शिवलाल बैरवा, डीएसी रूद्रप्रकाश शर्मा, तहसीलदार नारायण प्रसाद शर्मा, राजनगर कोतवाल लीलाधर मालवीय भी पहुंचे। वहीं एमओबी टीम ने घटना स्थल दूकान का मौका मुआयना करते हुए फिंगर प्रिंट सहित अन्य आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने सीसीटीवी खंगालते हुए आरोपियों को पकडने के प्रयास शुरू किए। सीसीटीवी फुटेज में वारदात को अंजाम देकर दो बदमाश बाइक पर जाते हुए नजर आ रहे हैं। इनके हाथ में जेवरात से भरा बैग भी है। इधर, वारदात के बाद आस-पास के व्यापारी भी अपनी दुकान से बाहर आ गए और घटना को लेकर आक्रोश जताया। इस दौरान कांकरोली बस स्टेण्ड से लेकर जलचक्की मार्ग अपरान्ह 4 बजे तक बंद रहा।

**व्यापारियों ने दिया धरना :-** दूकान में हुई लूट की वारदात में शामिल आरोपियों को पकडने की मांग को लेकर सभी व्यापारी धरने पर बैठ गए। इस दौरान कांकरोली-जलचक्की सडक मार्ग जाम रहा। वहां पर मौजूद आक्रोशित व्यापारियों को पुलिस ने समझाईश की ओर धरना समाप्त करवाया। इस दौरान सभापति अशोक टांक, नेताप्रतिपक्ष हिम्मत कुमावत, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मोहन कुमावत, भाजपा नेता दिनेश बडाला, गणेश पालीवाल सहित शहर के प्रबुद्धजन मौजूद थे। इधर, घटना के विरोध में सर्राफा एसोसिएशन के आव्हान पर बुधवार दोपहर 1 बजे बाजार बंद रहेगा। सुबह 11 बजे सभी व्यापारी एकत्रित होकर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर सीएम के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

# नवोदय विद्यालय में छात्र फंदे से लटका मिला


पावटा के नवोदय विद्यालय में पुलिस व एसएफएल टीम ने जांच की।

**पावटा, (निसं)।** कोटपूतली बहरोड़ जिले के उपखंड पावटा के जवाहर नवोदय विद्यालय में बुधवार को दसवीं क्लास के छात्र की लाश अपने ही क्लास रूम में फंदे से लटकी मिली। मृतक की पहचान सचिन कुलदीप के रूप में हुई है।

सचिन कुलदीप पुत्र बनवारी लाल रेगर उम्र 16 साल निवासी हनुतपुरा तहसील शाहपुरा पावटा ब्लॉक के नवोदय विद्यालय में कक्षा दस का छात्र है। मंगलवार रात उसने अपने ही क्लास रूम में पंखे से लटकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। वहीं बुधवार सुबह करीब 6.30 बजे विद्यालय सफाईकर्मी कोमल क्लास में सफाई के लिए गई तब क्लास रूम में बच्चे का पंखे से लटका शव मिला। सफाईकर्मी ने इसकी जानकारी अपने पति सुनील को दी जो कि वहीं सफाईकर्मी है। मामले की जानकारी कोमल व सुनील ने विद्यालय प्रधानाचार्य अजय कुमार अग्रवाल को दी। सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विद्याप्रकाश, वृत्त विराटनगर वृत्ताधिकारी कार्य वाहक बृजेश कुमार ने मौके पर पहुंच एस एफ एल टीम को सूचित किया। जयपुर से आई एसएफएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए।

वहीं मृतक के परिजनों की उपस्थिति में मृतक के शव को नीचे उतार पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस बीच परिजनों ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करने से इंकार करते हुए विद्यालय शिक्षकों पर छात्र को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। मृतक के परिवार के सदस्यों का कहना है कि इतनी सी उम्र में इतना बड़ा कदम उठाने के पीछे कोई छोटी बात नहीं हो सकती है। जिसको लेकर जनप्रतिनिधियों सहित परिजन पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में धरने पर बैठ गए।

जहां मौके पर पावटा उपखंड अधिकारी बजरंगलाल स्वामी, वृत्त विराटनगर वृत्ताधिकारी कार्य वाहक बृजेश कुमार, प्रागपुरा थाना प्रभारी सवाई सिंह ने पहुंचकर समझाइश करवाने की कोशिश की। वहीं परिजनों ने निष्पक्ष जांच, मुवावजे सहित एक सरकारी नौकरी की मांग की है। वहीं वार्ता के लिए सात सदस्यीय टीम गठित की गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विद्याप्रकाश, वृत्त विराटनगर वृत्ताधिकारी कार्य वाहक बृजेश कुमार ने कहा कि जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाही की जाएगी।

# दादी-पोते को ट्रेलर ने मारी टक्कर

## दादी की मौत, घायल पोते का शहर के एक निजी अस्पताल में उपचार जारी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के मांडल थाना क्षेत्र के बलाईखेड़ा मोड़ पर बस के इंतजार में खड़ी दादी-पोते को ट्रेलर ने टक्कर ने कुचल दिया। हादसे में गंभीर घायल दादी ने उदयपुर के एक अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड दिया, जबकि घायल पोते का शहर के एक निजी अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। मांडल पुलिस ने बताया कि बागौर थाने के बैरां निवासी सोहन लाल पुत्र बालुराम रैगर ने रिपोर्ट दी कि 21 अगस्त को शाम करीब 4 बजे वह उसकी मां नंदू देवी व भतीजे पवन पुत्र हरफूल रैगर को भीलवाड़ा जाने के लिए बस में बैठाने बलाईखेड़ा मोड़ पर मोपेड से ले गया।

दोनों को वहां उतारने के बाद मोपेड खड़ी कर वह लघुशंका के लिए चला गया। इसी दौरान भीलवाड़ा की ओर से आये तेज रफ्तार ट्रेलर ने परिवादी की मां नंदू देवी व भतीजे पवन को मोपेड़ सहित चपेट में ले लिया। हादसे में परिवादी मां व भतीजा घायल हो गये, जिन्हें एमजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मां नंदू की हालत गंभीर होने से उसे उदयपुर के निजी अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान मंगलवार को नंदू देवी ने दम तोड़ दिया। परिजन शव को मांडल अस्पताल ले आये, जहां बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं घायल पवन का शहर के निजी अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने सोहन लाल की रिपोर्ट पर ट्रेलर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

## युवक की मौत

**मालपुरा, (निसं)।** लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के रूपाहेली गांव के पास बुधवार की दोपहर कुएं में गिरने से युवक की मौके पर मौत हो गई। जानकारी में सामने आया कि रूपाहेली निवासी लक्ष्मण सिंह पुत्र हीरालाल रावणा राजपूत उम्र 20 साल जो कि बुधवार को खेत पर कुएं की मुंडेर के पास से गुजर रहा था तो असंतुलित हो कुएं में जा गिरा। कुएं में गहरा पानी होने से युवक पानी में डूब गया। धमाके की आवाज सुनकर दौड़े खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने परिजनों व लाम्बाहरिसिंह थाना पुलिस को सूचना दी।

# फर्जी सरकारी अफसर बनकर महिलाओं से ठगी

- **कार सवार ठगों ने महिलाओं को जेवरों के लिफाफे को बदलकर दे दूसरा दिया**
- **महिलाओं ने लिफाफा खोलकर देखा तो लोहे की पत्तियां निकली**

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के रायला थाना क्षेत्र में महिलाओं के आभूषण ठगने वाले गिरोह ने भीलवाड़ा से आई दो बहनों का इंतजार कर रही चौराहे पर खड़ी महिला को लिफ्ट देकर आभूषण ठगी की वारदात को अंजाम दिया है।

रायला थाने में दी गई शिकायत में कुंडिया निवासी रानी पत्नि मंगल सिंह रावणा राजपूत ने कहा है कि वह मंगलवार दोपहर 12.30 बजे सरेरी चौराहे से अपने घर कुंडिया जाने के लिए भीलवाड़ा से बस में आ रही दो बहनों का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान एक मारुति कार मेरे पास आकर रुकी। कार सवार ने पूछा यह रास्ता किस तरफ जाएगा इतने में बताया कि यह रास्ता कुंडिया की तरफ जाएगा। बदमाशों ने बातों के जाल में फंसा कर बोला कि आपको किस तरफ जाना है। इतने में कुंडिया जाने की बात कही और कार सवार ने मेरी दो बहने चांदी देवी और दुर्गा देवी को भी बस से उतरने के बाद कार में बिठाकर कुंडिया रास्ते की तरफ ले गया। बदमाशों ने महिलाओं से कार में बैठे बैठे बातचीत का दौर जारी रखते हुए कहा कि आपके पास किसी प्रकार का कोई हथियार तो नहीं है क्योंकि आजकल समय सही नहीं है और मेरी यह गाड़ी सरकारी विभाग में लगी हुई है।

कार चालक बदमाश ने महिला को कहा कि आपने यह जो आभूषण पहन रखे उसे भी आप खोलकर एक लिफाफे में रखकर मेरे सिग्नेचर कर देता हूं जिससे आप को आगे किसी प्रकार की कोई परेशानी नही आएगी। क्योंकि अगर किसी प्रकार कोई घटना हो जाती है तो हमारे सीनियर अधिकारी अनजान महिला को गाड़ी में बैठाने से मना करते हैं। इतने में नज़रें चुराकर बदमाशों ने लिफाफे को बदलकर महिला को दे दिया। जब महिला अपने गांव कुंडिया उतरी तब लिफाफा खोलकर देखा तो इसमें लोहे की पत्तियां निकली।

रायला थाना अधिकारी महावीर प्रसाद शर्मा का कहना है कि महिला के साथ हुई धोखाधड़ी की सूचना जब मिली तो पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए क्षेत्र में नाकाबंदी करवाई और घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के जरिए बदमाशों तक पहुंचने के प्रयास शुरू कर दिए है।

# जनता ने गहलोत सरकार को विदा करने का मन बनाया : गजेन्द्र सिंह शेखावत

## केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कार्यकर्ताओं से ईआरसीपी के मुद्दे को लेकर विस्तार से चर्चा की

**भरतपुर, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष ऋषि बंसल के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री शेखावत का जिला कार्यालय पहुंचने पर स्वागत किया।

इस दौरान भाजपा के पदाधिकारी, स्थानीय सांसद रंजीता कोली, प्रदेश मंत्री भानु प्रताप सिंह, जिला प्रमुख जगत सिंह, विधायक मेघश्याम सिंह, पूर्व मंत्री कृष्णाएंड्रा कौर, जिला प्रभारी बनवारी लाल सिंघल, पूर्व सांसद बहादुर सिंह सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी जनप्रतिनिधि भरतपुर जिले की संगठनात्मक बैठक में मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कार्यकर्ताओं से ईआरसीपी के मुद्दे को लेकर विस्तार से चर्चा की और कहा कि केन्द्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी का यह ड्रीम प्रोजेक्ट है, लेकिन प्रदेश की कांग्रेस सरकार इसको लेकर आमजन में भ्रम फैला रही है। शेखावत ने कहा कि पूर्वी राजस्थान की यह परियोजना 13 जिलों की प्यास बुझा सकती है, लेकिन राज्य सरकार, मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेताओं ने खुद अड़ंगा लगा रखा है।



केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने बैठक को संबोधित किया।

केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि राजस्थान की जनता ने गहलोत सरकार को विदा करने का मन बना लिया है। प्रचंड बहुमत से अगली सरकार भाजपा की बनेगी और कैबिनेट की पहली बैठक में ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट (ईआरसीपी) को स्वीकृति देकर पूर्वी राजस्थान के पूरे 13 जिलों में पीने और सिंचाई का पानी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि गहलोत जिस ईआरसीपी को खुद पूरा करने की बात कह रहे हैं, उससे मात्र तीन जिलों जयपुर, टोंक और अजमेर की प्यास बुझेगी। भरतपुर, अलवर सहित पूर्वी राजस्थान के शेष जिलों के कंठ प्यासे ही रहेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों में राज्य की कुल आबादी के 40 प्रतिशत लोग रहते हैं।

शेखावत ने कहा कि राजस्थान सरकार के मुखिया अशोक गहलोत को मैंने बार-बार पत्र लिखकर आग्रह किया कि इस पर आगे मार्ग निकालते हैं। हमने दस बार मीटिंग्स का आयोजन किया, लेकिन एक भी बार राजस्थान सरकार के जल संसाधन मंत्री, पहले अशोक गहलोत के पास ही इसका दायित्व था, न वो बैठक में आए, न मंत्री उस बैठक में उपस्थित हुए। शेखावत ने भाजपा में गुटबाजी की खबरों को भी निराधार बताया और कहा कि हमारे एक ही नेता है नरेन्द्र मोदी और एक ही चिन्ह कमल का फूल। सब इनके साथ खड़े हैं। विधायक का चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी जब और जैसा निर्देश देगी, वैसा ही काम होगा।

## महिला से सामूहिक दुष्कर्म

**रावलामंडी, (निसं)।** यहां एक विवाहिता ने सात लोगों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोप में रावला थाना में केस दर्ज कराया है। एसपी के आदेश पर दर्ज हुए मामले में पीड़िता ने विष्णु बिश्नोई, सुरेंद्र, महेंद्र, सुनील, इंद्राज, पवन तथा अश्कर के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। एसपी के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। परिवाद के अनुसार पीड़िता की शादी 2013 में हुई थी। पति से मतभेद के चलते 2022 में तलाक हो गया। बाद में वह मानसिक रूप से बीमार रहने लगी। एक बार वह बीकानेर गई हुई थी जहां एक व्यक्ति ने शादी का झांसा देकर विष्णु बिश्नोई से मिलवाया। बाद में विष्णु व उसका एक साथी उसे एक जगह ले गया। जहां 10-12 दिन रुकने के बाद वापस अपने घर ले आया।

# ट्रेन की चपेट में आने से लड़के-लड़की की मौत

**हनुमानगढ़, (निसं)।** पीलीबंगा थाना इलाके के अमरपुरा गांव के पास देर रात को ट्रेन की चपेट में आने से नाबालिग लड़के और लड़की की मौत हो गई। इस मामले में दोनों मृतकों के परिजनों की रिपोर्ट पर पीलीबंगा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस इस मामले को प्रेम प्रसंग से जोड़कर देख रही है।

एसआई गोपालसिंह ने बताया कि रात सवा 9 बजे पीलीबंगा पुलिस थाने में फोन के जरिए सूचना मिली कि सूरतगढ़ रोड पर स्थित अमरपुरा गांव के पास ट्रेन की टक्कर लगने से 2 लोगों की मौत हो गई है। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी विक्रम चौहान पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मृतकों की पहचान सुखविन्द्र सिंह (17) पुत्र बूटासिंह मजहबी निवासी वार्ड 8, चक खोसेवाला (सदासिंहवाला) और मीनाक्षी (15) पुत्री महावीर सिंह शाक्य निवासी वार्ड 35, मण्डी पीलीबंगा के रूप में हुई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर दोनों शव कब्जे में लेकर पीलीबंगा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के मॉर्चरी कक्ष में रखवाए। लड़की के पिता महावीर सिंह शाक्य पुत्र रामचन्द्र शाक्य और लड़के के पिता बूटासिंह पुत्र बलवीर सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। बुधवार सुबह दोनों शवों के पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिए हैं। मृतका मीनाक्षी कक्षा आठवीं जबकि सुखविन्द्र सिंह कक्षा 10 का स्टूडेंट था। दोनों मामलों की जांच एसआई गोपालसिंह कर रहे हैं।

# भाई और दो पुत्रों ने मिलकर बड़े भाई की हत्या की

- **घटना को अंजाम देकर पिता और दोनों पुत्र मौके से फरार हो गये**

**पिंडवाडा, (निसं)।** पिण्डवाड़ा शहर के निकटवर्ती बिलर गांव रहने वाले दो सगे भाई के परिवार में बेवजह बड़े भाई को छोटे भाई और उनके दो पुत्रों ने मिलकर चिमटे से सिर पर वार कर मौत के घाट उतार दिया। घटना को अंजाम देकर पिता और दोनों पुत्र मौके से फरार हो गये।

पुलिस को हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस उपाधीक्षक जेठू सिंह करनोत, पुलिस थानाधिकारी सीताराम बेरवा घटनास्थल पहुंचकर जांच पडताल कर मृतक के शव को राजकीय चिकित्सालय मोर्चरी रूम में रखवाकर आरोपी की तलाश में जुटे। जानकारी के अनुसार शहर के निकटवर्ती बिलर गांव में बाबूलाल पुत्र वेलाराम गरासिया और उसका छोटा भाई मंसाराम गरासिया वर्ष अपने परिवार के साथ खेती-बाडी कर अपना जीवन निर्वहन कर रहे हैं। मंगलवार शाम 7 बजे करीब मंसाराम ने अपने बडे भाई बाबूराम को मंदिर में दर्शन करने के लिए बुलाया था। बड़ा भाई बाबूराम अपने भाई के कहने पर गांव के पास उज्जैनी वीर बावसी के मंदिर में अपने पुत्र सुरेश कुमार के साथ पहुंचा था। जहां पर छोटा भाई मंसाराम और उसके दोनों पुत्र सनाराम जो लालाराम सहित चार-पांच छोटे बच्चे और 6 से 7 लोग मौजूद थे बाबूलाल ने भगवान के दर्शन कर मंदिर में बैठा था।

इस दौरान मंसाराम ने सिर पर वार कर दिया और तीनों ने मिलकर पत्थरों से सिर कुचलना का प्रयास किया। उसे दौरान बाबूलाल का पुत्र सुरेश कुमार मौजूद लोगों से पिता को बचाने के लिए मदद मांगी। लेकिन वह सभी लोग घटना को देखकर वहां से चले गए। इसके बाद तीनों ने आरोपियों ने मिलकर सुरेश कुमार पर भी हमला कर दिया। लेकिन सुरेश कुमार जैसे-तैसे उनके उनके चंगुल से बचाव करते हुए घर की ओर भाग निकला। घर पर जाकर पूरी घटना बताई। हमलावर तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए थे। मृतक के परिजनों ने इस घटना की जानकारी पिंडवाडा पुलिस थाना को दी गई।

हत्या की घटना की जानकारी पुलिस थानाधिकारी सीताराम बैरवा को मिलते ही पिंडवाडा पुलिस उप अधीक्षक अधीक्षक जेठू सिंह करनोत सुरक्षा बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। जहां घटना की जांच पडताल कर मृतक के शव को पिंडवाडा राजकीय चिकित्सालय की मोर्चरी रूम में रखवाया और फरार हुए आरोपियों की टीम बनाकर तलाश शुरू की। वहीं बुधवार सुबह मृतक के पुत्र सुरेश कुमार की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर हत्या के साक्ष्य जुटाए।

## युवती ने आत्महत्या की

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के कारोई थाना इलाके में मध्यप्रदेश की एक युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। कारोई थाना पुलिस ने बताया कि मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले के कुवारवास निवासी संगीता (18) पुत्री रामसिंह लोदी हाल मां व भाई के साथ यहां सांकरिया स्थित मार्बल्स-मिनरल्स फैक्ट्री परिसर में रहकर वहीं मजदूरी करती थी। मंगलवार रात संगीता के परिजन मजदूरी कर रहे थे, जबकि वह कमरे पर थी। परिजन चाय पीने कमरे पर गये तो अंदर से दरवाजा बंद था। परिजनों ने संगीता को आवाज दी, लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। परिजनों ने अन्य मजदूरों की मदद से दरवाजा खोला तो संगीता अंदर चुन्नी के फंदे से झूलती मिली। परिजनों ने उसे फंदे से उतारा और एमजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहा चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बुधवार को मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंपकर आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू की है। पुलिस ने परिजनों के हवाले से बताया कि संगीता का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था।

# चोरों ने दो स्कूल व एक फार्म हाउस के ताले तोड़े

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के मांडल थाना क्षेत्र के अमरगढ़ नई व पुरानी में बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने दो स्कूल व एक फार्महाउस के ताले तोड़े,अब तक 12 दिनों में क्षेत्र में चोरी के ये तीसरी घटना है,पुलिस एक भी मामले का राजफाश नहीं कर पाई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात्रि को पुरानी अमरगढ़, नई अमरगढ़ सहित एक फार्म हॉउस पर चोरों ने ताले तोड़े जहां राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पुरानी अमरगढ़ में ऑफिस, किचन शेड के दरवाजे का कुंदा आरी से काट अंदर घुसे और एक पंखा, पानी की मोटर, दो गैस टंकी, एक कट्टा चावल, दो स्कूल बैग सहित छोटे-मोटे सामान ले गए व अलमारी को तोड़ उसमें पड़े सरकारी कागजात को बिखेर दिया। वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में दो कमरों के दरवाजे के कुंदे भी उसी तरह काट दिए परन्तु वहां कोई कीमती सामान नहीं होने से चोर कुछ भी नहीं ले गए।


चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।

एक फार्म हाउस में कमरे का ताला तोड़ा जिसमे 15 से बीस बोरी अनाज खुला पड़ा था जिसे नहीं ले जा सके। एक साथ तीन जगह ताले टूटने से ठामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक गुलाब सिंह चौहान ने थाने में चोरी की रिपोर्ट दी। सूचना पर एएसआई कमलेश कुमार दीवान कन्हैयालाल मौके पर पहुँचे तीनो जगहों का मौका देख चोरों को पकड़ने का आश्वासन दिया।

- **क्षेत्र के अमरगढ़ में हुई चोरी की वारदात**

थानाधीकारी ने बढ़ती चोरियों को लेकर अमरगढ़ में ग्रामीणों के साथ बैठक ली जिसमे रात्रि गस्त के लिए लोगो को तैयार होने के साथ ही सावधानी बरतने की सलाह दी व ग्रामीणों से कहा कि कही भी कोई संदिग्ध व्यक्ति नजर आए तो तुरुन्त सूचना दें ताकि उन लोगों के खीलाफ कार्यवाही की जा सके। परन्तु रात्रि में ही चोरों ने बेखोफ तीन जगहों पर ताले तोड़ दिए।

## संक्षिप्त

### कांग्रेस प्रभारी का स्वागत किया

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे की जोबनेर रोड स्थित बर्फ फैक्ट्री पर कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी पप्पू लाल प्रजापति का फुलेरा आगमन पर प्रजापति समाज के लोगों द्वारा माला साफा पहनाकर सम्मान किया गया। इस पर पप्पू लाल प्रजापति ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुझे तीन विधानसभाओं का प्रभारी बनाकर मैदान में उतारा है। इस मौके पर नन्दकिशोर खटोड़, चिरंजी लाल प्रजापति, कन्हैया,लाल प्रजापति, विजय प्रजापत, राम जी प्रजापति, कानाराम प्रजापति, दामोदर प्रजापति, रामधन प्रजापति, गोपाल लाल प्रजापत, मदन लाल प्रजापत सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### पर्यवेक्षक मीणा का स्वागत किया

**निवाई, (निसं)।** ग्राम पंचायत हिंगोनिया में स्थित रावत बाबा के आश्रम पर बुधवार को निवाई-पीपलू विधानसभा के प्रवेशक बृजलाल मीणा का जीएसएस अध्यक्ष एसआर फागणा के सानिध्य में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस अवसर पर मुकेश मीणा, सचिन हिंगोनिया, रामावतार लांगडी, श्योजीराम कुरावदा, गोपाल मीणा, मोजीराम फागणा, बुधराम अवाना, रामावतार मीना, कानाराम बैरवा, रामकेश फागणा सहित कई कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

### विद्युत कटौती के विरोध में प्रदर्शन

**सांभरझील, (निसं)।** क्षेत्र में अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने विधायक निर्मल कुमावत के नेतृत्व में निगम के एक्सईएन कार्यालय पर प्रदर्शन किया। अघोषित विद्युत कटौती को लेकर आक्रोश व्यक्त किया तथा सरकार की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में सुचारू विद्युत सप्लाई का पक्ष रखा। इस मौके पर ही युवा मोर्चा अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश माली, जितेंद्र डांगरा सहित लोगों की मौजूदगी रही।

### मोक्ष कल्याण दिवस मनाया

**दूदू, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर आदिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में मोक्ष सप्तमी के दिन जैन धर्म के 23 वें तीर्थकर पार्श्वनाथ भगवान का मोक्ष कल्याण दिवस पर पूजा अर्चना कर मनाया गया। इस अवसर पर मनोरमा देवी बोहरा, मीने जैन, शशिकाला, मंजु दोसी, प्रकाश बोहरा आदि मौजूद थे।

# चन्द्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर आतिशबाजी कर मिठाई बांटी

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थिति भाजपा नेता मुकेश गोयल के कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने चन्द्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर खुशी व्यक्त करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाई एवं पटाखे छुड़ाये।

उन्होंने देश के वैज्ञानिकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है। ये प्रधानमंत्री मोदी की विकासवादी सोच का ही परिणाम है कि आज देश हर दिशा में विकास कर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रक्षा , अर्थव्यवस्था, गरीब कल्याण, सामाजिक सुरक्षा आदि क्षेत्रो के साथ साथ ज्ञान और तकनीकी क्षेत्र में भी देश का नाम उँचा किया है आज हम विश्व के सर्वश्रेष्ठ देशों में शामिल हो गये। उन्होंने कहा कि आज चंद्रयान-3 के द्वारा भारत के वैज्ञानिकों ने भारत का परचम विश्व में लहराया है।



चन्द्रयान-3 की सफल लैंण्डिग पर कोटपूतली में भाजपाइयों ने खुशी मनाई।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री सुरेन्द्र चौधरी, जिलामंत्री सुभाष चन्द शर्मा, नगर परिषद नेता प्रतिपक्ष प्रमोद गुरूजी, भाजयुमो वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश चन्द टेलर, बूथ अभियान प्रभारी एडवोकेट बजरंग लाल शर्मा, एससी मोर्चा नगर अध्यक्ष विजय कुमार आर्य, विधानसभा विस्तारक मोहरसिंह, भाजयुमो नगर अध्यक्ष रमन सैनी, भाजयुमो नगर महामंत्री दयाराम कुमावत, सैनिक प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक अजीत सिंह चौहान, हवासिंह स्वामी, मुकेश लताला, कमलेश प्रजापत, विक्रम सैनी, नरेन हिन्दू, देवेन्द्र आर्य, जनित कुमार, कान्हाराम, प्रहलाद यादव, आशुतोष बंसल, सीताराम बंसल, नवीन शर्मा व कृष्ण कुमावत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मोबाइल योजना की विसंगिती दूर करने की मांग

**देवली**, (निसं)। पार्षद लोकेश लक्षकार ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर मोबाइल योजना में आ रही विसंगिती को दूर करने की मांग की है। पार्षद ने ज्ञापन में बताया कि इस योजना में एकल महिला, 9 वीं कॉलेज में अध्ययनरत छात्राएं व नरेगा में 100 दिन काम कर चुकी महिलाओं को मोबाईल प्राप्त करने के लिये पात्र माना गया है। एक जनाधार में एक से अधिक पात्रों का नाम होने पर मोबाइल वितरण केन्द्र से सैकडों ऐसे पात्रों को योजना से वचिंत कर दिया गया। केन्द्र पर वंचित पात्रों यह कहा जा रहा है कि एक जनाधार में केवल एक व्यक्ति को ही मोबाईल दिया जायेगा। ऐसे में सवाल उठता है कि जिस जनाधार में एकल महिला का नाम भी है ओर छात्रा का नाम भी है। अथवा किसी जनाधार में दो एकल महिलाओं का नाम दर्ज है। ऐसी दोनों ही स्थिति में वंचित महिला भी पात्रता बनती है। वहीं वंचित उक्त पात्राएं चिरंजीवी योजना से भी जुडे हैं। फिर भी उन्हें अपात्र बता कर योजना से वचिंत रखा जा रहा है। सभी पात्र लाभार्थीयो को योजना का लाभ मिले सके इसके लिये राज्य सरकार की उक्त योजना में जो भी विसगिंती है उसे दूर किया जाये।

## सार-समाचार

### जयपुर ग्रामीण कांग्रेस प्रभारी का स्वागत



**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** राजस्थान में विधानसभा चुनावों की सरगर्मियों के चलते बहरोड़ के एक निजी होटल में रुके जयपुर ग्रामीण कांग्रेस प्रभारी हरियाणा के कद्दावर कांग्रेस नेता राव दानसिंह का बहरोड़ में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं प्रधान प्रतिनिधि एडवोकेट बस्तीराम यादव के नेतृत्व में स्वागत सम्मान किया गया। जलपान के लिए रुके जयपुर ग्रामीण कांग्रेस प्रभारी राव दानसिंह ने पत्रकार वार्ता में बताया कि राजस्थान में सरकार पुनः सत्ता में आएगी और कांग्रेस को जनमत से विजय हासिल कर सरकार बनाते हुए मजबूत उम्मीदवार का चयन गहनता से सर्वे रिपोर्ट के चतुर्दिक आधार पर मजबूत उम्मीदवार को चुनावी मैदान में उतार कर मजबूती से सत्ता में आएगी। इस दौरान कृष्ण गोपाल कौशिक, रिवाली पूर्व सरपंच नरेश यादव, नवीन यादव आदि सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### 450 लीटर हथकढ़ शराब जप्त

**कोटपूतली, (निसं)।** जिले की पनियाला थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 450 लीटर अवैध हथकढ़ शराब जप्त कर एक आरोपी को नामजद करने में सफलता हांसिल की है। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. रंजिता शर्मा ने बताया कि जिले में पुलिस महानिरिक्षक जयपुर रेंज के द्वारा अवैध शराब बेचने व परिवहन करने वाले तथा अवैध हथियारों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। जिसके तहत एएसपी विद्या प्रकाश के सुपरविजन व डीएसपी मदनलाल के निर्देशन में थाना प्रभारी बाबुलाल के नेतृत्व में टीम गठित की गई। एसपी डॉ. शर्मा ने बताया कि हैड कानी. ईश्वर सिंह गस्त करते हुए निगरानी बदमाशान व लोकल स्पेशल एक्ट की कार्यवाही हेतू थाने से रवाना होकर गोनेड़ा, पनियाला मोड़ व एनएच 48 पर गस्त करता हुआ डीपीएस स्कूल के पास पहुंचा तो मुखबीर से सूचना मिली की खेड़की मुक्कड़ स्थित कंजर बस्ती में एक महिला अपने घर के सामने पानी की टंकी के पास अवैध हथकढ शराब बेच रही है। इतला मोमिल होने पर हमराही जाप्ता को अवगत करवाया जाकर रवाना होकर कंजर बस्ती पहुंचा तो मुखबीर के बताये हुलिए के अनुसार एक महिला वहां नजर आई जिसके हाथ में एक प्लास्टिक की पीपी थी जो पुलिस के देखकर उक्त प्लास्टिक की पीपी को छोड़ कर बाजरे के खेत में भाग गई। पुलिस ने आरोपी महिला सावत्री पत्नी नरेश कंजर के खिलाफ एक्साईज एक्ट की धारा 16/54 के तहत मामला दर्ज किया है।

### टिकट वितरण को लेकर समीक्षा की

**बौंली, (निसं)।** कांग्रेस पर्यवेक्षक व बामनवास विधानसभा प्रभारी सचिव माया सुवालका ने खेड़ापति बड़ेबालाजी प्रांगण बौंली उपखंड मुख्यालय पर पहुंचकर आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर दावेदारों का जनाधार जांचा एवं टिकट वितरण को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में बौंली व बामनवास ब्लॉक के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे। बौंली बामनवास विधानसभा की एसटी सीट पर कांग्रेस पर्यवेक्षक के सामने कुछ 10 आवेदन प्रस्तुत किए गए जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री नमो नारायण मीणा, पूर्व विधायक नवल किशोर मीणा व वर्तमान विधायक इंदिरा मीणा सहित अन्य लोग शामिल थे। बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री नमो नारायण मीणा के समर्थक गाजेबाजे के साथ नारेबाजी करते हुए आवेदन करने पहुंचे इस दौरान क्षेत्रीय विधायक इंदिरा मीणा सहित उनके समर्थकों ने भी नारेबाजी शुरू कर दी दोनों ओर से करीब 10 मिनट तक नारेबाजी होती रही यह सब देखकर पीसीसी सचिव माया सुवालका ने सभी को शांत किया। इस दौरान पूर्व ब्लाक अध्यक्ष हनुमान मीणा ने आरोप लगाया कि विधायक व उसके समर्थकों ने आवेदन करने में दखल दिया, एवं विधायक ने आरोप लगाया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री नमो नारायण मीणा ने पूर्व चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी का समर्थन किया था।

### महिला ने फांसी लगाई

**किशनगढ़ बास**, (निसं)। थाना क्षेत्र के गांव इस्माइलपुर में 24 वर्षीय दलित महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी की। पुलिस ने बताया कि बुधवार को सूचना मिली की गांव इस्माइलपुर में विवाहित महिला ने घर के अंदर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली है। विवाहित महिला के भाई ने ससुराल पक्ष वालों के खिलाफ दहेज के खातिर तंग व परेशान करने का मामला दर्ज कराया है। डीएसपी सुरेश कुमार ने बताया कि महिला बृजेश कुमारी के भाई चतर सिंह पुत्र समर सिंह निवासी छक्रोला पलवल हरियाणा ने पति सुनील कुमार सहित ससुराल पक्ष वालों के विरुद्ध शादी के बाद से दहेज के खातिर तग व परेशान करने का मामला दर्ज कराया है। महिला का विवाह इस्माइलपुर निवासी सुनील कुमार के साथ 21 फरवरी 2020 को हुआ था।डीएसपी ने बताया कि महिला के दो बालिकाएं है। बुधवार सुबह आंगनवाड़ी कार्यकर्ता महिला के घर बच्चों को टीका लगाने पहुंची तो देखा की महिला फंदे पर लटकी हुई है।

### जन्माष्टमी के पोस्टर का विमोचन

**श्रीमाधोपुर**, (निसं)। कस्बे के वार्ड नंबर 10 की राजीव कॉलोनी में स्थित श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में मंगलवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया। मंदिर व्यवस्था समिति के अध्यक्ष सागरमल पारीक ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन विशाल भजन संध्या ,लड्डू गोपाल की झांकी ,प्रसाद वितरण सहित अन्य कार्यक्रम होंगे। पारीक ने इस अवसर पर सभी भक्त जनों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रमों का आनंद लेने का आग्रह किया है। इस अवसर पर मदन लाल शर्मा , मालीराम शर्मा, एडवोकेट राजेंद्र शर्मा, किशोर शर्मा, शीशराम महला, किशोर कुमावत, सूर्यपाल सिंह , सुरज्ञान जांगिड़, कृष्ण शर्मा, गोवर्धन जांगिड़, महेंद्र स्वामी, मुकेश शर्मा, पवन शर्मा, हिमांशु शर्मा , प्रकाश पाराशर, भगवती शर्मा, हेमंत पारीक,आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### कृषि महाविद्यालय में पौधे लगाये

**निवाई, (निसं)।** कृषि महाविद्यालय झिलाय के तत्वावधान में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष कॉलेज द्वारा परिसर में वृक्षारोपण की प्रथम शुरूआत कर वृक्षारोपण के प्रतिजन जागरूकता अभियान द्वारा अधिष्ठाता डॉ. रामप्रसाद जाट ने पर्यावरण संरक्षण व मानव स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। अशोक, जामुन, आंवला, गुलाब इत्यादि के 100 से अधिक पौधे लगाये।

## फुलेरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे की न्यू कॉलोनी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में बुधवार को प्रातः 10 बजे फुलेरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक अध्यक्षा पुष्पा मेघवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में फुलेरा विधानसभा के प्रभारी पी एल प्रजापति तथा जयपुर जिला अध्यक्ष द्वारा फुलेरा विधानसभा प्रभारी ओकरमल लाम्बा रहे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्षा संगीता अग्रवाल, जवाना राम चौधरी सचिव पीसीसी ओबीसी विभाग रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ आगन्तुक अतिथियों को माला साफा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। तत्पश्चात बैठक के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा मण्डल अध्यक्ष एवं इकाई अध्यक्ष को आगामी चुनावों मे पार्टी के लिए कार्य करने के दिशा-निर्देश एवं पार्टी को मजबूत करने पर विचार विमर्श किया गया। वहीं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित आवेदन संग्रहण कार्यक्रम में फुलेरा में कुल 17 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें रामकरण कुमावत, सरोज लाखरोण, मदन लाल मेहता उर्फ मदन ऐचरा, पूर्व आईपीएस हरिप्रसाद शर्मा, पूर्व प्रधान कैलाश चन्द कुमावत, भंवर लाल सारण, बजरंग लाल ककरालिया, अजीत सिंह खंगारोत, विद्याधर सिंह चौधरी, धन्ना लाल चौधरी, कैलाश चन्द शर्मा, मंजू बैरवा, दीपांशु बैरवा, मोहम्मद जरूक, गोपाल लाल नोगिया रहे।

## चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के लिए हवन किया

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। कस्बे के महात्मा गांधीपीजी कॉलेज, श्रीमाधोपुर में आज चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के लिए हवन किया गया।

विज्ञान संकाय प्रभारी वीरेंद्र यादव ने बताया कि महाविद्यालय स्थित श्री हनुमानमंदिर में पंडित राकेश चुलेट के नेतृत्व में मिशनचंद्रयान 3 की सफलता के लिए श्रीहनुमान मंदिर में निदेशक मोहर सिंह खर्रा, सचिव गीता खर्रा के सानिध्य में हवन व प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। भगवान का पूजन करकेभोग लगाया गया। यज्ञाचार्य प.शंकरमिश्रा व प.अभिषेक के सानिध्य में श्री हनुमान मंदिर में हवन किया गया। प्राचार्य डॉ वीरेंद्र सैनी ने विद्यार्थियो का उत्साह वर्धन किया। वैज्ञानिकों के सहरानीय कार्य व चंद्रयान की सफलता के लिए प्रार्थना की।



महात्मा गांधी पीजी कॉलेज श्रीमाधोपुर में चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के लिए हवन किया गया।

वैज्ञानिकों के मिशन व सराहनीय कार्य के लिए अग्रिम बधाई दी गई। कैलाश कुमार के नेतृत्व में हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। विजेंद्र पूनिया के सानिध्य ने सामूहिक आरती की गई। पंडित मांगीलाल कुमावत व रामसिंह जाट के सानिध्य में प्रसाद वितरित किया गया। विधार्थियों ने चंद्रयान-3की सफलतम लैंडिंग के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लिए भारत माता के जयकारे लगाए। महाविद्यालय परिवार ने इसरो के वैज्ञानिकों के प्रयोग सफल होने की कामना की। वन्दे मातरम के नारों से महाविद्यालय परिसर गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रमोद कुमार ने किया। इस अवसर पर वाणिज्य संकाय प्रभारी निधि गोयल, एनएसएस प्रभारी सुशीला देवी, स्काउट रोवर्स प्रभारी मांगीलाल कुमावत, रोहित शर्मा, कमलेश कुमार, डॉ आशा देवी, नीलम शर्मा, दीपेंद्र, सीमा जांगिड़, डॉ बबिता, विष्णु मीणा, योगेंद्र, सुमित्रा, अंकित कुमार, आनंद बबेरवाल, श्रवणी देवी, ममता यादव सहित समस्त स्टॉफ मौजूद था।

## पायलट का आभार जताया

**टोंक,** (निसं)। टोंक विधानसभा क्षेत्र स्थित 33 राजकीय विद्यालयों में कक्षा-कक्ष निर्माण एवं अन्य कार्यों हेतु 2.86 करोड़ रूपये की स्वीकृति जारी करवाने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट का आभार जताया है। स्वीकृति जारी करवाने पर टोंक के पीसीसी सदस्य सउद सईदी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, टोंक प्रधान सुनीता गुर्जर, सभापति अली अहमद ,जिला उपाध्यक्ष दिनेश चौरसिया, सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज गुर्जर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इरशाद बेग, कैलाशी देवी मीणा सहित स्थानीय सरपंचगण, पार्षदगण, जिला परिषद् सदस्यों ने पायलट का आभार व्यक्त किया है।

# टिकट वितरण को लेकर कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की

- मंत्री परसादी के लिए सर्वसम्मति से जताई सहमति, तीन लोगों के आए आवेदन
- विधानसभा लालसोट में दो दिवसीय दौरे पर पहुंची पर्यवेक्षक विभा माथुर ने टिकट वितरण को लेकर लोगों से सुझाव भी आमंत्रित किए

**लालसोट,** (निसं)। विधानसभा चुनाव में टिकट वितरण को लेकर लालसोट विधानसभा क्षेत्र में लगाई पर्यवेक्षक पूर्व मुख्यमंत्री शिवचरण माथुर की दोहती विभा माथुर द्वारा कार्यकर्ताओं से टिकट वितरण को लेकर रायशुमारी की गई।

विधानसभा लालसोट में दो दिवसीय दौरे पर पहुंची पर्यवेक्षक विभा माथुर द्वारा विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ताओं से रूबरू होते हुए रायशुमारी की गई। पर्यवेक्षक माथुर द्वारा योग्य उम्मीदवारों को टिकट वितरण को लेकर लोगों से सुझाव भी आमंत्रित किए गए। इस दौरान वहां मौजूद कार्यकर्ताओं द्वारा एक स्वर में सर्वसम्मति से मौजूदा विधायक चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा को ही लालसोट विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ाने के लिए सहमति प्रदान कर उनको ही कांग्रेसी टिकट दिए जाने की बात कही। वही मौजूद कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों द्वारा पर्यवेक्षक के समक्ष मौजूदा विधायक परसादी लाल को ही टिकट दिए जाने की सर्वसम्मति जताने के बाद पहुंचे एक कांग्रेस कार्यकर्ता रोहित मीणा द्वारा भी चुनाव लड़ने की इच्छा जताते हुए उन को टिकट देने के लिए आवेदन पेश किया गया। पर्यवेक्षक माथुर ने बताया कि वह बुधवार तक लालसोट विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ने वाले इच्छुक कार्यकर्ता खुद का आवेदन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय लालसोट में खुद का आवेदन जमा करा सकते हैं। जहां बुधवार को तीसरा आवेदन समाचार ग्राम पंचायत के रहने वाले दिनेश हंसराज मीणा द्वारा दिया गया। इस दौरान पीसीसी सदस्य पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्र प्रधान नाथू लाल मीणा कमल मीणा चांदसेन कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष दीपक पुरोहित युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दीपक पटेल पूर्व पीसीसी सदस्य रामविलास खेमावास प्रधान पति डॉक्टर मोहनलाल मीणा पूर्व प्रधान सावित्री सैनी विक्की सोनी कुंजी लाल मीणा सरपंच हंसराज मीणा आदि कई कांग्रेस पदाधिकारियों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खातेदारी भूमि से रास्ता बंद करवाने की मांग

**टोंक,** (निसं)। बरौनी थाना क्षेत्र के ककराज कला निवासी किसान ने खातेदारी भूमि से अवैध रास्ता बनाकर बजरी खनन करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। ककराज निवासी जगदीश गुर्जर ने बताया कि मेरे अराजी खसरा नंबर 301 रकबा 253 वर्ग मीटर भूमि है।

जिसकी किस्म चाहि 2 जमाबंदी राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है। लेकिन कुछ स्थानीय ग्रामीण बिना लीज के अवैध बजरी खनन कार्य करते हैं। बजरी माफिया एक राय होकर अवैध रूप से मेरी खातेदारी भूमि से रास्ता निकाल कर ट्रैक्टर ट्रॉली, लोडर द्वारा बजरी भरकर मेरे खातेदारी भूमि से अवैध रास्ते से परिवहन कर रहे हैं। माफियाओं को मना करने पर गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी दी जा जाती है, किसान ने जिला पुलिस प्रशासन, खनिज विभाग से जान माल की सुरक्षा प्रदान करने की वह नियम अनुसार कार्यवाही करने की मांग की है।

## विधायक सोलंकी के समर्थक व विरोधी हुए आमने-सामने

- विरोधियों ने बाहरी भगाओ चाकसू बचाओ के नारे लगाये
- समर्थकों ने विधायक के समर्थन में जमकर नारे बाजी की

**चाकसू,** (निसं)। चाकसू में बुधवार को कांग्रेस उम्मीदवारों का बायोडाटा लेने पहुंचे विधानसभा प्रभारी पीसीसी सचिव शंकरलाल डगायच एवं जुगल किशोर चौधरी के सामने कांग्रेस के एक गुट के लोगों द्वारा विधायक वेदप्रकाश सोलंकी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर सोलंकी हटाओ चाकसू बचाओ के नारों से लिखी तख्तियां लहराई गई।

वहीं दूसरी तरफ विधायक के समर्थित कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक के समर्थन में नारे बाजी की गई। दोनों ही गुटों के बीच हुई नारेबाजी का सिलसिला इतना बढ़ गया की कार्यकर्ता आपस में उलझ गये और धक्का-मुक्की और हाथापाई की नौबत आ गई।

विरोध कर रहे कांग्रेस पूर्व ब्लाक अध्यक्ष गंगाराम मीणा का कहना है कि क्षेत्र में सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक सोलंकी को चुनाव जिताकर विधानसभा में भेजा था। लेकिन विधायक द्वारा पूरे पांच साल तक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की है, जिसके चलते कांग्रेस सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का आमजन को लाभ नहीं मिल सका। इस दौरान विरोध प्रदर्शन कर कांग्रेस के लोगों का कहना था कि इस बार स्थानीय को ही पार्टी का उम्मीदवार बनाये जाए अगर फिर से किसी बाहरी को पार्टी उम्मीदवार बनाती है तो जमानत जप्त होगी।

प्रभारी धारा बायोडाटा लेने के दौरान विधायक वेदप्रकाश सोलंकी, पूर्व विधायक अशोक तंवर, रामवतार मिरोठा, विनोद कुमार, मोहन बोहरा, सीताराम नैनिवाल, पप्पू सार्सी, नारायण सांवरिया सहित 30 से अधिक दावेदारों ने कांग्रेस के टिकट के लिए अपना बायोडेटा प्रभारी को सौंपे गए।

# मालपुरा से कांग्रेस टिकट के लिए 28 दावेदारों ने आवेदन सौंपे

- कांग्रेस के विधानसभा प्रभारी के सामने टिकट के दावेदार स्थानीय व बाहरी के समर्थकों में चले लात-घूसे
- विधानसभा स्तरीय कांग्रेस की बैठक में उठी स्थानीय की मांग का जिलाध्यक्ष ने किया समर्थन

**मालपुरा,** (निसं)। कांग्रेस आलाकमान के आदेशों व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशों पर बुधवार को मालपुरा पहुंचे विधानसभा प्रभारी व पीसीसी सचिव नरेश चौधरी के सामने कांग्रेस टिकट की दावेदारी जताने पहुंचे स्थानीय व बाहरी दावेदारों के समर्थकों में हुई कहासुनी देखते ही देखते लात घूसों में तब्दील हो गई।

डाक बंगले में हुये विवाद व चले लात-घूसों के साथ दोनों खेमों के समर्थकों द्वारा एक-दूजे पर बांहे खींचने के बाद विधानसभा प्रभारी व जिलाध्यक्ष ने मिटिंग हाल से सुरक्षित बाहर निकल बंद कमरे में एक-एक कर टिकट के दावेदारों से आवेदन लिये। विधानसभा प्रभारी नरेश चौधरी एवं जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा व यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर निमित नागदा, ब्लॉक अध्यक्ष गोगाराम जाट ने डाक बंगले में विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसजनों की बैठक ले प्रत्याशी के लिए रायशुमारी कर बंद कमरे में टिकट के दावेदारों से एक-एक कर आवेदन लिये। जिसमें 28 दावेदारों ने अपने आवेदन सौंपे।

डाक बंगले में 2 घंटे तक चली महत्वपूर्ण बैठक में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की परम्परागत मालपुरा सीट से 30 साल से लगातार मिल रही हार को इस बार जीत में बदलने के लिए बाहरी दावेदार अथवा किसी अन्य दल से समझौता कर प्रत्याशी चयन के बजाय स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता को ही पार्टी का प्रत्याशी बनाने की एक स्वर में मांग करते हुए कहा कि, इस बार स्थानीय को प्रत्याशी नहीं बनाया गया तो एक बार फिर कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ सकता है।

जिस पर विधानसभा प्रभारी व जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने स्थानीय के साथ-साथ जिताऊ व टिकाऊ प्रत्याशी की कांग्रेसजनों की मांग से प्रदेशाध्यक्ष को अवगत करवा उनकी भावनाओं के अनुरूप ही प्रत्याशी बनाने का विश्वास दिलाया।

मंच के माध्यम से जिलाध्यक्ष बैरवा ने मालपुरा सीट जीतने के लिए उठी स्थानीय की मांग का खुलकर समर्थन किया तो दावेदार व कार्यकर्ताओं ने मालपुरा सीट कांग्रेस के खाते में देने का विश्वास दिलाया। प्रभारी के समक्ष स्थानीय दावेदार समाजसेवी घासीलाल चौधरी कुहाडा, युवा नेता गोपाल गुर्जर, अवधेश शर्मा, भंवर मुवाल, आशा नामा, छोगालाल गुर्जर, प्रहलाद शर्मा, सौभाग्य सिंह सहित कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष रामबिलास चौधरी, यशवीर शूरा, फुलचन्द लांगडी, कृष्णा शर्मा, रानी चौधरी, रणजीत सिंह पंवार, गोपाल चौधरी, हंसराज गाथा सहित कुल 28 दावेदारों ने आवेदन सौंप दावेदारी जताई। कांग्रेस दावेदारों की सूची टोंक जिले की सबसे लम्बी सूची के रूप में सामने आई है।


शान निराली आके देखो कितना ये ज़ीशान है, चाँदी की जाली में सोया मेवाड़ी सुल्तान है ।



कुतबे ज़माना हज़रत विलायत अली शाह साहब उर्फ

दीवाना शाह साहब र. अ. का 82वां उर्स शरीफ

तारीखें उर्स -: 6 सफर 1445 हिजरी, मुताबिक 24 अगस्त 2023 गुरूवार से शुरू होकर 8 सफर 1445 हिजरी, मुताबिक 26 अगस्त 2023 बरोज शनिवार सुबह कुल की फातेहा होगी। लिहाज़ा शिरकते उर्स फरमाकर फैज़याब हों और अपना दामने उम्मीद भरें ।

मिनजानिब :- वक्फ कमेटी, दरगाह शरीफ, दीवाना नगर कपासन, जिला- चित्तौड़गढ़ (राज.) Phone No. : 01476-294212, 230212



मुझे लगता है कि वह (रोहित) जिन क्षेत्रों को निशाना बनाते हैं, वह मुझसे थोड़े अलग हैं। उन्हें पावरप्ले में हवाई शॉट खेलना पसंद है। मैं ऐसा खिलाड़ी हूं जो फील्डरों के बीच जगह ढूंढकर चौके लगाना पसंद करता है, जबकि वह छक्के मारना पसंद करते हैं। **-शुभमन गिल**

**भारतीय बल्लेबाज, रोहित शर्मा के साथ अपनी साझेदारी के बारे में।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## सेरेना विलियम्स



23 बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन सेरेना विलियम्स ने टेनिस स्टार के रूप में अपना आखिरी मैच खेलने के ठीक एक साल बाद बेटी को जन्म दिया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी। 41 वर्ष की सेरेना और उनके पति एलेक्सिस ओहानियन की यह दूसरी संतान है। उनकी पहली बेटी ओलंपिया का जन्म 2017 में हुआ था। सेरेना का आखिरी टूर्नामेंट 2022 अमेरिकी ओपन था जिसमें वह तीसरे दौर तक पहुंची थी। उन्होंने अपनी छोटी बेटी का नाम आदिरा रिवर ओहानियन रखा है। दोनों ने अपने दूसरे बच्चे की खूबसूरत फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट के इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

# सात्विक-चिराग, त्रिसा-गायत्री की जोड़ियां विश्व चैम्पियनशिप के प्री-क्वार्टरफाइनल में

कोपेनगेहन, 23 अगस्त। भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने बुधवार को यहां केनेथ झे हुई चू और मिंग चुएन लिम की आस्ट्रेलियाई जोड़ी पर सीधे गेम में जीत दर्ज कर विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप के पुरुष युगल के प्री क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी।

भारतीय खिलाड़ी त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने मजबूत प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे की चांग चिंग हुई और यांग चिन टुन की जोड़ी पर सीधे गेम में जीत दर्ज कर महिला युगल वर्ग के तीसरे दौर में प्रवेश किया।

सात्विक और चिराग की दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी ने पिछले चरण में पहला कांस्य पदक जीता था। उन्होंने आस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंद्वियों को 30 मिनट में 21-16 21-9 से शिकस्त दी। राष्ट्रमंडल खेलों की मौजूदा चैम्पियन जोड़ी का सामना अब इंडोनेशिया के लियो रॉली कार्नांडो और डेनियल मार्तिन की 10वीं वरीय जोड़ी से होगा। इससे पहले गायत्री और त्रिसा की दुनिया की 19वें नंबर की जोड़ी को पहले दौर में बाई मिली थी। उन्होंने 37वीं रैंकिंग पर काबिज चांग और यांग की जोड़ी को 38 मिनट में 21-18 21-10 में हराया। यह भारतीय जोड़ी आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप के पिछले दो चरण के सेमीफाइनल में पहुंची थी और अब उनका सामना अगले दौर में चीन की चेन किंग चेन और जिया यि फान की शीर्ष वरीय जोड़ी से होगा।

त्रिसा और गायत्री पहले 2-5 से पिछड़ रही थी लेकिन जल्द ही उन्होंने रैली के जरिये अपने प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ गलतियां कम करते हुए 8-6 से बढ़त बना ली। चांग और यांग हालांकि 8-8 की बराबरी पर आ गयी लेकिन भारतीय जोड़ी ताइवान की जोड़ी के नेट पर शॉट लगाने से ब्रेक तक 11-9 से आगे हो गयी। ब्रेक के बाद त्रिसा और गायत्री 14-11 से बढ़त बनाये थीं। तभी त्रिसा ने कुछ गलतियां कर दी लेकिन भारतीय जोड़ी चांग और यांग की सर्विस गलती से चार गेम प्वाइंट हासिल करने में सफल रहीं। यांग के शॉट के नेट पर जाने से भारतीय जोड़ी ने गेम अपने नाम किया।

दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने यही लय बनाये रखी और एक समय 8-5 से आगे चल रही थीं। एक ताकतवर सर्व से भारतीयों ने ब्रेक तक तीन अंक की बढ़त बनाये रखी। गायत्री और त्रिसा जल्द ही 14-8 से आगे हो गयी। उन्हें ऊंचाई के कारण सर्विस की गलती के लिए बुलाया गया लेकिन इसका कोई असर नहीं पड़ा और उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी को गलतियों की वजह से 19-10 से बढ़त बना ली। यांग के फोरहैंड के नेट में जाने से भारतीय जोड़ी 10 मैच प्वाइंट से आगे थे और फिर प्रतिद्वंद्वी के वाइड जाने से मैच जीत लिया।

# कार्लसन-प्रज्ञानंद के बीच दूसरा मुकाबला भी ड्रॉ, टाईब्रेक से होगा फैसला

बाकू, 23 अगस्त। भारत के 18 वर्षीय ग्रैंडमास्टर रमेशबाबू प्रज्ञानंद और नॉर्वे के पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन के बीच खेला गया फिडे विश्व कप फाइनल का दूसरा राउंड बुधवार को ड्रॉ पर समाप्त हुआ। टॉप सीड कार्लसन ने सफेद मोहरों से खेलते हुए मुकाबले की जिस तरह शुरुआत की उससे स्पष्ट हो गया कि वह ड्रॉ का प्रयास कर रहे हैं। मोहरों के लगातार आदान-प्रदान के साथ दोनों खिलाड़ियों ने 30 चालों के बाद ड्रॉ पर सहमति जताई। इससे पूर्व, प्रज्ञानंद ने मंगलवार को सफेद मोहरों से ड्रॉ खेला था।

अब विश्व कप के विजेता का फैसला गुरुवार को टाईब्रेकर में होगा, जहां ये खिलाड़ी 25 मिनट के दो रैपिड गेम खेलेंगे। शुरुआती दो रैपिड मुकाबलों में भी विजेता का फैसला न होने पर 10-10 मिनट के गेम खेले जायेंगे। प्रज्ञानंद ने दूसरे राउंड के मुकाबले के बाद कहा, मैंने सोचा नहीं था कि वह (कार्लसन) आज इतनी जल्दी ड्रॉ के लिये खेलेंगे, लेकिन जब वह इस तरह खेलने लगे तो मुझे एहसास हुआ कि वह ड्रॉ करना चाहता है। मुझे भी इससे कोई दिक्कत नहीं थी। मैं भी थका हुआ महसूस कर रहा हूं। अब मैं कल अपना सब कुछ दे सकता हूं और उसके बाद आराम कर सकता हूं।''

उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं लगा कि उनमें बहुत अधिक ऊर्जा है। मुझे उम्मीद है कि वह कल तक ठीक हो जाएंगे। कल मैं तरोताज़ा दिमाग के साथ आना चाहता हूं। मैं आज आराम करने की कोशिश करूंगा। यह बहुत जरूरी है क्योंकि मैं यहां बहुत सारे टाईब्रेक खेल चुका हूं। मुझे पता है कि इसमें बहुत सारे गेम या छोटे टाईब्रेक भी लग सकते हैं, इसलिए मुझे हर चीज़ के लिये तैयार रहना होगा।'' उल्लेखनीय है कि निजात अबासोव के खिलाफ सेमीफाइनल के दौरान कार्लसन को खाद्य विषाक्तता हो गयी थी, जिसके कारण वह अस्वस्थ थे। उन्होंने दूसरे राउंड के बाद अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) और चिकित्सकों को उनके स्वास्थ्य में सुधार के लिये धन्यवाद दिया।

कार्लसन ने कहा, ''मैं आयोजकों, फिडे और डॉक्टरों और नर्सों का बहुत आभारी हूं, जिन्होंने मुझे अच्छा उपचार दिया। आज मैं थोड़ा बेहतर महसूस कर रहा हूं लेकिन मुझे अभी भी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि मेरे पास पूरी लड़ाई के लिये ऊर्जा थी, इसलिए मैंने सोचा, चलो एक दिन और आराम कर लें। उम्मीद है, कल मुझमें और ताकत होगी।''

गौरतलब है कि प्रज्ञानंद ने कैंडिडेट्स टूर्नामेंट 2024 में अपना स्थान पक्का कर लिया है। वह कार्लसन और बॉबी फिशर के बाद इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में पहुंचने वाले तीसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गये। वह विश्वनाथन आनंद के बाद कैंडिडेट्स में खेलने वाले दूसरे भारतीय होंगे। वह विश्व कप फाइनल खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी भी हैं।

## वनडे रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचे गिल

दुबई, 23 अगस्त। भारत के युवा प्रतिभावान बल्लेबाज शुभमन गिल बुधवार को बल्लेबाजों की वनडे रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गये, जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भी मैदान पर लौटने के बाद अपनी टी20 रैंकिंग में सुधार किया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा जारी नवीनतम वनडे रैंकिंग में, गिल 743 रेटिंग अंक के साथ इस प्रारूप में भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। गिल के बाद विराट कोहली (नौंवा स्थान) शीर्ष 10 रैंकिंग में भारत के एकमात्र बल्लेबाज हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आज़म 880 रेटिंग पॉइंट के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। दूसरी ओर, आयरलैंड टी20 सीरीज के लिये भारत के कप्तान चुने गये बुमराह सात स्थान ऊपर चढ़कर 84वें स्थान पर पहुंच गये। करीब एक साल बाद क्रिकेट में वापसी करने वाले बुमराह दो मैचों में तीन विकेट चटका चुके हैं। युवा लेग-स्पिनर रवि बिश्नोई भी दो मैचों में चार विकेट चटकाने के बाद टी20 गेंदबाजों की सूची में 17 स्थान की छलांग लगाकर 65वें स्थान पर पहुंच गये हैं। आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 में 58 रनों की पारी के बाद रुतुराज गायकवाड़ 143 स्थान ऊपर चढ़कर 87वें स्थान पर पहुंच गये, जबकि इस शृंखला से बाहर रहने के बावजूद सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजों की टी20 रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। टेस्ट रैंकिंग में रविचंद्रन अश्विन दुनिया के नंबर एक गेंदबाज जबकि रवींद्र जडेजा दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर बने हुए हैं।

# विश्व कप अभ्यास मैच में इंग्लैंड और नीदरलैंड से भिड़ेगा भारत

दुबई, 23 अगस्त। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को कहा कि एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने पहले मुकाबले से पूर्व भारत इंग्लैंड और नीदरलैंड के खिलाफ दो आधिकारिक अभ्यास मैच खेलेगा।

दो बार का चैंपियन भारत 30 सितंबर को गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में गत चैंपियन इंग्लैंड का सामना करेगा जिसके बाद टीम तीन अक्टूबर को तिरूवनंतपुरम में नीदरलैंड से भिड़ेगी। तीन आयोजन स्थल गुवाहाटी, तिरूवनंतपुरम और हैदराबाद न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच पांच अक्टूबर को होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के शुरुआती मुकाबले से पूर्व सभी 10 टीम के आधिकारिक अभ्यास मैचों की मेजबानी करेंगे। आईसीसी ने विज्ञप्ति में कहा, ''सभी 10 टीम पांच अक्टूबर को विश्व कप की शुरुआत से पहले के हफ्ते में 50 ओवर के दो आधिकारिक मुकाबले खेलेंगी जिनका आयोजन भारत के तीन अलग-अलग शहरों में किया जाएगा।''

विज्ञप्ति के अनुसार, ''ये मैच गुवाहाटी, हैदराबाद और तिरूवनंतपुरम में शुक्रवार, 29 सितंबर से मंगलवार तीन अक्टूबर तक खेले जाएंगे और टीमों को विश्व कप के दौरान की परिस्थितियों से सामंजस्य बैठाने का परफेक्ट मौका देंगे।'' सभी अभ्यास मैच दोपहर दो बजे शुरू होंगे और प्रत्येक टीम को अपने सभी 15 खिलाड़ियों को मैच में उतारने की इजाजत होगी। **अभ्यास मैचों का कार्यक्रम इस प्रकार है :- 29 सितंबर:** बांग्लादेश बनाम श्रीलंका (गुवाहाटी), दक्षिण अफ्रीका बनाम अफगानिस्तान, (तिरूवनंतपुरम) और न्यूजीलैंड बनाम पाकिस्तान (हैदराबाद)। **30 सितंबर:** भारत बनाम इंग्लैंड (गुवाहाटी), ऑस्ट्रेलिया बनाम नीदरलैंड (तिरूवनंतपुरम)। **2 अक्टूबर:** इंग्लैंड बनाम बांग्लादेश (गुवाहाटी), न्यूजीलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका (तिरूवनंतपुरम)। **3 अक्टूबर:** भारत बनाम नीदरलैंड (तिरूवनंतपुरम), अफगानिस्तान बनाम श्रीलंका (गुवाहाटी), पाकिस्तान बनाम ऑस्ट्रेलिया (हैदराबाद)।

## भारत-आयरलैंड के बीच तीसरा टी-20 मैच रद्द

**बारिश बनी विलेन, 2-0 से जीती सीरीज**

डबलिन, 23 अगस्त। भारत और आयरलैंड के बीच तीसरा टी20 मैच लगातार बारिश के कारण रद्द कर दिया गया है। इसके साथ ही भारत ने तीन मैचों की टी20 सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली है। तीसरे मैच के लिए शाम सात बजे टॉस होना था लेकिन बूंदा बांदी होने के कारण निर्धारित समय पर टॉस नहीं हो सका और फिर लगातार बारिश की वजह से अंपायर्स ने मैच को रद्द करने का फैसला किया। खेल की शुरुआत से पहले जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाली युवा टीम को चंद्रयान तीन की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग का जश्न मनाते देखा गया।

# भारतीय क्रिकेटरों ने इसरो को चंद्रयान-3 पर दी बधाई

नयी दिल्ली, 23 अगस्त। भारत के शीर्ष क्रिकेटरों ने बुधवार को चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और देशवासियों को बधाई दी। विराट कोहली ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, ''चंद्रयान-3 की टीम को खूब बधाई। आपने देश को गौरवान्वित किया है।'' युवा बल्लेबाज शुभमन गिल ने लिखा, ''इसरो के प्रतिभाशाली दिमागों को उनकी असाधारण उपलब्धि के लिये बधाई! चंद्रयान-3 की टीम को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिये बधाई!

भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा, ''चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव तक पहुंचने वाला पहला देश, सुनने में बहुत अच्छा लगता है। हममें से प्रत्येक के लिये गर्व का क्षण और इसरो को उनके सभी प्रयासों के लिये बधाई।'' सीमित ओवर क्रिकेट में भारत के उपकप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा, ''हमारे देश के इतिहास में एक ऐतिहासिक दिन! चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग में शामिल सभी लोगों को बधाई।''

केएल राहुल ने लिखा, ''इसरो की असाधारण टीम को सलाम। आपकी दृढ़ता और प्रतिभा हमारे देश को गौरवान्वित करती है। जय हिन्द।'' चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल विक्रम के चांद पर सफलतापूर्वक पहुंचने के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक्स पर एक वीडियो जारी किया, जिसमें आयरलैंड दौरे पर गये सभी खिलाड़ियों को इस ऐतिहासिक लम्हे को अनुभव करते हुए देखा जा सकता है।

इस बीच, बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने कहा, ''एक ऐतिहासिक क्षण जो आने वाली पीढ़ियों तक याद रहेगा! चंद्रयान-3 की विजयी लैंडिंग पर इसरो को हार्दिक बधाई। एक उल्लेखनीय उपलब्धि जो उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता और असाधारण उपलब्धि के माध्यम से हम सभी को प्रेरणा से भर देती है।''

## भारत को विश्व निशानेबाजी चैम्पियनशिप में एक स्वर्ण और एक कांस्य

बाकू, 23 अगस्त। अमनप्रीत सिंह ने बुधवार को यहां पुरुषों की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल में पहला स्थान हासिल करके आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप में भारत को पांचवां स्वर्ण पदक दिलाया जबकि महिलाओं ने स्टैंडर्ड पिस्टल की टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। भारत ने अभी तक इस प्रतियोगिता में पांच स्वर्ण और चार कांस्य पदक जीते हैं और वह पदक तालिका में चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। चीन ने 13 स्वर्ण पदक सहित 24 पदक जीते हैं। अमनप्रीत ने पुरुषों की स्टैंडर्ड पिस्टल में 577 अंक बनाए और वह कोरिया के रजत पदक विजेता ली गुनह्योक से तीन अंक आगे रहे। फ्रांस के केविन चैपोन ने कांस्य पदक हासिल किया। हर्ष गुप्ता (573 अंक के साथ चौथे), अक्षय जैन (545) तथा अमनप्रीत की भारतीय टीम मामूली अंतर से पदक से चूक गई। वह 1695 अंकों के साथ चीन, जर्मनी और कोरिया के बाद चौथे स्थान पर रही। महिलाओं की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल में तियाना (538 के साथ 11वें), याशिता शौकीन (536 के साथ 12वें) और कृतिका शर्मा (527 के साथ 14वें) व्यक्तिगत पदक नहीं जीत पाई लेकिन उन्होंने कुल 1601 अंकों के साथ टीम स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया।

# हॉकी 5 एस विश्व कप क्वालीफायर के लिये रवाना हुई महिला टीम

बेंगलुरु, 23 अगस्त। भारतीय महिला हॉकी टीम महिला एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर में हिस्सा लेने के लिये बुधवार को ओमान के सलालाह रवाना हुई। यह टूर्नामेंट 25 से 28 अगस्त के बीच होगा जिसके लिये भारतीय टीम को जापान, मलेशिया और थाईलैंड के साथ एलीट पूल में रखा गया है। हॉन्ग कॉन्ग, चीनी ताइपे, बंगलादेश, ईरान और ओमान चैलेंजर्स पूल का हिस्सा हैं।

सलालाह जाने वाली भारतीय टीम की कप्तानी नवजोत कौर करेंगी जबकि ज्योति उपकप्तान होंगी। टीम में गोलकीपर बंसारी सोलंकी शामिल हैं। डिफेंस क्षेत्र में अक्षता अबासो ढेकाले, महिमा चौधरी और सोनिया देवी क्षेत्रिमायुम होंगी। कप्तान कौर और अजमीना कुजूर मिडफील्ड संभालेंगी, जबकि मारियाना कुजूर, ज्योति और दीपी मोनिका टोप्पो फॉरवर्ड के रूप में खेलेंगी।

भारत अपने पूल में शीर्ष दो स्थानों पर रहने और सेमीफाइनल में क्वालीफाई करने के लिये अपने एलीट समकक्षों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेगा। भारत का पहला मुकाबला 25 अगस्त को मलेशिया से होगा, जबकि 26 अगस्त को भारतीय महिलाएं जापान का सामना करेंगी। भारत का आखिरी पूल चरण मुकाबला 27 अगस्त को थाईलैंड से होगा।

भारतीय महिला हॉकी टीम की कोच सौंदर्या येंदाला ने टूर्नामेंट से पहले अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, हम टूर्नामेंट में उतरने के लिये बेताब हैं। महिला एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर की तैयारी के लिये बहुत प्रयास किये गये हैं। हमारा लक्ष्य पूरे टूर्नामेंट में अच्छा खेलना है और उम्मीद है कि टूर्नामेंट में जीत के साथ हमारी कड़ी मेहनत का लाभ मिलेगा।

इस बीच, कप्तान कौर भी महिला एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर में भारत के जीतने की संभावना को लेकर आशान्वित थीं। कौर ने कहा, हमें अपने पूल में कुछ मजबूत टीमों का सामना करना है, लेकिन इस टूर्नामेंट के लिये तैयार होने के लिये हमने जितना काम किया है उससे मुझे विश्वास है कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और हाथ में पदक लेकर घर लौटेंगे।

## मेरी कड़ी मेहनत अब रंग ला रही है : मिन्नू

नयी दिल्ली, 23 अगस्त। भारतीय क्रिकेट टीम में जगह बनाने वाली केरल की पहली महिला क्रिकेटर मिन्नू मणि ने कहा कि उन्होंने यह मुकाम हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की और इस दौरान उन्हें कई तरह की विषम परिस्थितियों से जूझना पड़ा। स्थानीय नगर पालिका ने पिछले महीने मैसूरु रोड जंक्शन का नाम 'मिन्नू मणि जंक्शन' रखा था। यह मननथावडी में वही स्थान है जहां से वह रोजाना 42 किलोमीटर की दूरी तय करके केसीए स्टेडियम में अभ्यास के लिए जाती थी। दिल्ली कैपिटल्स की क्रिकेटर ने यहां अपने शिविर से इतर कहा,''मैंने नौवीं कक्षा से स्नातक बनने तक केरल क्रिकेट संघ की क्रिकेट अकादमी में अभ्यास किया और पढ़ाई पूरी की।'' इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा,'' लेकिन स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद मुझे अपने घर से अभ्यास मैदान तक जाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी।'' एक दिहाड़ी मजदूर की बेटी मिन्नू को प्रत्येक दिन तीन घंटे यात्रा करनी पड़ती थी।

## भारतीय महिला हॉकी टीम ने इंग्लैंड को 6-2 से हराया

डसेलडोर्फ (जर्मनी), 23 अगस्त। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बुधवार को यहां इंग्लैंड को 6-2 से हराकर चार देशों के टूर्नामेंट-डसेलडोर्फ 2023 में तीसरा स्थान हासिल किया। भारत की ओर से नीलम (25वें मिनट), अनु (26वें और 43वें मिनट), सुनेलिता टोप्पो (35वें मिनट), हिना बानो (38वें मिनट) और मुमताज (40वें मिनट) ने गोल दागे। इंग्लैंड की तरफ से क्लॉडिया स्वेन (16वें मिनट ) और चार्लोट बिनगैम (54वें मिनट) ने गोल किए। पहले क्वार्टर में दोनों टीम ने तेज शुरुआत की लेकिन दोनों ही टीम पहले क्वार्टर में गोल करने में नाकाम रहीं। दोनों टीम का डिफेंस भी पहले क्वार्टर में काफी मजबूत रहा। भारत ने दूसरे क्वार्टर में भी अच्छी शुरुआत की लेकिन मैच का पहला गोल इंग्लैंड की ओर से स्वेन ने दागा। भारत ने इसके बाद हमले तेज किए। टीम को पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे नीलम ने गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया। मंगलवार को स्पेन के खिलाफ गोल करने वाली अनु ने शानदार मैदानी गोल दागकर भारत को बढ़त दिलाई। मध्यांतर तक भारत 2-1 से आगे था। बढ़त बनाने के बाद आत्मविश्वास से भरे भारत ने तीसरे क्वार्टर में लगातार हमले किए। सुनेलिता ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर स्कोर 3-1 किया। हिना ने स्कोर 4-1 जबकि मुमताज और अनु ने भी भारत की बढ़त को 6-1 तक पहुंचाया। इंग्लैंड ने बिनगैम के गोल से हार के अंतर को कम किया।

## अब चुनाव आयोग के लिये बल्लेबाजी करेंगे सचिन

नयी दिल्ली, 23 अगस्त। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने मतदाताओं को जागरूक और शिक्षित बनाने के लिये बुधवार को चुनाव आयोग के नेशनल आइकन (राष्ट्र की पहचान) के रूप में एक नयी पारी की शुरुआत की।

चुनाव आयोग ने दिग्गज क्रिकेटर और भारत रत्न तेंदुलकर के साथ तीन साल के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त अनुप चंद्र एवं अरुण गोयल उपस्थित रहे।

तेंदुलकर ने यहां आयोजित कार्यक्रम में कहा कि भारत जैसे जीवंत लोकतंत्र में युवा आबादी राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि जो दिल खेलों में इंडिया-इंडिया के शोर के साथ भारतीय टीम के लिये धड़कते हैं, वे हमारे बहुमूल्य लोकतंत्र को आगे ले जाने के लिये भी इसी तरह धड़केंगे।

उन्होंने कहा कि स्टेडियमों में भीड़ उमड़ने से लेकर मतदान केंद्रों पर भीड़ उमड़ने तक, राष्ट्रीय टीम के साथ खड़े होने से लेकर वोट डालने के लिये समय निकालने तक, हम जोश और उत्साह बनाये रखेंगे। जब देश के कोने-कोने से युवा चुनावी लोकतंत्र में बड़ी संख्या में भाग लेंगे तो हम अपने देश का एक समृद्ध भविष्य देखेंगे।

यह सहयोग विशेष रूप से 2024 में होने वाले आगामी आम चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिये युवा आबादी के साथ तेंदुलकर के अद्वितीय प्रभाव का लाभ उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस साझेदारी के ज़रिये चुनाव आयोग का लक्ष्य नागरिकों और विशेषकर युवा एवं शहरी आबादी को चुनावी प्रक्रिया के करीब लाना है।

# मास्टरकार्ड और आईसीसी की वैश्विक साझेदारी

नयी दिल्ली 23 अगस्त। मास्टरकार्ड ने इस वर्ष भारत में हो रहे आईसीसी पुरूष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए वैश्विक साझेदारी करने की आज घोषणा की। इस वर्ष 05 अक्टूबर से 19 नवंबर के बीच भारत में यह विश्व कप का आयोजन होगा। इसके लिए मास्टरकार्ड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के साथ यह साझेदारी की है। मास्टरकार्ड ग्राहकों और कार्डधारकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए खेल प्रायोजन/स्पोर्ट्स स्पॉन्सरशिप की अपनी विरासत को जारी रखने के उद्देश्य से करार किया है। भारत, दक्षिण एशिया और दुनिया के कई देशों में क्रिकेट लोकप्रिय खेलों में से एक है और विश्व कप शृंखला प्रशंसकों को रोमांच के केंद्र में रखता है और उन्हें खेल का अभूतपूर्व अनुभव लेने का अवसर प्रदान करता है।

इस साझेदारी के तहत 24 घंटे की विशेष प्री-सेल विंडो के अलावा मास्टरकार्ड कार्डधारक और ग्राहक कई लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इन अवसरों में शामिल है-क्रिकेट के दिग्गज खिलाडियों से मिलने का मौका, पुरुष क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी को करीब से देखने का अवसर और मैच के दिनों में विशेष प्रवेश शामिल है। कार्डधारकों के 12-18 वर्ष की आयु के बच्चों को भी ध्वजवाहक कार्यक्रम का हिस्सा बनने का मौका मिलेगा और मास्टरकार्ड कार्डधारकों के लिए आधिकारिक आईसीसी मर्केंडाइज की ख़रीदी पर कई प्रकार के ऑफर दिए जाएंगे।

इस मौके पर आईसीसी के मुख्य कार्यकारी जोफ एलार्डिस ने कहा मास्टरकार्ड की पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के आयोजन के लिए एक वैश्विक पार्टनर के रूप में घोषणा करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। मास्टरकार्ड अपने साथ खेल साझेदारी में समृद्ध अनुभव लेकर आते हैं और आईसीसी को विश्वास है कि यह साझेदारी दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमियों के लिए कई शानदार फायदे लेकर आएगी।

मास्टरकार्ड के मुख्य विपणन और संचार अधिकारी आर राजामन्नार ने कहा क्रिकेट दुनिया भर में, विशेषकर भारत और दक्षिण एशिया में लाखों लोगों का जुनून है। हम आईसीसी पुरुष विश्व कप 2023 के लिए साझेदारी करके उत्साहित हैं, क्योंकि इसके द्वारा हम प्रशंसकों को खेल के प्रति उनके जुनून के और करीब ला सकेंगे। हम इस बात को सुनिश्चित करने के लिए समर्पित हैं कि इस पूरे टूर्नामेंट के दौरान कार्डधारक और सभी क्रिकेट प्रशंसक अविस्मरणीय क्षणों के गवाह बनें।

## विश्व कप से पहले न्यूज़ीलैंड के कोचिंग स्टाफ में फोस्टर, फ्लेमिंग और बेल शामिल

आकलैंड, 23 अगस्त। न्यूजीलैंड ने भारत में होने वाले विश्व कप से पहले टीम के कोचिंग स्टाफ में पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग के साथ इंग्लैंड के इयान बेल और जेम्स फोस्टर को शामिल किया है। फ्लेमिंग और पूर्व विकेटकीपर फोस्टर के पास आईपीएल का अनुभव भी है। फ्लेमिंग एक दशक से अधिक समय से चेन्नई सुपर किंग्स के कोच हैं और महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली टीम को पांच आईपीएल खिताब दिला चुके हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के जरिये कीवी टीम से जुड़ेंगे। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, फ्लेमिंग का आना टीम के लिये और स्टाफ के लिये भी बहुत अच्छा है।'' उन्होंने कहा, उनके पास भारत में खेलने का अपार अनुभव है और आईपीएल की शुरूआत से चेन्नई टीम के साथ है। उनसे भारत में खेलने को लेकर काफी उपयोगी जानकारी मिलेगी।'' दूसरी ओर फोस्टर कोलकाता नाइट राइडर्स के मौजूदा सहायक कोच हैं। वह दुनिया भर में टी20 लीग में कोचिंग कर चुके हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के जरिये टीम से जुड़ेंगे। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज बेल इंग्लैंड के खिलाफ इस महीने के आखिर में होने वाली टी20 श्रृंखला के जरिये न्यूजीलैंड टीम से जुडेंगे।

## खेल मंत्रालय ने बजरंग, दीपक पूनिया के विदेशी प्रशिक्षण के प्रस्तावों को मंजूरी दी

नयी दिल्ली, 22 अगस्त। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने पहलवान बजरंग पूनिया और दीपक पूनिया के फिटनेस प्रमाणपत्र प्राप्त मुहैया कराने पर उनके विश्व चैंपियनशिप के ट्रायल में भाग नहीं लेने और एशियाई खेलों तक विदेश में प्रशिक्षण लेने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) चाहता था कि ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग विश्व चैम्पियनशिप के ट्रायल में शामिल हो और अगर वह पटियाला में इस सप्ताह होने वाले ट्रायल से छूट चाहते हैं तो फिटनेस प्रमाणपत्र प्रदान करें। बजरंग 25 और 26 अगस्त को विश्व चैंपियनशिप के ट्रायल में भाग नहीं लेने की योजना बना रहे हैं। वह 23 सितंबर से हांगझोउ में शुरू होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के लिए विदेश में अभ्यास करना चाहते हैं। बजरंग भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन करने वाले छह पहलवानों में शामिल थे।

# एल्ड्रिन लंबी कूद के फाइनल में, श्रीशंकर बाहर

बुडापेस्ट, 23 अगस्त। भारत के शीर्ष लंबी कूद एथलीट जेस्विन एल्ड्रिन ने बुधवार को पहली बार विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल के लिये क्वालीफाई कर लिया, हालांकि उनके हमवतन मुरली श्रीशंकर क्वालीफिकेशन राउंड में ही बाहर हो गये। लंबी कूद में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक एल्ड्रिन ने पहले प्रयास में 8.0 मीटर की छलांग लगायी।

फाइनल में पहुंचने के लिये 8.15 मीटर की क्वालीफिकेशन दूरी तय करना या दो समूहों के शीर्ष 12 एथलीटों में रहना ज़रूरी था। एल्ड्रिन ने ग्रुप-बी में छठे स्थान पर और कुल मिलाकर 12वें स्थान पर रहकर अंतिम क्वालीफायर के रूप में फाइनल में जगह बनाई। दूसरी ओर, श्रीशंकर का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। वह 7.74 मीटर, 7.66 मीटर और 6.70 मीटर के प्रयासों के साथ ग्रुप-ए में 12वें जबकि कुल 22वें स्थान पर रहे। श्रीशंकर का बाहर होना भारत के लिये बड़ा झटका है क्योंकि वह इस साल शानदार फॉर्म में रहे हैं। उन्होंने जून में भुवनेश्वर की तपती गर्मी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 8.41 मीटर की छलांग लगायी थी। इसके अलावा उन्होंने जुलाई में एशियाई चैंपियनशिप में 8.37 मीटर की लंबी कूद के साथ रजत पदक भी जीता था।

तीसरी बार विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा ले रहे श्रीशंकर 2022 में सातवें स्थान पर रहे थे, हालांकि बुधवार को फॉर्म ने उनका साथ नहीं दिया। दूसरी बार प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे एल्ड्रिन 2022 विश्व चैंपियनशिप में क्वालीफिकेशन राउंड में ही बाहर हो गये थे। मार्च में 8.42 मीटर की छलांग के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने के बाद एल्ड्रिन आठ मीटर की छलांग लगाने के लिये संघर्ष कर रहे थे। वह फिटनेस से जुड़ी समस्याओं के कारण जुलाई में एशियाई चैंपियनशिप में भी भाग नहीं ले सके थे।

## कोयंबटूर ओपन : मनीष ठाकराना 66 का कार्ड खेलकर संयुक्त बढ़त पर

कोयंबटूर, 23 अगस्त। मनीष ठकरान ने दूसरे दौर में छह अंडर 66 का शानदार कार्ड खेला, जिससे वह आर्यन रूपा आनंद और श्रीलंका के एन थंगराजा के साथ कोयंबटूर ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दौर के बाद संयुक्त बढ़त पर हैं।

# भारतीय शतरंज की यह स्वर्णिम पीढ़ी है : विश्वनाथन आनंद

चेन्नई, 23 अगस्त। भारत से इतने सारे शतरंज ग्रैंडमास्टर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपना नाम रोशन कर रहे हैं कि महान भारतीय खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद का मानना है कि मौजूदा पीढ़ी भारतीय शतरंज की स्वर्णिम पीढ़ी है।

उनकी टिप्पणी ऐसे समय में आयी है जब भारतीय खिलाड़ी अजरबेजान के बाकू में चल रहे शतरंज विश्व कप में सुर्खियां बटोर रहे हैं जिसमें युवा ग्रैंडमास्टर रमेशबाबू प्रगानानंद फाइनल में नार्वे के मौजूदा नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से भिड़ रहे हैं। आनंद ने एक साप्ताहिक 'न्यूज मैग्जीन' से बातचीत कि वह इस बात से ही हैरान थे कि ज्यादातर खिलाड़ियों की ईएलओ रेटिंग 2,700 से ज्यादा की है, विशेषकर 20 साल के कम उम्र के खिलाड़ियों की जिसे उन्होंने 'विशेष' करार दिया।

आनंद ने कहा कि हो सकता है कि यह जल्दबाजी हो लेकिन ये खिलाड़ी स्वर्णिम पीढ़ी के हैं। उन्होंने कहा, ''ये सभी खिलाड़ी 2,700 से ज्यादा की ईएलओ रेटिंग में शामिल हैं। और ये सभी अंडर-20 हैं। ऐसा आमतौर पर नहीं होता है, इसलिये यह वास्तव में विशेष है।''

उन्होंने कहा, ''मैं उन्हें इसलिये स्वर्णिम पीढ़ी कह रहा हूं क्योंकि वे अगले 10 साल शीर्ष पर ही खेलते रहेंगे। निश्चित रूप से उनके करियर का चढ़ाव अलग अलग रहेगा लेकिन वे अगले 10 साल इसी तरह से बितायेंगे। ''

वह इस बात से भी खुश थे कि इतने सारे भारतीय खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं जबकि उनके समय में ऐसा नहीं होता था। आनंद ने कहा, ''यह बहुत ही अलग तरह का अहसास है क्योंकि काफी लंबे समय तक टूर्नामेंट में एकमात्र मैं भारत की चुनौती पेश करता था।''

हालांकि हाल के समय में शतरंज के खेल में वह बदलाव महसूस करते हैं लेकिन वह अगली पीढ़ी को सलाह देने के इच्छुक हैं। उन्होंने कहा, ''मैं अपने अनुभव साझा करूंगा, विशेषकर मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक। लेकिन शतरंज में ही इतना बदलाव हो हो चुका है। जब मैं बड़ा हो रहा था तो हम लोगों को यह बताने की कोशिश करते थे कि आप बेहतर चाल कैसे चलोगे? लेकिन अब कम्प्यूटर आपको तुरंत ही सर्वश्रेष्ठ चाल बता देता है और वो भी इतनी जल्दी, इसलिये सोच लगभग समाप्त हो गयी है।



ग्रेट वाइट शार्क, खासकर नर, अकेले रहने के लिए जाने जाते हैं, पर दो अवयस्क नर ग्रेट वाइट शार्क को यू.एस. के ईस्ट कोस्ट के समीप 4000 मील की यात्रा एक साथ करते हुए ट्रैक किया गया है। विशेषज्ञों ने इन्हें साइमन व जैकल नाम दिया है। लगता है कि, कैनेडा की तरफ जा रहे ये दोनों शार्क साऊथ ईस्ट यू.एस. से ही एक दूसरे का पीछा कर रहे हैं। ग्रेट वाइट शार्क अक्सर लम्बी यात्राएं करते हैं, लेकिन अकेले। पर, इस बार दो नर एक साथ यात्रा कर रहे हैं और यह एक अनोखी बात है। एक नॉन प्रॉफिट संगठन, ओ.सी.ई.आर.सी.एच. के शार्क वैज्ञानिक रॉबर्ट हॉयटर ने कहा कि ''वाइट शार्क अकेले रहते हैं, हमें एक साथ दो शार्क घूमते हुए दिखने की उम्मीद नहीं थी।'' दिसम्बर में इन दोनों शार्क पर जॉर्जिया के तट पर वैज्ञानिकों ने ट्रैकिंग डिवाइस लगाए थे और इसके बाद से दोनों उत्तर की तरफ जाते समय हमेशा साथ ही साथ रहे। डेटा बताते हैं कि, साइमन एवं जैकल एक ही रास्ते पर एक दूसरे के साथ-साथ चले। यद्यपि कई बार ऐसा भी हुआ कि दोनों एक साथ एक जगह पर नहीं थे। उदाहरण के लिए मार्च के आरंभ में दोनों को नॉर्थ कैरोलाइना के विलमिंगटन तट पर देखा गया पर मई के आरंभ में साइमन लॉंग आइलैंड पहुंच गया। जबकि जैकल न्यूजर्सी के आसपास ही घूमता रहा। लेकिन जुलाई के आरंभ में दोनों फिर एक साथ नोवा स्कॉटिया में दिखे। जुलाई के मध्य में दोनों सैंट लॉरैंस खाड़ी में दिखे थे। उसके बाद से जैकल तो नहीं दिखा पर साइमन 11 अगस्त को कैनेडा के न्यू ब्रुन्स्विक में दिखा। वैज्ञानिकों ने दोनों शार्क के टिशु सैम्पल लिए हैं, यह देखने के लिए क्या ये सम्बंधी हैं। वैज्ञानिक अभी भी शार्क के सामाजिक व्यवहार को समझ नहीं पाए हैं।

# मिजोरम में निर्माणाधीन रेलवे ओवर-ब्रिज गिरा, 19 मजदूरों की मौत

## ओवर ब्रिज के एक पोल पर गर्डर रखते समय वह नीचे ढह गया तथा गर्डर के नीचे खड़े मजदूर दब गये

- **रेलवे ने इस मामले के उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिये हैं।**

आइजोल, 23 अगस्त (वार्ता)। मिजोरम की राजधानी आइजोल के पास सैरांग में बुधवार को एक निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज गिरने से कम से कम 17 श्रमिकों की मौत हो गई।

मुख्यमंत्री जोरमथांगा ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर यह जानकारी दी। श्री ज़ोरमथांगा ने एक्स पर कहा, आइजोल के पास सैरांग में निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज आज ढह गया जिसमें कम से कम 17 श्रमिकों की मौत हो गई। बचाव कार्य जारी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतक के निकट संबंधी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह इस त्रासदी से बहुत दुखी हैं। उन्होंने सभी शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट किया, मिजोरम की दुर्घटना से दुखी हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदना है। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। बचाव अभियान जारी है और प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है। प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि और घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी इस हादसे में मारे गए लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। सु बनर्जी ने ट्वीट करके कहा कि मृतकों में से कुछ उनके पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के थे।

उन्होंने कहा, मैंने अपने मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि वे राहत-बचाव के लिए मिजोरम प्रशासन के साथ समन्वय करें। मालदा जिला प्रशासन को पीड़ित परिवारों तक पहुंचने और हर संभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया गया है। संकटग्रस्त लोगों के प्रति एकजुटता, मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना। स्थिति पर नजर रखी जा रही है। बनर्जी ने पीड़ित परिवारों को उचित आर्थिक देने का वादा किया है।

रेल मंत्रालय ने इस मामले में उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिये हैं। इस दुर्घटना में कम से कम 19 श्रमिकों की मौत की खबर है।

रेलवे बोर्ड के सूत्रों ने नयी दिल्ली में बताया कि रेलवे पुल के निर्माण का ठेका जिस कंपनी को दिया गया था, उसकी कार्यप्रणाली की जांच के लिए एक तीन सदस्यीय समिति बनायी जा रही है जिसमें रेलवे के मुख्य अभियंता, आरडीएसओ के पुल निर्माण विशेषज्ञ और एक आईआईटी के विशेषज्ञ को शामिल किया जाएगा।

सूत्रों ने कहा कि आमतौर पर पुल पर गर्डर लांच करते समय नीचे इतने मजदूर होते नहीं हैं। जांच से पता चलेगा कि आखिर वहां इतने मजदूर गर्डर के नीचे क्या कर रहे थे। सूत्रों ने 19 श्रमिकों के मारे जाने की पुष्टि की।

यह दुर्घटना होने पर दिन में सबसे पहले मुख्यमंत्री श्री जोरमथांगा ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर यह जानकारी दी थी। श्री ज़ोरमथांगा ने कहा, आइजोल के पास सैरांग में निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज आज ढह गया जिसमें कम से कम 17 श्रमिकों की मौत हो गई। बचाव कार्य जारी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतक के निकट संबंधी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने शोक संदेश में कहा कि मिजोरम में पुल ढहने से लोगों की मौत अत्यंत दुखद है। मेरी संवेदनाएं पीड़ितों, घायलों और उनके परिवारों के साथ हैं। मैं उन लोगों की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करता हूं जिनके लिए बचाव अभियान चल रहा है।

मिजोरम के मुख्यमंत्री ने भी कहा कि वह इस त्रासदी से बहुत दुखी हैं। उन्होंने सभी शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

### बदमाशों ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सोशल मीडिया पर उसकी शिनाख्त के लिए फोटो जारी की है। घायल कांस्टेबल की हालात गंभीर है। उसे फिलहाल एस.एम.एस. के बांगड अस्पताल में आई.सी.यू. में भर्ती किया गया है। बांगड अस्पताल अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने बताया कि डॉक्टर्स ने कांस्टेबल की सर्जरी कर उसके सिर में फंसी गोली को निकाल दिया है। कांस्टेबल अभी आई.सी.यू. में वैंटीलेटर पर है।

उधर पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, अपराध दिनेश एमएन दोपहर को एस.एम.एस. अस्पताल पहुंचे। उन्होंने चिकित्सकों से मिलकर कांस्टेबल की स्थिति और उपचार के बारे में जानकारी ली। साथ ही कांस्टेबल के उपचार की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। डी.जी.पी. मिश्रा ने घायल कांस्टेबल के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढ़स बंधाया। साथ ही संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांस्टेबल के इलाज के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए डॉक्टर से निरंतर संपर्क बनाए रखें।

# शरद पवार अचानक महाराष्ट्र में धुआंधार अंदाज में एक्टिव हुये

## शरद पवार एक पूर्व निर्धारित तय रणनीति के तहत महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों मे ताबड़तोड़ रैलियां कर रहे हैं

- **गौरतलब है कि, एन.सी.पी जब दो धड़ों में विभाजित हो गई थी उसी वक्त शरद पवार ने कहा था कि, मैं फिर से लोगों के बीच जाऊंगा, जैसा कि, मैंने अपनी राजनीति के शुरुआति दिनों में किया था तथा पार्टी को फिर से खड़ा करुंगा।**

मुंबई, 23 अगस्त। नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) के संस्थापक शरद पवार मुंबई में विपक्षी इंडिया गठबंधन की बैठक से एक सप्ताह पहले शुक्रवार को कोल्हापुर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करने वाले हैं। एनसीपी के शरद पवार के नेतृत्व वाले गुट ने यह जानकारी दी है। एक सप्ताह पहले ही पवार ने बीड में भी रैली की थी। बीड राज्य के कृषि मंत्री और डिप्टी सीएम अजीत पवार के भरोसेमंद सहयोगी धनंजय मुंडे का गृहनगर है।

एक सप्ताह बाद शरद पवार अजित पवार के भरोसेमंद विधायकों के निर्वाचन क्षेत्रों में जाकर मराठी मानुष का मूड मापेंगे। इसी सिलसिले में सीनियर पवार राज्यव्यापी दौरे पर निकलने के लिए तैयार हैं। अजित पवार के आठ अन्य विधायकों के साथ जुलाई में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार में शामिल होने के बाद एनसीपी को विभाजन का सामना करना पड़ा था।

भतीजे अजित पवार के विद्रोह और भाजपा-शिवसेना से हाथ मिलाकर एकनाथ शिंदे सरकार में उप मुख्यमंत्री बनने के बाद से एनसीपी प्रमुख राज्य के विभिन्न हिस्सों में रैलियां कर रहे हैं। उन्होंने 17 अगस्त को बीड जिले में एक रैली को संबोधित किया, जो अजित पवार समूह के नेता और कैबिनेट मंत्री धनंजय मुंडे का गृह क्षेत्र है।

शरद पवार गुट वाले एनसीपी के मुख्य प्रवक्ता महेश तापसे ने कहा, शरद पवार शुक्रवार (25 अगस्त) को कोल्हापुर में अपनी अगली सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे। ''उन्होंने बताया कि कोल्हापुर की रैली के बाद शरद पवार शिंदे सरकार में सहकारिता मंत्री दिलीप वाल्से पाटिल के गृहनगर मंचर-अंबेगांव में भी रैली करेंगे, जिन्होंने हाल ही में अपने दम पर सरकार बनाने में सीनियर पवार की विफलता के बारे में बात की थी।अपने राज्यव्यापी दौरे के दौरान शरद पवार प्रफुल्ल पटेल के गृहनगर गोंदिया में भी एक रैली को संबोधित करेंगे। प्रफुल्ल पटेल ने भी अजीत पवार से हाथ मिला लिया है। वह जलगांव और पुणे जिलों में भी रैलियों को संबोधित करेंगे।

### हिमाचल में भारी बारिश, 11 लोगों की मौत

शिमला, 23 अगस्त। हिमाचल प्रदेश में रेड अलर्ट के बीच मंगलवार रात और बुधवार को हुई भारी बारिश ने फिर तबाही मचाई है। खराब मौसम के चलते प्रदेश में एक बच्चे समेत 11 लोगों की मौत हो गई है। छह लोग लापता भी हैं। शिमला के बल्देयां में दंपती की मौत हुई है। जुन्गा में पांच साल के बच्चे पर गेट गिरा है। मंडी में नाना-दोहती, ताई-भतीजी समेत आठ की जान चली गई। मंडी के कुकलाह में स्कूल भवन और खोलानाला में 50 बकरियां और दो दर्जन मवेशी बाढ़ में बह गए हैं।

प्रदेश में 17 मकान ढह गए, जबकि 105 क्षतिग्रस्त हो गए। राजधानी शिमला में मूसलाधार बारिश और गर्जना ने लोगों को डरा दिया है। शहर के अधिकांश लोगों ने मंगलवार की रात जागकर काटी। मंडी में होटल पर बिजली गिरने से लगी आग से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। जिला की ग्राम पंचायत कशोड में पांच मकान बह गए। प्रदेश में बुधवार शाम तक पांच नेशनल हाईवे समेत 709 सड़कें बंद रहीं।

# अमूल का नाम दुनिया के 30 सबसे प्रमुख ब्रांड्स की लिस्ट में शामिल हुआ

- **अमेरिका की एक प्रमुख कंसल्टैंसी एजेंसी ब्रांड फाइनेंस फूड एंड ड्रिंक ने अपनी रिपोर्ट में प्रसिद्ध अमेरिकी चॉकलेट ब्रांड, हर्षे के बाद अमूल को दुनिया भर में दूसरा सबसे मजबूत खाद्य ब्रांड भी बताया है।**

आणंद (गुजरात), 23 अगस्त (वार्ता)। अमूल को ब्रांड फाइनेंस फूड एंड ड्रिंक रिपोर्ट 2023 की ओर से दुनिया के सबसे मजबूत डेयरी ब्रांड के रूप में स्थान दिया गया है।

रिपोर्ट सबसे मजबूत और सबसे मूल्यवान भोजन, डेयरी और गैर-अल्कोहल पेय ब्रांडों का मूल्यांकन और रैंकिंग करती है।

अमूल ब्रांड के तहत दूध और दूध उत्पादों की मार्केटिंग करने वाली शीर्ष संस्था गुजरात कोआपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ) के प्रबंध निदेशक जयेन मेहता ने यूनीवार्ता को बुधवार को बताया कि दुनिया की अग्रणी ब्रांड वैल्यूएशन कंसल्टेंसी, यूके स्थित ब्रांड फाइनेंस की रिपोर्ट, गुणवत्ता, नवाचार और उपभोक्ता विश्वास के प्रति अमूल की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

अमूल को न केवल विश्व स्तर पर सबसे मजबूत डेयरी ब्रांड के रूप में स्थान दिया गया है, बल्कि प्रसिद्ध अमेरिकी चॉकलेट ब्रांड, हर्षे के बाद दुनिया भर में दूसरा सबसे मजबूत खाद्य ब्रांड भी पाया गया है।

### 'नॉर्थ ईस्ट ...

शा( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म किये जाने को चुनौती देने वाली दलीलों में पेश की गई एक हस्तक्षेप-अर्जी (इन्टरवेंशन एप्लीकेशन) के जवाब में मेहता ने कहा, ''हमें अस्थाई प्रावधान, जो अनुच्छेद 370 है तथा अन्य राज्यों से संबंधित विशेष प्रावधानों के बीच के अन्तर को समझना चाहिये। केन्द्र सरकार का (संविधान के) किसी भी हिस्से का स्पर्श करने का इरादा नहीं है।'' उन्होंने कहा कि ''संविधान में पूर्वोत्तर तथा कुछ अन्य क्षेत्रों को विशेष प्रावधान दिये गये हैं।''

वे एक इन्टरवीनर, अरूणाचल प्रदेश के एक पूर्व मंत्री की ओर से प्रस्तुत एडवोकेट मनीष तिवारी को जवाब दे रहे थे। तिवारी ने कहा था कि अनुच्छेद 370 पर संविधान पीठ द्वारा की गई व्याख्या से अन्य विशेष प्रावधान भी प्रभावित होंगे, जैसे अनुच्छेद 371 का छठा हिस्सा, जो संविधान के पार्ट-21 के तहत पूर्वोत्तर पर लागू होता है, एवं परिशिष्ट 6, जो असम, त्रिपुरा, मेघालय एवं मिज़ोरम पर लागू होता है।

# ई.डी. प्रमुख मिश्रा के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

- **सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का तोड़ निकालते हुए केन्द्र सरकार की कोशिश है कि, नया पद बनाकर उस पर संजय मिश्रा को नियुक्त कर दिया जाए, जिससे उनकी सेवाएं लगातार मिलती रहें। केन्द्र सरकार का यह फैसला एक बड़े राजनैतिक विवाद को जन्म दे रहा है।**
- **मिश्रा, जिन्हें प्रधानमंत्री मोदी का करीबी माना जाता है, का ई.डी. चीफ के रूप में कार्यकाल विवादों से भरा रहा है। उन्होंने 15 वरिष्ठ राजनेताओं को जेल भेजा है। अभी ई.डी. के पास 726 केस हैं, जिनमें 181 केस नेताओं से संबंधित हैं।**

15 सितम्बर तक नया ई.डी. प्रमुख नियुक्त करने का आदेश दिया। समाचारों के अनुसार केन्द्र सरकार 15 सितम्बर से पहले मुख्य अन्वेषण अधिकारी का नया पद सृजित करने में जी-जान से जुटी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करीबी माने जाने वाले मिश्रा का बतौर ई.डी. कार्यकाल घटनाओं से भरा लेकिन विवादास्पद रहा। उनके पांच साल के कार्यकाल में करीब 15 वरिष्ठ राजनेताओं को जेल भेजा गया। इनमें शामिल हैं पूर्व वित्त एवं गृह मंत्री पी. चिदंबरम, दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुल्ला, द्रमुक नेता और तमिलनाडू के मंत्री सैंथिल बालाजी और बंगाल के वरिष्ठ मंत्री पार्था चटर्जी। ई.डी. द्वारा अभी जिन 726 मामलों की जांच की जा रही है। उनमें से 181 राजनेताओं से संबंधित है।

ई.डी. द्वारा जिन राजनैतिक मामलों की जांच की जा रही है, उनमें से लगभग 95 प्रतिशत विपक्षी नेताओं से संबंधित है। मार्च में 14 विपक्षी दलों के नेताओं ने विपक्षी नेताओं के खिलाफ केन्द्रीय जांच एजेंसियों के ''मनमाने उपयोग'' के विरूद्ध सुप्रीम कोर्ट में एक संयुक्त याचिका दायर की थी। ये पार्टियां हैं कांग्रेस, द्रमुक, राजद, बी.आर.एस., तृणमूल कांग्रेस, आप, नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी, शिव सेना (उद्धव ठाकरे गुट) जे.एम.एम., जे.डी.यू. माकपा, भाकपा, सपा तथा जम्मू-कश्मीर नैशनल कॉन्फ्रैंस।

### 'चंद्रयान ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बताया जा रहा है कि चांदना बुधवार को एसएमएस स्टेडियम में ''खेलो इंडिया'' सेंटर का उद्घाटन करने पहुंचे थे।

### खड़गे ने...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मिशन को भारत की एक अभूतपूर्व सफलता का रूप देने में लगे हर व्यक्ति के उल्लेखनीय परिश्रम, अद्वितीय दक्षता तथा अटल समर्पण के हृदय से ऋणी हैं।''

कांग्रेस पार्टी का वैश्विक शान्ति एवं सौहार्द की तरफ बढ़ने में सदैव ही विश्वास रहा है तथा चन्द्रमा की सतह पर विक्रम लैंडर का उतरना विज्ञान का उपयोग शांतिपूर्ण एवं कल्याणकारी उद्देश्यों के लिये करने की हमारी वचनबद्धता की भव्य एवं पावन अभिपुष्टि है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा'', ये उपलब्धियाँ पंडित जवाहर लाल नेहरू के स्वप्न की साक्षी है, जिनका इस बात पर जोर तथा सहज विश्वास था कि विज्ञान के प्रति महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता हमारी जनता के दिलो-दिमाग को प्रज्ज्वलित करके हमारे नवस्वतंत्र राष्ट्र के विकास की भावना को आगे बढ़ा सकती है। उनके बाद आने वाले प्रधानमंत्रियों ने पं. नेहरू की इस सोच का अनुसरण किया।''

# हैण्डीकाफ्ट व्यवसायी से ठगी प्रकरण में ई.डी. ने भी मामला दर्ज किया

- **16.26 करोड़ रू. की साइबर ठगी के इस प्रकरण में अब तक 11.03 करोड़ रूपये बरामद हुए हैं और 14 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।**

जोधपुर, 23 अगस्त (कासं)। जोधपुर के हैण्डीक्राफ्ट व्यवसायी के साथ हुई 16.26 करोड़ ठगी के प्रकरण पर कमिश्नरेट के महामंदिर पुलिस थाना सहित प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) में भी प्रकरण दर्ज हुआ है। करोड़ों का लेन-देन विदेश में होने की जानकारी पर पुलिस की तरफ से ई.डी. को जानकारी दी गई। अब ई.डी. की तरफ से तीन करोड़ की बरामदगी के प्रयास चल रहे हैं।डीसीपी पूर्व डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि साइबर ठगी के इस प्रकरण में अब तक 11.03 करोड़ रूपये बरामद हुए हैं और 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिला पूर्व पुलिस की सूचना पर ई.डी. द्वारा दर्ज किए गए प्रकरण तथा कई स्थानों पर ई.डी. की कार्रवाई में करीब 3 करोड़ रूपये की राशि बरामदगी के लिए प्रकियाधीन करीब 100 से अधिक बैंक खातों को फ्रीज करवाया गया साथ ही पुलिस की टीमें 16 राज्यों में भेजी गई है।

जानकारी के अनुसार 28 नवंबर 2022 को पावटा ए रोड संदीपनी स्कूल के पास रहने वाले अरविन्द कालानी पुत्र राजेन्द्र माहेश्वरी ने महामंदिर थाने में मामला दर्ज करवाया था। इसमें बताया था कि 31 अक्टूबर 2022 को उसके मोबाइल पर एक मैसेज आया कि हमारी कम्पनी है। जिसमें मुझे चार तरह की मेंबरशिप ऑफर की। जिस पर मैने कुल 101 बार में निजी खाते से एवं एक अन्य खाता से तथा मेरे भाई अमित कालानी के खाते से हम कुल रकम 16.26 करोड़ पेमेंट कर दिया था। इस पर पुलिस ने संदिग्ध ट्रांजेक्शन करने वालों की पतारसी व दस्तयाबी के प्रयास शुरू किए गए। इस ठगी की वारदात में शामिल संदिग्ध खाताधारकों व फर्म के मालिक आरोपियों की तलाश के लिए 16 राज्यों में दबिशें दी गई। अब तक 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया। विभिन्न खातों में हुए संदिग्ध ट्रांजेक्सनों के आधार पर खातें फीज करवा कर उन खातों में से अब तक 11.03 करोड़ रूपये न्यायालय के आदेश पर परिवादी के खाते में रिफण्ड करवाए गए। करीब 3 करोड़ रूपये बरादमगी के प्रयास चल रहे हैं।

मामले में अनुसंधान के समय पाया गया कि इस ठगी के गिरोह द्वारा बड़े स्तर पर करोड़ों रूपए व्यापार की ओट में भारत से बाहर भेजे गए। डोमेस्टिक सेल के नाम पर फर्जी फर्मों के खातों में लेनदेन कर जी.एस.टी. चोरी करना पाया गया। जिस पर इस कार्यालय द्वारा प्रवर्तन निदेशालय, जयपुर को सूचित किया गया।

# 'चंदा मामा दूर के...जल्द होंगे ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पर पानी है तो वह दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में बर्फ के कणों के रूप में हो सकता है।

चांद पर पहुंचने में तकनीकी सफलता से देश पर एक नया भौगोलिक राजनैतिक रंग चढ़ गया है। भारत ने पहले अमेरिकन आर्टेमिस कार्यक्रम पर हस्ताक्षर किए थे जिसमें भविष्य में चांद पर खोज के लिए व्यवस्था बनेंगी।

यह इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि कई देश निकट भविष्य में चांद पर पहुंचना चाहते हैं। इनमें शामिल हैं इज़रायल, जापान तथा पहले से अंतरिक्ष शक्तियां बने चीन, अमेरिका और रूस। अब तक संयुक्त राष्ट्र ने निर्णय लिया है कि कोई देश चंद्रमा के किसी भाग पर स्वायत्तता नहीं स्थापित कर सकता।

चीन और रूस अभी तक चंद्रमा पर अनुसंधान और क्षेत्रीय अधिकार के मामले में किसी अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों में शामिल नहीं हुए हैं। चीन ने चांद पर कोई दावा न करने की अंतर्राष्ट्रीय स्थिति में शामिल होने से इंकार कर दिया है।

दूसरी ओर भारत अंतर्राष्ट्रीय स्थिति के साथ है और संयुक्त अन्वेषण और चांद के किसी हिस्से पर अधिकार न करने के प्रयासों में आर्टेमिस कार्यक्रम में शामिल हो गया है।

अब अंतरिक्ष भी धरती की प्रमुख शक्तियों के बीच प्रतिद्वंदिता का क्षेत्र बन रहा है। रूस ने अपनी गिरती स्थिति में चीन के साथ पूरा गठबंधन किया है क्योंकि वह तीन बार चांद पर यान उतार चुका है और वह भी उस क्षेत्र में जो पृथ्वी के प्रेक्षणों को नज़र नहीं आता।

अमेरिका वैसे तो आधी सदी पहले ही अपने अंतरिक्ष यात्री चांद पर भेज चुका है लेकिन इन दिनों वह ज्यादा सक्रिय नहीं है। इस सदी में अपना रोवर भेजने वाला एकमात्र दूसरा देश चीन है।

इस स्थिति में चांद के अनुसंधान के लिए अमेरिका के साथ भारत का समझौता एक बड़ी उपलब्धि है। भारत, अमेरिका के चंद्र अभियानों के लिए एक अमूल्य संसाधन होगा। इस संयुक्त प्रयास में कनाडा, दक्षिण कोरिया और जापान जैसे अन्य प्रजातंत्र भी शामिल हैं।

ऐसे में उभर रहे गठबंधनों में प्रजातंत्र एक तरफ हैं और तानाशाह दूसरी तरफ।

हिमालय की सीमा पर चीन के व्यवहार के कारण भारत, चीन के साथ संयुक्त प्रयास से दूर रहता है। ऐसे में उसे अंतरिक्ष संबंधी मामलों में अमेरिका और पश्चिम के साथ रहना होगा।

चांद पर पहुंचना एक अच्छे समय में हुआ है जब दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स का सम्मेलन हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसे केवल भारत की ही नहीं बल्कि पूरी मानवता की उपलब्धि बता रहे हैं। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि ''चंदा मामा दूर के .......... जल्द होंगे टूर के।'' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दक्षिण अफ्रीका से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि आज सफलता की अमृत वर्षा हुयी है। देश ने धरती पर सपना देखा और चांद पर साकार किया।

अब अपनी अंतरिक्ष क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद ब्रिक्स सम्मेलन में भारत की स्थिति बहुत बेहतर होगी। यह चीन की अंतरिक्ष शक्ति को भी चुनौती होगी और दक्षिणी देश भारत को ज्यादा गंभीरता से लेंगे।

इस उपलब्धि से भारत की कड़ी तकनीकी छवि को प्रोत्साहन मिलेगा और पृथ्वी के दक्षिणी भाग में उसका प्रभाव बढ़ेगा। ये उपलब्धियां एक राष्ट्र के जीवन से कम महत्वपूर्ण नहीं हैं।

अब भारत का कद विश्व में काफी बढ़ गया है। इस अभियान में एक भी कदम गलत हो जाता तो सब बदल जाता।

# राजस्थान हाई कोर्ट ने मेयर

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

करने के नाम पर उनकी उपस्थिति में दलाल से दो लाख रुपए की रिश्वत ली और उसके घर से चालीस लाख रुपए से अधिक की राशि बरामद हुई। जबकि पंचनामे में याचिकाकर्ता के बयान दर्ज हैं कि घटना के तीन दिन पहले उसके ससुर ने अपना प्लॉट बेचा था, जिसके रुपए घर में रखे थे।

इसके अलावा एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की रेड के समय उसके पति घर पर ही नहीं थे, बल्कि उन्हें उनके कार्यालय से पकड़ कर लाया गया था। वहीं एफआईआर में भी याचिकाकर्ता मुनेश गुर्जर का नाम भी नहीं था। इसके अलावा सह आरोपी बनाए गए नारायण सिंह के घर से बरामद दो लाख रुपए का संबंध याचिकाकर्ता से नहीं है। याचिका में कहा गया कि निर्वाचित जनप्रतिनिधि को निलंबित करने से पहले कम से कम प्रारंभिक जांच करनी चाहिए थी या उसका नाम एफआईआर में होना चाहिए था, परंतु वर्तमान मामले में एसीबी द्वारा यह दोनों प्रक्रियाओं की अनदेखी की गई है।

याचिकाकर्ता के वकील विज्ञान शाह ने अदालत को बताया कि एसीबी ने इस मामले में पांच अगस्त को तो आदेश जारी कर दिये थे जिसके तहत यह सूचना प्रसारित की गई थी कि याचिकाकर्ता के पति रंगे हाथों दो लाख रुपये की रिश्वत लेते पकड़े गये हैं, परंतु इस मामले में एफआईआर अगले दिन दर्ज की गई जिसमें ऐसा कोई तथ्य नहीं दर्शाया गया था जिससे स्पष्ट हो कि याचिकाकर्ता के पति के हाथ में दो लाख रुपये दिये गये थे या वे उस कमरे में भी मौजूद थे जहां तथाकथित रुप से पैसे का लेनदेन हुआ था। उन्होंने अदालत को यह भी बताया कि एफआईआर के अनुसार आरोपी दलाल नारायण सिंह ने याचिकाकर्ता के घर पर, उनके व उनके पति की अनुपस्थिति में, दो लाख रुपये लिये थे और फिर एक स्कूटर पर बैठकर पैसे लेकर निकल गये। उन्होंने अदालत को कहा कि पुलिस ने जब नारायण सिंह का पीछा किया तो वह स्कूटर गलियों के रास्ते में ओझल हो गया।

विज्ञान शाह ने अदालत को कहा कि ना तो पुलिस के पास ऐसा कोई तथ्य है जो यह बताता है कि याचिकाकर्ता के पति ने दो लाख रुपये लिये थे और एसीबी के पास घूस की रकम की भी बरामदगी नहीं हुई है, ''फिर भी एसीबी ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि याचिकाकर्ता के पति रंगे हाथों पैसा लेते हुए पकड़े गये हैं।''

इस मामले के तथ्यों के अनुसार एसीबी ने मामले में छह अगस्त को एफआईआर दर्ज की, लेकिन राज्य सरकार ने उसका इंतजार किए बिना देर रात ही याचिकाकर्ता को एसीबी के प्रेस नोट के आधार पर निलंबित कर दिया। वहीं इस प्रेस नोट और एफआईआर के तथ्य ही आपस में विरोधाभासी हैं। इस पर महाधिवक्ता का कहना था कि नगर पालिका अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार किसी मामले में सरकार संतुष्ट है और कार्रवाई शुरू कर दी जाती है तो निलंबन किया जा सकता है। उन्होंने अदालत को बताया कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार की भारी आशंका होने पर सरकारी कर्मचारियों को ही निलंबित कर सकती है।

हेरिटेज मेयर के मामले में भी उसे नोटिस भेजकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई थी और राज्य सरकार को निलंबन का अधिकार है। हालांकि महापौर सरकारी कर्मचारी नहीं बल्कि एक जनप्रतिनिधि हैं।

दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने निलंबन आदेश पर रोक लगा दी है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908